
▲ अधिकतम 26 डिग्री से.
डिग्री से. 13 न्यूनतम ▼
सूर्योदय 6.43 बजे
सूर्यास्त 5.30 बजे
सोना 24 कैरेट : 1,22,170.00
चांदी (प्रति किलो) : 1,65,000
सैंसेक्स : 83,216.28
अमेरिका : 88.70
कैनेडियन : 62.85
आस्ट्रेलिया : 57.52

दैनिक
# अर्थ प्रकाश
खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशित पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में प्रसारित

वर्ष 40 | चंडीगढ़, शनिवार, 08 नवंबर, 2025 | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष : तृतीया, विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक : 308 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ : 12




## न्यूज़ ब्रीफ

### स्कूल, अस्पताल और बस स्टैंड से आवारा कुत्ते हटाएं: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (अप्रस)।** सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों को स्कूल, कॉलेज, अस्पताल और बस स्टैंड से दूर रखने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि स्कूल-कॉलेज और अस्पतालों में बाड़ लगाई जाए, ताकि कुत्ते वहां न पहुंच सकें। कोर्ट ने कहा कि पकड़े गए आवारा कुत्तों को उसी जगह पर वापस नहीं छोड़ा जाएगा, जहां से उन्हें उठाया गया था। उन्हें शेल्टर होम में रखा जाएगा। कोर्ट ने सभी नेशनल और स्टेट हाईवे से आवारा पशु हटाने का आदेश भी दिया। सभी राज्यों के मुख्य सचिव इन आदेशों का सख्ती से पालन कराने को कहा है। इस मामले में 3 हफ्ते में स्टेटस रिपोर्ट और हलफनामा मांगी गई है। अगली सुनवाई 13 जनवरी को होगी। बता दें कि राजस्थान हाईकोर्ट ने 3 महीने पहले सरकारी एजेंसियों को सड़कों से आवारा जानवरों को हटाने का आदेश दिया था। कार्रवाई को प्रभावित करने वालों के खिलाफ एफआईआर के आदेश भी दिए थे। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि राजस्थान हाईकोर्ट का फैसला पूरे देश में लागू होगा।




राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के हुए 150 वर्ष पूरे

# 'वंदे मातरम' राष्ट्र की आत्मा, पहचान और गौरव का प्रतीक : सीएम सैनी

### अम्बाला में हुआ राज्य स्तरीय कार्यक्रम

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अंबाला।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 'वंदे मातरम' केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत की आत्मा, धड़कन और पहचान है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को मां अम्बा की पावन धरती अम्बाला में 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान नई दिल्ली में 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित मुख्य उद्घाटन समारोह का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में वंदे मातरम् की अमर भावना को नमन किया। उन्होंने राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में वर्ष भर चलने वाले समारोह का शुभारंभ किया तथा स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया।




इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश वासियों को 'वंदे मातरम' गीत के 150 वर्ष पूरे होने पर हार्दिक बधाई देते हुए उपस्थित जनसमूह को 'स्वदेशी संकल्प' भी दिलाया, साथ ही सूचना जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग द्वारा वंदे मातरम् की गौरव गाथा को प्रदर्शित करने वाली लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 'वंदे मातरम' केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत के स्वराज्य आंदोलन की चेतना का उदगार है। इस गीत ने गुलामी की बेड़ियों में जकड़े भारतवासियों में आत्मबल, अनुशासन और त्याग की भावना जगाई थी। उन्होंने कहा कि यह गीत वह दिव्य शक्ति है जिसने ब्रिटिश साम्राज्य को हिला दिया था और युवाओं के भीतर क्रांति की ज्योति प्रज्वलित की। अंग्रेज़ इस गीत से डरते थे क्योंकि इसमें हथियारों से करोड़ गुना अधिक शक्ति थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'वंदे मातरम' गीत हमारी नदियों की कल-कल, खेतों की हरियाली और धरती के गौरव की गूंज है। यह शिवरात्रि की तपस्या में, वैसाखी के उल्लास में, होली के रंगों में और दीपावली के दीपों में रचा-बसा है। यह गीत हमारी एकता का अमृत मंत्र है।

#### 150 वर्ष की राष्ट्रीय चेतना की यात्रा

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'वंदे मातरम' का रचना वर्ष 1875 में श्री बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने की थी। वर्ष 1896 में श्री रवीन्द्रनाथ टैगोर ने इसे कोलकाता में सार्वजनिक रूप से वाचन किया था। 1905 में बंगाल विभाजन आंदोलन के दौरान यह गीत राग देश मल्हार में स्वरबद्ध होकर आंदोलन का प्रेरणास्रोत बना। ब्रिटिश शासन के खिलाफ यह गीत राष्ट्रवाद और एकता का प्रतीक बन गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसकी शक्ति इतनी प्रबल थी कि ब्रिटिश सरकार ने इसके गायन पर प्रतिबंध लगा दिया। इस गीत ने भारत के हर वर्ग, हर धर्म और हर क्षेत्र के लोगों को एक सूत्र में बाँधकर आज़ादी के आंदोलन को गति दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इतिहास गवाह है, सन् 1857 में स्वतंत्रता संग्राम की पहली चिंगारी अम्बाला की पवित्र भूमि से ही उठी थी। यह वही धरती है जिसने वीरता को न केवल लिखा बल्कि जिया भी है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने इन वीर सपूतों की स्मृति में अम्बाला छावनी में शहीदी स्मारक का निर्माण किया है।

### अमृतसर में नियुक्ति वितरण समारोह में मुख्यमंत्री ने 2105 युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

# युवा मेरी ताकत हैं, विरोधियों की मुझे कोई परवाह नहीं : मान

- कहा- 58,962 सरकारी नौकरियाँ ईमानदारी से दीं, अब नौजवान अपनी नौकरी ईमानदारी से निभाएं
- पिछली सरकारों ने पंजाब को कर्ज़ में डुबोया, हमारी सरकार ने पावरकॉम का 2000 करोड़ रुपये का कर्ज़ चुकाया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अमृतसर, 7 नवंबर।** युवाओं को रोजगार देने के अभियान को जारी रखते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शुक्रवार को पंजाब राज्य विद्युत निगम में भर्ती हुए 2105 युवाओं को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र सौंपे, जिससे अब तक कुल 58,962 सरकारी नौकरियां युवाओं को दी जा चुकी हैं।



नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बेरोज़गारी कई सामाजिक समस्याओं की जड़ है, इसलिए राज्य सरकार का पूरा ध्यान इसे समाप्त करने पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि अपने पदभार ग्रहण करने के लगभग साढ़े तीन वर्षों के भीतर सरकार ने 58,962 सरकारी नौकरियां दी हैं, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। मुख्यमंत्री ने बताया कि आज पीएसपीसीएल और पीएसटीसीएल में 2023 लाइनमैन, 48 इंटरनल ऑडिटर्स और 35 रेवेन्यू अकाउंटेंट्स को नियुक्ति पत्र दिए गए। अप्रैल 2022 से अब तक इन दोनों निगमों में कुल 8984 नियुक्तियां की जा चुकी हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मुहिम आगे भी जारी रहेगी क्योंकि राज्य सरकार युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने पर सबसे अधिक ध्यान दे रही है। उन्होंने गर्व से कहा कि सभी पदों पर नियुक्तियाँ पूरी तरह मेरिट के आधार पर और बिना किसी सिफ़ारिश के की गई हैं।

भगवंत सिंह मान ने कहा कि पिछली सरकारों के समय युवाओं को केवल पैसे और सिफ़ारिश के आधार पर नौकरी मिलती थी, पर हमने इस प्रथा को पूरी तरह समाप्त कर दिया है। अब पंजाब में केवल मेरिट के आधार पर नौकरी दी जाती है, और इसीलिए अब तक एक भी नियुक्ति अदालत में चुनौती का सामना नहीं कर पाई है।

बाबा साहिब डॉ. भीमराव अंबेडकर का उदाहरण देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस महान नेता ने कठिनाइयों का सामना कर शिक्षा प्राप्त की और जीवन में ऊँचाइयों को छुआ। उन्होंने कहा कि हर युवा को डॉ. अंबेडकर के जीवन और दर्शन से प्रेरणा लेकर सफलता की ओर बढ़ना चाहिए।

#### अब नवनियुक्त युवा बने चुके हैं सरकार के अभिन्न अंग

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब नए नियुक्त हुए युवा सरकार का अभिन्न अंग बन चुके हैं और उन्हें मिशनरी जोश के साथ जनता की सेवा करनी चाहिए। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपनी कलम का उपयोग समाज के गरीब और वंचित वर्गों की सहायता के लिए करें।उन्होंने कहा कि जैसे रनवे विमान की उड़ान में मदद करता है, वैसे ही राज्य सरकार युवाओं के सपनों को उड़ान देने के लिए सहायक बनेगी। मुख्यमंत्री ने भावुक होकर कहा कि विहला मन, शैतान का घर होता है। इसलिए हम अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार देना चाहते हैं ताकि वे सामाजिक बुराइयों से दूर रहें। उन्होंने कहा कि जब हमारी सरकार आई थी, तब पावरकॉम भारी कर्ज़ में डूबी थी। हमने पावरकॉम का 2000 करोड़ रुपये का कर्ज़ चुकाया है।

### पीयू के छात्रों के सामने झुका केंद्र

# शिक्षा मंत्रालय ने पंजाब यूनिवर्सिटी सीनेट में बदलाव का आदेश लिया वापस

अर्थ प्रकाश/ साजन शर्मा

**चंडीगढ़।** छात्रों और शिक्षकों के ज़ोरदार विरोध के बाद केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने पंजाब यूनिवर्सिटी (पीयू) की सीनेट और सिंडिकेट के पुनर्गठन से जुड़ा अपना आदेश वापस ले लिया है।

शिक्षा मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान जारी करते हुए कहा कि यह निर्णय विश्वविद्यालय के विभिन्न हितधारकों – जिनमें छात्र संगठन, अध्यापक, पूर्व कुलपति और मौजूदा कुलपति शामिल हैं – से हुई विस्तृत चर्चा के बाद लिया गया है।

मंत्रालय ने 2 मार्च 2021 को विश्वविद्यालय के कुलाधिपति द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों के आधार पर पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966 के तहत एक अधिसूचना जारी की थी। इस अधिसूचना में सीनेट और सिंडिकेट की संरचना और संविधान में परिवर्तन का प्रस्ताव था। लेकिन अधिसूचना जारी होने के बाद छात्र संगठनों और शिक्षाविदों ने इसका विरोध किया और 'पीयू बचाओ आंदोलन' के तहत प्रदर्शन शुरू किए। लगातार बढ़ते दबाव को देखते हुए मंत्रालय ने छात्रों और शिक्षकों से मुलाकात कर उनकी आपत्तियां सुनीं।

मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि उपरोक्त परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, शिक्षा मंत्रालय ने निर्णय लिया है कि सीनेट और सिंडिकेट की संरचना में परिवर्तन से संबंधित आदेश को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाता है। इस फैसले के बाद विश्वविद्यालय परिसर में छात्रों ने जश्न मनाया और इसे 'लोकतंत्र की जीत' बताया।



# तरन तारन हलके के विकास में कोई कमी नहीं रहने देंगे : मान

## कहा–उपचुनाव में आम आदमी पार्टी शानदार जीत दर्ज करेगी, राजा वड़िंग ने कांग्रेस की संकीर्ण मानसिकता उजागर की

- विपक्षी नेता बेतुकी बातें कर लोगों को गुमराह कर रहे हैं
- 'आप' उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू के समर्थन में हुईं बड़ी रैलियां

अर्थ प्रकाश संवाददाता




तरन तारन, 7 नवंबर। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज कहा कि आम आदमी पार्टी तरन तारन उपचुनाव में शानदार जीत दर्ज करने के लिए पूरी तरह तैयार है। 'आप' उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू के समर्थन में रैलियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों का जोश और उत्साह यह स्पष्ट करता है कि राज्य सरकार की जन-हितैषी नीतियों के कारण 'आप' तरन तारन में बड़ी जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए कई अहम कदम उठाए हैं, जिनकी बदौलत जनता आम आदमी पार्टी की जीत सुनिश्चित करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्षी दलों के पास सरकार के खिलाफ कोई ठोस मुद्दा नहीं है, इसलिए वे केवल आलोचना करने के लिए सरकार पर हमले कर रहे हैं। भगवंत मान ने कहा कि सरकार ऐसे बेतुके बयानों से प्रभावित हुए बिना जनता की भलाई और राज्य के विकास के लिए काम करती रहेगी। उन्होंने कहा कि विपक्षी नेताओं को सरकार के जन-हितैषी फैसले पच नहीं रहे, इसलिए वे अपने स्वार्थ के लिए नीच राजनीतिक हथकंडे अपना रहे हैं। शिरोमणि अकाली दल के नेता सुखबीर सिंह बादल पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री अपनी राजनीतिक चालों से लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बादल परिवार ने पंजाब और उसके लोगों के खिलाफ घृणित अपराध किए हैं, जिन्हें माफ नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि केवल बयान जारी करने से वे अपने पापों से मुक्त नहीं हो सकते, क्योंकि जनता जानती है कि इन नेताओं ने राज्य को किस तरह बर्बाद किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सुखबीर बादल अपने शासनकाल को ÷विकास का दौर÷ बताते हैं, लेकिन बरगाड़ी गोलीकांड और नशे की समस्या, जिसने पंजाब के युवाओं को मौत की ओर धकेला, इन विषयों पर वे बोलने की हिम्मत नहीं करते। उन्होंने कहा कि 2007 से 2017 तक का समय पंजाब का सबसे अंधकारमय दौर था, जब ट्रांसपोर्ट, केबल, रेत और ड्रग माफिया ने राज्य में जड़ें जमा ली थीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस प्रधान राजा वड़िंग ने अपनी टिप्पणियों से कांग्रेस की संकीर्ण मानसिकता उजागर कर दी है और अब माफी मांगने पर मजबूर हैं। भगवंत मान ने कहा कि अकाली शासन के दौरान नशे के कारोबार को राजनीतिक संरक्षण मिला, जिसके कारण यह समस्या भयावह रूप ले गई। उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार के ÷जरनेलों÷ के खिलाफ सरकार कठोर कार्रवाई कर रही है और कोई नरमी नहीं बरती जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ नेताओं ने नशे की तस्करी के लिए सरकारी गाड़ियों तक का इस्तेमाल किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पारंपरिक राजनीतिक दल उनसे इसलिए ईर्ष्या करते हैं क्योंकि वे यह सहन नहीं कर पा रहे कि एक आम परिवार से आने वाला व्यक्ति राज्य को कुशलता से चला रहा है। उन्होंने कहा कि पंजाब की जनता अब इन पार्टियों पर भरोसा नहीं करती, जिन्होंने राज्य को लूटा और हरिमंदर साहिब पर टैंकों और तोपों से हमला किया।

उन्होंने कहा कि इन पार्टियों ने पंजाब और उसके लोगों को बेरहमी से लूटा, इसलिए जनता ने उन्हें सत्ता से बाहर कर दिया। भगवंत मान ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल, चरणजीत सिंह चन्नी, सुखबीर बादल, बिक्रम मजीठिया जैसे नेताओं को जनता ने राजनीति से बाहर का रास्ता दिखा दिया है, और अब वे सत्ता में वापसी के लिए आपसी झगड़ों में उलझे हुए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने 58962 सरकारी नौकरियाँ पूरी पारदर्शिता के साथ दी हैं और इनमें से एक भी नियुक्ति अदालत में चुनौती का सामना नहीं कर पाई। उन्होंने कहा कि यह पंजाब सरकार के लिए गर्व की बात है कि युवाओं को पूरी तरह योग्यता के आधार पर नौकरियाँ दी गईं। इस पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया से युवाओं का सरकार पर विश्वास बढ़ा है और अब वे विदेश जाने की बजाय राज्य में ही सरकारी नौकरियों के लिए तैयारी कर रहे हैं। सड़क सुरक्षा बल के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि इस बल ने अब तक सैकड़ों जानें बचाई हैं। सांसद रहते हुए उन्होंने पाया कि पंजाब में हर साल सड़क हादसों में 5000 से अधिक लोगों की मौत होती थी। एसएसएफ के गठन के बाद सड़क दुर्घटनाओं में 48त्न की कमी आई है, जो अन्य राज्यों के लिए भी उदाहरण है। यह बल 144 आधुनिक वाहनों से लैस है, जिसमें प्रशिक्षित पुरुष और महिला कर्मी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बल की प्रभावशाली कार्यशैली की सराहना भारत सरकार और कई राज्यों ने भी की है।

### शून्य आ रहे पंजाब के 90 प्रतिशत घरों के बिजली बिल

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब के 90 प्रतिशत घरों के बिजली बिल शून्य आ रहे हैं, जिससे जनता को बड़ी आर्थिक राहत मिली है। किसानों को धान की बुवाई के लिए निर्बाध बिजली मिल रही है, जिससे उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हो रही। भगवंत मान ने कहा कि सरकार समाज के हर वर्ग के हित में काम कर रही है, जिसके चलते पंजाब निरंतर नई ऊँचाइयाँ छू रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने बताया कि सरकारी स्कूलों को 'स्कूल ऑफ एमिनेंस' के रूप में विकसित किया जा रहा है। गर्व की बात है कि पंजाब ने केंद्र सरकार के राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण (एन ए एस) में केरल को पछाड़कर पहला स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि 848 सरकारी स्कूलों के छात्रों ने नीट परीक्षा, 265 ने जे ई ई मेंस और 45 ने जे ई ई एडवांस्ड पास की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुफ्त सुविधाओं से गरीबी खत्म नहीं की जा सकती, बल्कि शिक्षा ही वह कुंजी है जो लोगों को गरीबी के चक्र से बाहर निकाल सकती है।

# हरमीत सिंह संधू ने तरनतारन के लोगों की सेवा करने का लिया संकल्प

- कहा–'आप' ने उन्हें जनहित के लिए काम करने का एक नया मंच दिया है
- सुखबीर बादल ने लोगों की आवाज को नजरअंदाज किया, 'आप' असली पंजाब का प्रतिनिधित्व करती है, मुख्यमंत्री मान हमारे बच्चों और युवाओं के भविष्य के लिए काम कर रहे हैं
- लाल लकीर के मालिकाना हक पर मान सरकार के फैसले ने हजारों लोगों की जिंदगी बदल दी है: संधू

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**तरनतारन, 7 नवंबर।** आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू ने आज मियांपुर, पलासोर और गंडीविंड में विशाल रैलियों को संबोधित किया, जहां उन्हें स्थानीय निवासियों से उत्साहजनक समर्थन मिला। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान तरनतारन में 'आप' के अभियान का नेतृत्व व्यक्तिगत रूप से कर रहे हैं, जिससे हलके में चुनावी माहौल और भी गरमा गया है। जनता को संबोधित करते हुए संधू ने कहा कि वे केवल लोगों की सेवा करने और उनके मुद्दों को ईमानदारी से उठाने के लिए राजनीति में आए हैं। उन्होंने कहा, 'मैं पहले अकाली दल में था, लेकिन उस पार्टी ने जनता की बात सुननी बंद कर दी थी। मैंने बार-बार कार्यकारिणी बैठकों में कहा था कि पार्टी जनता से दूर हो रही है, लेकिन जब उन्होंने सुनने से इनकार कर दिया, तो मैं दूर हो गया।'

संधू ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने उन्हें जनता की भलाई के लिए काम करने का एक नया मौका दिया है। उन्होंने कहा, 'मेरे लिए, जनता राजनीति से पहले आती है। मैं हमेशा तरनतारन के हितों के लिए खड़ा रहूंगा।' लाल लकीर के भीतर रहने वाले लोगों को मालिकाना हक देने के मुख्यमंत्री भगवंत मान सरकार के फैसले की प्रशंसा करते हुए, संधू ने कहा, 'इस ऐतिहासिक कदम ने हजारों परिवारों की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान कर दिया है। पहले, उन्हें बारिश से तबाह हुए अपने घरों का मुआवजा भी नहीं मिल पाता था, अब वे अपने घरों के कानूनी मालिक बन गए हैं।'

उन्होंने लोगों से 'आप' का समर्थन करने की अपील की ताकि एक स्वच्छ, जन-केंद्रित और जवाबदेह सरकार बनाई जा सके। संधू ने कहा कि इस क्षेत्र के लोगों ने 2022 में आम आदमी पार्टी और स्वर्गीय डॉ. कश्मीर सिंह में अपना विश्वास जताया था, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। लेकिन अब हम अपने क्षेत्र को पीछे नहीं रहने देंगे। हम मान सरकार को मजबूत करेंगे और तरनतारन की हर समस्या को हल करने को प्राथमिकता देंगे।

### लोगों के भारी उत्साह ने विरोधियों के हौसले किए पस्त, तरनतारन में 'आप' की जीत तयः हरमीत संधू



तरनतारन उपचुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू के चुनाव अभियान को आज उस समय भारी बल मिला, जब गांव पंजवड़ में हुई 'लोक मिलनी' के दौरान लोगों का एक बड़ा हुजूम उमड़ पड़ा। इस विशाल जनसभा ने स्पष्ट कर दिया है कि हलके में 'आप' की लहर पूरे शिखर पर है। हरमीत सिंह संधू ने इस भारी जनसभा को संबोधित करते हुए गांववासियों के प्यार और सम्मान के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि गांवों में लोगों से मिल रहा भारी समर्थन और जोश यह साबित करता है कि तरनतारन के लोगों ने इस बार 'आम आदमी पार्टी' को बड़ी बढ़त से जिताने का पक्का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि लोग पारंपरिक पार्टियों से तंग आ चुके हैं और मुख्यमंत्री भगवंत मान की जनहितैषी नीतियों पर भरोसा जता रहे हैं। संधू ने कहा कि पंजवड़ में लोगों का यह उत्साह विरोधी पार्टियों की हार की निशानी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जीत के बाद वे हलके के विकास के लिए दिन-रात एक कर देंगे और लोगों की सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा।

### बादलों ने पंजाब के विश्वास और भविष्य के साथ किया धोखा, अब राज्य की राजनीति में उनका कोई वजूद नहींः संधू



आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू ने शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पंजाब के लोग अकाली-भाजपा सरकार को नशे का कोढ़ फैलाने के लिए कभी माफ नहीं करेंगे, जिसने राज्य के हजारों युवाओं और परिवारों को बर्बाद कर दिया है। संधू ने कहा कि बादल परिवार ने अपने राजनीतिक और निजी स्वार्थों के लिए पंजाब और सिख समुदाय के साथ बार-बार धोखा किया है। उन्होंने कहा कि सिख संगत बरगाड़ी और कोटकपूरा में हुई बेअदबी की दर्दनाक घटनाओं और अकाली-भाजपा सरकार के दौरान शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे सिख युवाओं पर हुई दुखद गोलीबारी को कभी नहीं भूलेगी। पंजाब की आत्मा पर लगे इन जख्मों के लिए जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय होनी चाहिए। उन्होंने सुखबीर बादल और उनके परिवार पर पंथ और धर्म को केवल वोट मांगने के लिए हथियार के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बादलों ने सिख मूल्यों की रक्षा या पंजाब के लोगों की सेवा के लिए कभी कुछ नहीं किया। संधू ने कहा कि बादल परिवार ने एक दशक तक पंजाब को लूटा और सत्ता का दुरुपयोग कर खुद को अमीर बनाया, जबकि किसान, युवा और आम नागरिक मुसीबतें झेलते रहे। उनकी राजनीति सिर्फ धोखे, लालच और शोषण पर टिकी है। हरमीत सिंह संधू ने कहा कि पंजाब की जनता ने अब बादल परिवार को पूरी तरह नकार दिया है। वे समाज के हर वर्ग के सामने बेनकाब हो चुके हैं।

# 'युद्ध नशों विरूद्ध' : 251वें दिन 2.8 किलोग्राम आई.सी.ई., 388 ग्राम हेरोइन समेत 78 नशा तस्कर गिरफ्तार

- 'नशा छुड़ाने' के अभियान के तहत पंजाब पुलिस ने 29 व्यक्तियों को नशा मुक्ति उपचार के लिए किया तैयार

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 7 नवंबर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा राज्य से नशों के पूर्ण उन्मूलन के लिए चलाई गई मुहिम 'युद्ध नशों विरुद्ध' के लगातार 251वें दिन पंजाब पुलिस ने शुक्रवार को राज्यभर में 244 स्थानों पर छापेमारी की। इस कार्रवाई के दौरान 78 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया और 70 एफआईआर दर्ज की गईं। इसके साथ ही, पिछले 251 दिनों में कुल गिरफ्तार नशा तस्करों की संख्या 35,641 तक पहुँच गई है।

छापेमार कार्रवाई के परिणामस्वरूप पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2.8 किलोग्राम आई.सी.ई., 388 ग्राम हेरोइन, 995 नशीली गोलियां और 24,550 रूपये की ड्रग मनी बरामद की है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने सभी पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को पंजाब को नशा-मुक्त राज्य बनाने के लिए सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। पंजाब सरकार ने नशा विरोधी मुहिम की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में पाँच सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी का गठन भी किया है।

55 गजटेड अधिकारियों की देखरेख में 800 से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती के साथ 100 से अधिक पुलिस टीमों ने राज्यभर में 244 छापे मारे। दिनभर चले इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीमों ने 265 संदिग्ध व्यक्तियों की भी जांच की।

राज्य सरकार ने नशों के उन्मूलन के लिए तीन-स्तरीय रणनीति - प्रवर्तन, पुनर्वास और रोकथाम -लागू की है। इसी के तहत, पंजाब पुलिस ने आज 29 व्यक्तियों को नशा मुक्ति एवं पुनर्वास उपचार के लिए राज़ी किया है।

# विश्वकप विजेता पंजाबी बेटियों का मोहाली पहुंचने पर पंजाब सरकार ने किया शानदार स्वागत

- हरलीन देओल और अमनजोत कौर का वतन वापसी पर गर्मजोशी से स्वागत, ढोल की थाप पर डला भांगड़ा
- पंजाब की बेटियों ने देश का नाम रोशन किया, जल्द होगा विशेष सम्मान: हरपाल चीमा
- खेलों को बढ़ावा दे रही मान सरकार, विश्व विजेता खिलाड़ियों का मंत्रियों ने किया स्वागत

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 7 नवंबर।** महिला क्रिकेट में भारत के लिए पहला विश्व कप जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय टीम की दो पंजाबी खिलाड़ियों, हरलीन देओल और अमनजोत कौर का आज वतन वापसी पर पंजाब सरकार द्वारा यहां शहीद भगत सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गर्मजोशी से शानदार स्वागत किया गया।

इस अवसर पर पंजाब सरकार की ओर से वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा और सांसद गुरमीत सिंह मीत हेयर विशेष रूप से खिलाड़ियों का स्वागत करने के लिए हवाई अड्डे पहुंचे। उनके साथ विधायक डॉ. अमनदीप कौर अरोड़ा, जिला योजना बोर्ड की चेयरपर्सन प्रभजोत कौर, जसवंत कौर और पार्षद सरबजीत सिंह समाणा भी मौजूद रहे। हवाई अड्डे पर जश्न का माहौल देखने को मिला, जहां पंजाब सरकार, जिला प्रशासन और खेल विभाग द्वारा ढोल की थाप और फूलों के हार पहनाकर विजेता बेटियों का सम्मान किया गया।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पहले ही वीडियो कॉल के जरिए टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर, हरलीन देओल और अमनजोत कौर को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई दी थी। हरपाल सिंह चीमा और मीत हेयर ने कहा कि हमारी इन बेटियों ने न सिर्फ पंजाब, बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने घोषणा की कि कप्तान हरमनप्रीत कौर के पंजाब लौटने के बाद पंजाब सरकार द्वारा तीनों खिलाड़ियों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।

# अकाली-कांग्रेस राज के दौरान होते थे झूठे पर्चे, 'आप' ने दी विकास को प्राथमिकता: शैरी कलसी

- 'आप' सरकार द्वारा महिलाओं के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के प्रयासों के कारण महिलाओं का रुझान पार्टी की ओर बढ़ा: कलसी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**तरनतारन, 7 नवंबर।** तरनतारन उपचुनाव से पहले आम आदमी पार्टी (आप) अकाली दल और कांग्रेस को लगातार बड़े झटके दे रही है। शुक्रवार को दोनों पार्टियों के कई प्रमुख नेता और कार्यकर्ता अपनी पार्टी छोड़कर 'आप' में शामिल हो गए।

यह शामिल होने का कार्यक्रम आम आदमी पार्टी पंजाब के कार्यकारी अध्यक्ष अमनशेर सिंह शैरी कलसी, प्रदेश सचिव हरचंद सिंह बरसट और डॉ. एस.एस. अहलूवालिया की उपस्थिति में हुआ। 'आप' नेताओं ने सभी नए सदस्यों का पार्टी में गर्मजोशी से स्वागत किया। पार्टी में शामिल होने वालों में जसपाल सिंह, सुखविंदर सिंह, अमरजीत कौर, राजवीर कौर, जसवंत सिंह, मघर सिंह, महिंदर कौर, हरजिंदर सिंह, सोनिया, अमनप्रीत कौर, परमजीत कौर, बलजीत सिंह, राजिंदर सिंह, मनजिंदर कौर, बख्शीश सिंह, अनीता शर्मा, परमिंदर कौर, रीता, माया और कोमल शामिल हैं।

इस अवसर पर शैरी कलसी ने कहा कि अकाली और कांग्रेस के शासन के दौरान पंजाब में झूठे पर्चे, नशे और भ्रष्टाचार का बोलबाला था। लेकिन आम आदमी पार्टी की भगवंत मान सरकार ने सच्चाई, ईमानदारी और विकास को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि 'आप' सरकार के नशा विरोधी कदमों ने माताओं के बेटों और बहनों के भाइयों को नशे की दलदल से बाहर निकाला है। उन्होंने कहा कि भगवंत मान सरकार ने महिलाओं के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए भी ऐतिहासिक प्रयास किए हैं, जिससे महिलाओं का विश्वास और रुझान पार्टी की ओर बढ़ा है।

'आप' नेताओं ने तरनतारन के लोगों से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू को भारी वोटों से जिताने की अपील की ताकि भगवंत मान सरकार के विकास और ईमानदारी वाले मिशन को और मजबूती मिल सके।

### कांग्रेस नेताओं ने गुरु साहिबान की तस्वीरों के ऊपर अपनी फोटो लगाकर सिख भावनाओं को आहत कियाः शैरी कलसी



आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के कार्यकारी अध्यक्ष अमनशेर सिंह शैरी कलसी ने तरनतारन उपचुनाव की एक जनसभा के दौरान कांग्रेस नेताओं द्वारा मंच पर गुरु साहिबान की तस्वीरों के ऊपर अपनी तस्वीरें लगाने की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने इसे गुरु साहिबान का निरादर बताया है। शैरी कलसी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से ही सिख पंथ और गुरु साहिबान के प्रति अपनी घटिया सोच का प्रदर्शन करती आई है। तरनतारन में हुई यह घटना गुरु साहिबान के प्रति कांग्रेस और उसके नेताओं की खराब सोच को उजागर करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लिए न तो सिख मायने रखते हैं और न ही पंथ, वे सिर्फ वोटों की खातिर गुरु साहिबान को सम्मान देने का दिखावा करते हैं। अपने बयान में कलसी ने कहा कि इतिहास गवाह है कि किस तरह कांग्रेस ने अपने शासनकाल के दौरान श्री अकाल तख्त साहिब और गुरुद्वारों पर हमले किए थे। आज फिर चुनावी जनसभा में गुरु साहिब की तस्वीर का अनादर करके उन्होंने साबित कर दिया है कि कांग्रेस पार्टी अभी भी सिख और पंथ विरोधी मानसिकता रखती है। 'आप' के कार्यकारी अध्यक्ष ने मांग की कि कांग्रेस पार्टी इस घटिया हरकत के लिए तुरंत माफी मांगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व को दुनिया भर में बसी पूरी नानक नाम लेवा संगत और सिख पंथ से अपने इस गुनाह के लिए सार्वजनिक तौर पर माफी मांगनी चाहिए।

# अमृतसर में पाकिस्तान-समर्थित दो ड्रग सप्लाई मॉड्यूलों का पर्दाफाश, 2.8 किलोग्राम आईसीई सहित दो गिरफ्तार

- आरोपी वर्चुअल नंबरों के ज़रिए पाकिस्तान-आधारित हैंडलरों से करते थे संपर्क: गौरव यादव
- सीमा पार स्थित हैंडलरों की पहचान, सप्लाई रूटों का पता लगाने और पूरी सप्लाई चेन का पर्दाफाश करने के लिए जांच जारी: गुरप्रीत भुल्लर

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**अमृतसर, 7 नवंबर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के तहत पंजाब को नशामुक्त राज्य बनाने के लिए चल रही मुहिम के दौरान, गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अमृतसर पुलिस कमिश्नरेट ने पाकिस्तान-आधारित तस्करों से जुड़े दो ड्रग सप्लाई मॉड्यूलों के दो मुख्य संचालकों को 2.815 किलोग्राम मेथामफेटामिन (आईसीई) के साथ गिरफ्तार किया है। यह जानकारी आज यहां पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने दी।

गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान गुरसेवक सिंह उर्फ सेवक निवासी गांव घरियाला, जिला तरन तारन और बलजीत सिंह निवासी गुरु नानकपुरा, अमृतसर के रूप में हुई है।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपी वर्चुअल नंबरों के माध्यम से पाकिस्तान-आधारित हैंडलरों से संपर्क में थे और पंजाब में नशीले पदार्थों की खेप प्राप्त एवं सप्लाई करते थे। वे शक से बचने के लिए अक्सर धार्मिक स्थलों के पास डिलीवरी पॉइंट का चयन करते थे।

डीजीपी ने कहा कि इस मामले की आगे की जांच जारी है ताकि इससे जुड़े अन्य लोगों की पहचान की जा सके और पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया जा सके।

इन अभियानों के बारे में जानकारी देते हुए पुलिस कमिश्नर (सीपी) अमृतसर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि पहले मामले में, पुलिस ने विशेष गुप्त सूचना के आधार पर अमृतसर की दाना मंडी के पास नाका लगाया और आरोपी गुरसेवक सिंह उर्फ सेवक को 40 ग्राम मेथामफेटामिन (आईसीई) सहित गिरफ्तार किया।

उन्होंने बताया कि आरोपी के खुलासे के आधार पर एक फलो-अप ऑपरेशन चलाया गया जिसके नतीजे स्वरूप 1.96 किलोग्राम और आईसीई ड्रग बरामद की गई।

सीपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी गुरसेवक, जो सीमावर्ती क्षेत्र का निवासी है, वर्चुअल प्लेटफार्मों के माध्यम से पाकिस्तान स्थित तस्करों से लगातार संपर्क में था और अपने हैंडलर के निर्देशों के अनुसार खुद ही खेपें प्राप्त और डिलीवर करता था।

दूसरे ऑपरेशन के बारे में जानकारी देते हुए सीपी गुरप्रीत भुल्लर ने बताया कि विश्वसनीय सूचना के आधार पर पुलिस टीमों ने अमृतसर के रियान इंटरनेशनल स्कूल के पास वल्ला बाईपास रोड पर नाका लगाया और संदिग्ध बलजीत सिंह को 45 ग्राम आईसीई ड्रग सहित गिरफ्तार किया। आरोपी के खुलासे के आधार पर आगे की कार्रवाई में 770 ग्राम और आईसीई बरामद की गई। उन्होंने कहा कि सीमा पार स्थित हैंडलरों की पहचान करने, सप्लाई मार्गों का पता लगाने और पंजाब व पाकिस्तान-आधारित नेटवर्कों के बीच चल रही संपूर्ण सप्लाई चेन को उजागर करने के लिए जांच जारी है। इस संबंध में, थाना गेट हकीमा, अमृतसर में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(बी) के तहत एफआईआर नंबर 306 दिनांक 06-11-2025 और थाना मकबूलपुरा, अमृतसर में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(बी) एवं 21(सी) के तहत एफआईआर नंबर 240 दिनांक 27-10-2025 दर्ज की गई हैं।

# अपने ही देश में पराधिनता की पीड़ा कष्टदायक : रस्तोगी

## हरियाणा सचिवालय और विधानसभा में वंदे मातरम के 150 साल पूरे पर होने पर कार्यक्रमों का आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 7 नवंबर।** राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 साल पूरे होने का स्मरणोत्सव आज पूरे हरियाणा में पूरी गरिमा और शालीनता से मनाया गया। चंडीगढ़ स्थित हरियाणा सिविल सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। रस्तोगी ने कहा कि अपने ही देश में पराधीनता की पीड़ा कितनी कष्टदायी होती है, इसकी कल्पना ही बड़ी मुश्किल है। सन 1857 में स्वतंत्रता के पहले संग्राम का बिगुल बजा और प्रबुद्ध नागरिकों ने अंग्रेजों के अत्याचारों के खिलाफ बोलना शुरू किया।

उन्होंने कहा कि गीत-संगीत, की हमारे देश में एक लंबी परम्परा रही है। ऐसा ही एक गीत है-वंदे मातरम। इस अमर गीत ने अंग्रेजी शासन के अत्याचारों से ग्रस्त और त्रस्त जनमानस को उद्वेलित कर जन-जन में देशभक्ति की ज्योति प्रज्वलित की, राष्ट्रीय चेतना को स्वर प्रदान किया और भारत के स्वाधीनता संग्राम को दिशा दी।

मुख्य सचिव ने कहा कि जो देश-प्रदेश अपने इतिहास को याद नहीं रखते, उनका अस्तित्व भी ज्यादा समय तक नहीं रहता।

इसी दौरान हरियाणा विधानसभा में शुक्रवार सुबह राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150वें स्मरणोत्सव के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हरियाणा विधान सभा के सचिव राजीव प्रसाद और विधान सभा अध्यक्ष के सलाहकार राम नारायण यादव ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

विधान सभा सचिव राजीव प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि वंदे मातरम् गीत की रचना को आज 150 वर्ष पूरे हो गए हैं। यह गीत स्वतंत्रता सेनानियों की आवाज रहा और आज भी मातृभूमि के प्रति प्रेम और समर्पण का प्रतीक बना हुआ है। वंदे मातरम् का पहली बार 7 नवंबर 1875 को बंगदर्शन पत्रिका में प्रकाशन हुआ था, जबकि 1882 में बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने इसे अपने प्रसिद्ध उपन्यास आनंदमठ में प्रकाशित किया। बाद में रवींद्रनाथ टैगोर ने इसे संगीतबद्ध कर इसे जन-जन तक पहुंचाया।

विस सचिव राजीव प्रसाद ने कहा कि उन्होंने कलम के माध्यम से भारतीयों के हृदय में स्वदेश प्रेम की भावना जगाई। उनका साहित्य और जीवन आज भी भारतीय राष्ट्रवाद की प्रेरणा बना।




# पाइट में कैपेसिटी बिल्डिंग वर्कशॉप, एआइसीटीई सचिव ने किया प्रेरित

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार



**समालखा, 7 नवंबर।** बच्चों में रचनात्मकता की कमी नहीं है। बच्चे आउट ऑफ द बॉक्स सोचते हैं। यह शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों की प्रतिभा को पहचानें। उन्हें उचित अवसर और मंच प्रदान करें। इसलिए समय-समय पर जिला शिक्षा अधिकारियों का भी प्रशिक्षित होना आवश्यक है। यह बात अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीई) की सचिव प्रो.श्यामा रथ ने कही। वह यहां पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में संबोधित कर रही थीं। पाइट में शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीई) के संयुक्त तत्वावधान में इनोवेशन डिजाइन एवं इंटरप्रन्योरशिप पर दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग वर्कशाप संपन्न हुई। हरियाणा के जिला शिक्षा अधिकारियों और जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) के सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया।

प्रो.श्यामा रथ ने कहा कि हमें सोसाइटी के लिए काम करना है। सोसाइटी को सशक्त बनाना है। अपने बच्चों में उद्यमिता का गुण विकसित करना है। यह इनोवेशन के माध्यम से ही संभव होगा। ये हमें सोचना है कि बच्चे को किस तरह पढ़ाया और प्रशिक्षित किया जाए। इनोवेशन सेल की ओर से फ्रेम वर्क दिया जा रहा है। सभी को मिलकर कॉमन गोल की दिशा में आगे बढ़ना है। सरकार की पॉलिसी के बारे में सभी को जागरूक होना चाहिए। एससीईआरटी के संयुक्त निदेशक सुनील बजाज ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी की जिम्मेदारी ज्यादा बड़ी है। वे शिक्षकों को प्रेरित करें। इनोवेशन से इंटरप्रन्योरशिप की तरफ कैसे बढ़ना है, इसके बारे में सोचें। नई शिक्षा नीति के माध्यम से बच्चे का संपूर्ण विकास हो सकता है।

पाइट के निदेशक डॉ.शक्ति कुमार ने कहा कि एजुकेशन 4.ह्र से औद्योगिक क्रांति संभव है। यह भारत का समय है। हमें अपने युवाओं को उचित अवसर देकर उन्हें आगे बढ़ाना है। पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने कहा कि नया और अलग सोचना होगा। किसी समस्या के समाधान पर जितना बेहतर परिणाम दे सकेंगे, उतना जल्दी आगे बढ़ेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### अखिल भारतीय जैसवाल जैन महासभा के प्रधान बने सुबोध जैन



**करनाल (अप्रस/शैलेन्द्र जैन)।** जैसवाल समाज के सबसे पुराने प्रतिश्ठित और विशाल संगठन अखिल भारतीय जैसवाल जैन महा सभा के अध्यक्ष पद पर पी एन वी से सेवानिवृत अधिकारी मथुरा निवासी सवोध जैन तथा कार्यकारी अध्यक्ष पद पर अजय जैन चांदी वाले आगरा को सर्व सम्मति से निर्वाचित कर दिया उनकी घोषणा प्रेम्प्रकाश जैन निर्वाचन अधिकारी ने की। अध्यक्ष पद को लेकर तीन लोग मैदान मे थे। आगरा से अजय जैन, सवोध जैन तथा मथुरा से सवोध जैन थे। समाज के मोजीज लोगो के प्रयास से एक फार्मूले के तहत अध्यक्ष पद पर सवोध जैन मथुरा को तथा कार्यकारी अध्यक्ष पद पर अजय जैन चांदी वालो को बनाया गया। अजय जैन ने जीत की प्रवल संभावना के बाद भी समाज को बिघटन से बचाने के लिए सेक्रिफ़ाइज किया। अध्यक्ष का ताज मथुरा के सवोध जैन के सिर पर रख दिया। कार्यकारी अध्यक्ष अजय जैन ने बताया कि वह समाज को साथ लेकर समाज को नई पहचान देंगे। युवाओ को साथ लेकर समाज के हर बर्ग को आगे रखेंगे। उन्होंने बताया कि सेवा और समर्पण के भाव से काम करूँगा। उनकी प्राथमिकता जरूरत मंद परिवारों की मदद, शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र मे काम करना रहेगी। अजय जैन को देश विदेश से बधाई मिल रही है।

### नाराज दलित नेता राजा वड़िंग पर बरसे



**करनाल (अप्रस/शैलेन्द्र जैन)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय नेत तथा देश के ग्रह मंत्री रहे सरदार बूटा सिंह के प्रति पंजाब कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष राजा वड़िंग द्वारा अपमान जनक टिप्पणी करने की तपिश करनाल में भी महसूस हो रही। करनाल में कांग्रेस नेता तथा आल इंडिया एससी एसटी फोरम के संयुक्त सचिव स. जसवंत सिंह ने राजस वड़िंग के खिलाफ करनाल में अपराकि प्रकरण दर्ज करवाने की घोषणा की हैं। उन्होने कहा कि राजा वंडिंग को तत्काल कांग्रेस से बाहर कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश में स. बूटा सिंह सम्मानित नेता थे। जो मजहवी सिख थे। लेकिन देश के लोग उन्हें सम्मान और आदर की निगाह से देखते थे। उन्होंने कहा कि वह अपने साथियों के साथ अकाल तख्त साहिब भी जाएंगे वहां वह सिह साहिबान से राजा वड़िंग के खिलाफ कार्रवाइ करने की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि जातिवाद का सिख पंथ में कोई स्थान नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सिख समुदाय में सभी का सम्मान किया जाता है। गुरुओं ने सभी को एक समान माना हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलि् लकार्जुन खड? को पत्र लिख कर पंजाब के प्रदेशाध्यक्ष राजा वड़िंग को पार्टी से निकालने की मांग की हैं। इस अवसर पर इनैलो के युवा नेता गुरप्रीत सिंह ने कहा कि राजा वड़िंग का कृत्य माफी के लायक नहीं हैं। इसको लेकर सभी समाज के लोग आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहाकि जितनी देर से राजा वड़िंग के खिलाफ कार्रवाई होगी उतना अधिक नुक्सान कांग्रेस को होगा।

### हवन यज्ञ व भंडारे के साथ हुआ कथा का समापन



**पिहोवा (अप्रस/मोहित पौलस्त्य)।** श्री कृष्णा युधिष्ठिर मंदिर में चल रही कार्तिक मास की कथा हवन यज्ञ व भंडारे के साथ आज संपन्न हो गई। कथावाचक मनमोहन चक्रपाणि ने आज द्वितीया तिथि को किए जाने वाले दीपदान व विष्णु पूजन के बारे में बताते हुए कहा कि मार्गशीर्ष मास की द्वितीया तिथि को विष्णु पूजन व दीपदान का एक विशेष महत्व है। क्योंकि मार्गशीर्ष मास भगवान श्री कृष्ण को अति प्रिय है। द्वितीय तिथि रूप सौंदर्य प्रदान करती है।इस कारण रुई दान और प्रभु अर्पण करने का भी पुण्य होता है।कथा के पश्चात उन्होंने सरस्वती तीर्थ के तट पर हवन यज्ञ किया। जिसमें दर्जनों नर नारियों ने आहुति डालकर सुख समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया ।जिसमें सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया ।इस मौके पर पूर्व पार्षद योगेश लकी आदि चक्रपाणि मोहित पौलसत्य सुमंत आचार्य रामनाथ चक्रपाणिपवन हैप्पी संतोष रानी रेखा रानी इंदिरा कृष्ण सहित अनेकों धर्म प्रेमी मौजूद थे।

# सरदार पटेल के आदर्श आज भी राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा : अशोक गुर्जर

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 7 नवंबर।** कैथल विधानसभा क्षेत्र के गांव सजूमा में शुक्रवार को सरदार वल्लभभाई पटेल पुस्तकालय का उद्घाटन हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ने रिबन काटकर किया। इस अवसर पर गांव के लोगों में उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम से पहले अशोक गुर्जर का स्वागत निर्माणाधीन वाल्मीकि चौपाल पर समाज के गणमान्य लोगों ने पगड़ी पहनाकर किया। इस सम्मान के लिए उन्होंने वाल्मीकि समाज का आभार व्यक्त किया। अपने संबोधन में भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ने कहा कि सरदार वल्लव भाई पटेल का जीवन देश की एकता, अखंडता और जनसेवा का प्रतीक है। भारत की 562 रियासतों का एकीकरण कर उन्होंने आधुनिक भारत की नींव रखी। उन्हें 'लौह पुरुष' के नाम से जाना जाता है और उनका योगदान आज भी हर भारतीय के लिए प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल पुस्तकालय गांव के बच्चों और युवाओं के लिए ज्ञान, शिक्षा और प्रगति का केंद्र बनेगा। यह पहल ग्रामीण शिक्षा को नई दिशा देगी और युवाओं को उनके सपनों की उड़ान देने में सहायक होगी। यह पहल ग्रामीण शिक्षा एवं युवा सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पुरस्तकालय युवाओं को बिना पर्ची, बिना खर्ची रोजगार मुहैया करवाने में मिल का पत्थर साबित होगी। नायब सरकार युवाओं को योगयता के आधार पर रोजगार मुहैया करवा रही है। सरदार पटेल के आदर्श हमें एकता, परिश्रम और राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देते हैं।

# गांव पाबसर में दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं ने थामा इनेलो का दामन

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 7 नवंबर।** गांव पाबसर में इंडियन नेशनल लोकदल को उस समय बड़ी मजबूती मिली जब अन्य पार्टियों के एक दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। कार्यक्रम में इनेलो जिला अध्यक्ष अनिल तंवर क्योडक़ मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान गांव के राजेश कुमार, हाकम सिंह, महिंद्र सिंह, गुरप्रीत सिंह, संजय कुमार, बलकार सिंह, बबूती राम, जरनैल सिंह, तेजपाल और काचू सहित अन्य लोगों ने इनेलो का पटका पहनकर पार्टी में शामिल होने की घोषणा की। इस अवसर पर उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं ने नए सदस्यों का स्वागत किया और पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अनिल तंवर ने कहा कि आज पूरे प्रदेश में लोग भाजपा सरकार से त्रस्त हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से परेशान हैं। किसानों को उनकी फसलों का उचित दाम नहीं मिल रहा, युवा रोजगार के लिए दर-दर भटक रहे हैं और गरीब आदमी महंगाई की मार झेल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने जनता से जो वादे किए थे, वे आज तक पूरे नहीं हुए। अनिल तंवर ने कहा कि इनेलो पार्टी हमेशा किसानों, मजदूरों, कर्मचारियों और गरीबों की आवाज उठाती रही है। स्व. चौ. ओम प्रकाश चौटाला के नेतृत्व में इनेलो ने हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य किया था और अब पार्टी फिर से जनता के हक की लड़ाई लडऩे के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनावों में जनता भाजपा को सबक सिखाएगी और इनेलो को पुन~ सत्ता में लाकर विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी। नए शामिल हुए कार्यकर्ताओं ने कहा कि वे इनेलो की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी में आए हैं और वे पार्टी की मजबूती के लिए गांव-गांव जाकर जनसमर्थन जुटाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कुशासन से अब जनता ऊब चुकी है और बदलाव की लहर पूरे प्रदेश में दिखाई दे रही है। कार्यक्रम के अंत में अनिल तंवर ने सभी नए सदस्यों को पार्टी की विचारधारा से अवगत कराया और उन्हें संगठन के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इनेलो का उद्देश्य सत्ता पाना नहीं बल्कि जनता की सेवा करना है। इस अवसर पर डा. साहब सिंह संधू, संदीप सिंह, रमेश पीडल, स्वर्ण सिंह, विक्रम सिंह भी मौजूद थे।

# मुकेश मित्तल बने भारत तिब्बत समन्वय संघ हरियाणा के उपाध्यक्ष

**कैथल (अप्रस)।** भारत तिब्बत समन्वय संघ हरियाणा प्रांत के प्रांत उपाध्यक्ष पद का दायित्व कैथल निवासी मुकेश मित्तल को प्रदान किया गया है। यह दायित्व उन्हें संगठन के केंद्रीय संयोजक माननीय हमेंद्र तोमर, संरक्षक कप्तान सिंह सोलंकी पूर्व राज्यपाल, राष्ट्रीय प्रसारक आरएसएस की अनुमति एवं राष्ट्रीय मंत्री राजेंद्र गुप्ता अमरगढ़ वाला के निर्देशन में सौंपा गया। मुकेश मित्तल लंबे समय से संघ के निष्ठावान स्वयंसेवक के रूप में समाज सेवा और राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय हैं। भारत तिब्बत समन्वय संघ, संघ के चतुर्थ सरसंघचालक प्रोफेसर राजेंद्र सिंह रज्जू भैया के विचारों से प्रेरित संगठन है, जिसकी स्थापना आदीश पूर्व अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख, आरएसएस के मार्गदर्शन में हुई थी।

# वंदे मातरम ने स्वेदशी आंदोलन को नई दिशा दी : अनुराधा

छात्राओं ने गीत, कविता और नृत्य के माध्यम से राष्ट्रप्रेम की भावना को जीवंत किया

अर्थ प्रकाश/शैलेन्द्र जैन



**करनाल, 7 नवंबर।** भारत के राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम की 150वीं वर्षगाँठ के पावन अवसर पर राजकीय महिला महाविद्यालय, घरौंडा बसताड़ा में प्राचार्या श्रीमती कमलेश रानी के कुशल नेतृत्व व सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के तत्वावधान में एक प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से सामूहिक वन्दे मातरम् का छात्राओं ने एक स्वर में गान कर वातावरण को देशभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया। छात्राओं ने गीत, कविता और नृत्य के माध्यम से राष्ट्रप्रेम की भावना को जीवंत किया। वन्दे मातरम् का ऐतिहासिक परिचय देते हुए गणित की सहायक प्रवक्ता श्रीमती अनुराधा ने छात्राओं को बताया कि वन्दे मातरम् संस्कृत-बंगाली मिश्रित भाषा में रचा गया है। इसमें भारत को 'सुजलां सुफलां मलयजशीतलाम्' जैसे दिव्य विशेषणों से अलंकृत किया गया है। यह गीत 1905 के बंग-भंग आंदोलन में पहली बार सामूहिक रूप से गाया गया, जिसने स्वदेशी आंदोलन को गति दी। हिन्दी प्रवक्ता डॉ. विक्रम ने देशभक्ति गीत गाकर सभी को भावविभोर कर दिया। प्राचार्या श्रीमती कमलेश रानी ने अपने संबोधन में हर छात्रा को प्रतिदिन वन्दे मातरम् गाने व अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखकर देश की समृद्धि में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।वरिष्ठ प्रवक्ता श्रीमती दीपा ढुल ने स्वदेशी वस्त्रों के उपयोग को बढ़ावा देते हुए आर्थिक राष्ट्रवाद की अपील की। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉक्टर श्रुति के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन हरियाणा राज्यगीत पर सभी छात्राओं ने सामूहिक नृत्य कर आनंद और गर्व का अनुभव किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से सहायक प्रवक्ता अपूर्वा शर्मा, पवन कुमार, डॉ सतीश कुमार और ममता रानी उपस्थित रहे।यह आयोजन न केवल वन्दे मातरम् की 150 वर्षों की यात्रा का उत्सव था, बल्कि युवा पीढ़ी में देशप्रेम, स्वदेशी चेतना और सांस्कृतिक गौरव की नई अलख जगाने का संकल्प भी था।

# स. रघुजीत सिंह विर्क एसजीपीसी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुने जाने से करनाल के सिख संगत गौरवान्वित : जत्थेदार दविंदर सिंह विर्क

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 7 नवंबर।** वरिष्ठ अकाली नेता जत्थेदार दविंदर सिंह विर्क (काला) ने गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब, न्यू रामनगर में बताया कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की वार्षिक बैठक हुई जिसमें नए अध्यक्ष और पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी को एसजीपीसी के सभी सदस्यों द्वारा पाँचवीं बार शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का अध्यक्ष चुना गया है और सरदार रघुजीत सिंह विर्क वरिष्ठ उपाध्यक्ष और सरदार बलदेव सिंह कायमपुर अंतरिम कमेटी सदस्य चुने गए हैं। हरियाणा प्रदेश को एसजीपीसी के सदस्यों पर गर्व है जिन्होंने हरियाणा के सुखों को इतना बड़ा मान सम्मान दिया है। हरियाणा की संगतों में खुशी की लहर है। क्योंकि रघुजीत सिंह विर्क सीनियर उपाध्यक्ष एसपी जीके मेंबरों द्वारा चुना गया है रघुजीत सिंह विर्क को दोबारा वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुने जाने पर करनाल की सिख संगतों ने लड्डू बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर जत्थेदार दविंदर सिंह (काला) ने कहा कि हरियाणा के सभी सिखों की ओर से हम सरदार सुखबीर सिंह बादल और पूरे अकाली नेतृत्व को हरियाणा प्रदेश को गौरवान्वित करने के लिए धन्यवाद देते हैं। उन्होंने कहा कि एसजीपीसी के इस अधिवेशन में पड़े कुल 137 वोटों में से एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी को इस बार 10 वोट अधिक मिले और कुल वोट 117 हो गए। जबकि विपक्षी उम्मीदवार मिट्ठू सिंह काहनेके को केवल 18 वोट ही मिले। यह भी उल्लेखनीय है कि नवनिर्वाचित अंतरिम कमेटी में पंजाब के अलावा हिमाचल, राजस्थान और हरियाणा से भी सदस्य लिए गए हैं। भारी बहुमत से एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी लगातार पांचवीं बार शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष चुने गए। इस अवसर पर स. साहिब सिंह, रतन सिंह सग्गू, गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर के अध्यक्ष गुरनाम सिंह, उपाध्यक्ष नसीब सिंह, सचिव सुरिंदर सिंह, गुरमत संगीत अकादमी शेखुपुरा मंचूरी के प्रभारी प्रताप सिंह, गुरतेग सिंह खालसा, गुरलाल सिंह, मलकीत सिंह, बचन सिंह आदि उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय कैंसर दिवस पर चलाया गया जागरूक अभियानः डॉ मनीष सिंह

**पिहोवा (अप्रस/मोहित पौलस्त्य)।** नागरिक अस्पताल पिहोवा में राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस के अवसर पर एक विशेष कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीषा सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कैंसर के शुरुआती लक्षणों को पहचानें, समय पर जांच करवाएं, जीवन बचाएं रहा इस कार्यक्रम में शामिल प्रमुख गतिविधियाँ मुंह, स्तन एवं गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की मुफ्त स्क्रीनिंग रही। इस अवसर पर 200 से अधिक लोगों की ऑन-स्पॉट जांच की गई। इस अवसर पर डॉ नेहा अरोड़ा ने लोगों को तंबाकू त्याग एवं स्वस्थ जीवनशैली पर जागरूक किया। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ मनीषा सिंह ने बताया कि कैंसर का 70त्न तक इलाज संभव है यदि इसे शुरुआती स्टेज में पकड़ लिया जाए। नियमित जांच ही सबसे बड़ा हथियार है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की है कि 30 वर्ष से अधिक उम्र के हर व्यक्ति को साल में एक बार कैंसर स्क्रीनिंग जरूर करवानी चाहिए। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## नारायणगढ़ मार्किट कमेटी के नवनियुक्त चेयरमैन नरेंद्र राणा व वाइस चेयरमैन भूषण अग्रवाल ने संभाला पदभार

# किसान खुशहाल होगा तो हरियाणा समृद्ध होगा : सुमन सैनी

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष श्रीमती सुमन सैनी की उपस्थिति में हुआ पदभार ग्रहण

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार




**नारायणगढ़, 7 नवंबर।** नारायणगढ़ मार्किट कमेटी के नवनियुक्त चेयरमैन श्री नरेंद्र राणा और वाइस चेयरमैन श्री भूषण अग्रवाल ने आज हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी श्रीमती सुमन सैनी की उपस्थिति में पदभार ग्रहण किया।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बतों कटारिया, पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी, जिला प्रधान मनदीप राणा, किसान व आढ़ती वर्ग, तथा भाजपा कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

अपने प्रेरणादायक संबोधन में श्रीमती सुमन सैनी ने मार्किट के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह अवसर केवल पदभार ग्रहण का नहीं, बल्कि नई सोच, नई दिशा और किसानों के कल्याण के संकल्प का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी के नेतृत्व वाली हरियाणा सरकार किसानों की आय बढ़ाने, मंडियों के आधुनिकीकरण, 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा', पारदर्शी खरीद प्रणाली और फसल विविधीकरण तथा भावान्तर भरपाई जैसी योजनाओं को गति दे रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार 24 फसलों को एमएसपी पर खरीद रही है।

सुमन सैनी ने कहा कि सरकार की नीति स्पष्ट है – किसान खुशहाल होगा तो हरियाणा समृद्ध होगा।

उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि नारायणगढ़ मंडी को प्रदेश की आदर्श मंडियों में शुमार करने की दिशा में मिलजुलकर काम किया जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन में अपनी मेहनत और पार्टी के प्रति समर्पित होकर एक आम कार्यकर्त्ता भी मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के पद तक पहुंच सकता हैं।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बतों कटारिया ने कहा कि संगठन और सरकार दोनों का उद्देश्य किसान हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देना है। जिला प्रधान मनदीप राणा ने कहा कि नई मार्किट कमेटी मंडी के विकास और पारदर्शी नीलामी की दिशा में नए मानक स्थापित करेगी।

पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने कहा कि नरेंद्र राणा और भूषण अग्रवाल जैसे युवा और कर्मठ व्यक्ति जब जिम्मेदारी संभालते हैं, तो क्षेत्र का विकास स्वतः गति पकड़ता है।

चेयरमैन नरेंद्र राणा ने कहा कि वे किसानों और व्यापारियों की हर समस्या को प्राथमिकता से सुलझाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

मार्किट कमेटी के नवनियुक्त सदस्यों में चयेरमैन नरेंद्र राणा कराली, वाईस चेयरमैन भूषण अग्रवाल, मार्किट कमेटी के सदस्य बलबीर सिंह गांव सम्भालवा, भूषण शर्मा छोटी कोहड़ी, रविंद्र आर्य बधौली, मुकेश लालपुर, सुखविंद्र सैनी गांव खानपुर, जसबीर सिंह गांव पंजलासा, अमीचंद गांव नेकनावा, श्रीपाल डेहर, दलबीर सिंह लखनौरा, भूपिंद्र सिंह सैनी गांव शाहपुर, सचिन वालिया गांव मिल्क, मैंबर शिवचानना कॉलोनी चानाना नारायणगढ़, हरपाल अरोड़ा जय श्री राम ट्रेडिंग कंपनी वार्ड 15 नारायणगढ़, राकेश कुमार छोटी भरेड़ी, सोमनाथ रायपुर विरान, रमेशलाल खेड़की मानकपुर, सतीश कुमार गांव अंबली है। मंडी परिसर में उपस्थित किसानों और आढ़तियों ने तालियों की गूंज और जयकारों के बीच नए पदाधिकारियों का अभिनंदन किया।

# श्री देवी तालाब का पवित्र स्थल केवल एक मंदिर नहीं यह हमारी आस्था, संस्कृति और गौरवशाली परंपराओं का केंद्र : नायब सैनी

- यह सेवा हमारी महान सिख और सनातन परंपरा का जीवंत उदाहरण
- पंजाब और हरियाणा एक ही संस्कृति व एक ही गौरवशाली इतिहास को करते है साझा
- मुख्यमंत्री ने जालंधर (पंजाब) स्थित श्री देवी तालाब मंदिर में कार सेवा के शुभांरभ कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में की शिरकत

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 7 नवंबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जालंधर का श्री देवी तालाब का यह पवित्र स्थल केवल एक मंदिर नहीं, यह हमारी आस्था, संस्कृति और गौरवशाली परंपराओं का केंद्र है। पवित्र सरोवर की कार सेवा केवल मिट्टी हटाना या तालाब को गहरा करना नहीं है। यह सेवा, समर्पण और सामुदायिकता की हमारी महान सिख और सनातन परंपरा का जीवंत उदाहरण है।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने यह बात जालंधर (पंजाब) स्थित श्री देवी तालाब मंदिर में कार सेवा के शुभांरभ कार्यक्रम में जुड़े सेवादारो को सम्बोधित करते हुए कही।

### कार सेवा समर्पण और एकता की बने मिसाल

श्री सैनी ने जालंधर के लोगों से कहा कि यह सरोवर आपके शहर की पहचान है। कार सेवा पूरी होने के बाद, असली जिम्मेदारी आपकी शुरू होगी। आप प्रतिदिन सरोवर की साफ-सफाई पर नजर रखें। सरोवर में पूजा सामग्री या अन्य गंदगी फेंकने वालों को रोकें। मंदिर कमेटी, स्थानीय लोगों के सहयोग से सरोवर की पवित्रता बनाए रखने के लिए कठोर नियम बनाएं और उनका पालन सुनिश्चित करें। हम सब मिलकर संकल्प लें कि यह कार सेवा केवल एक परियोजना न रहे, बल्कि यह समर्पण और एकता की मिसाल बने। इस सरोवर को इतना भव्य और पवित्र बनाना है कि यह पूरे विश्व के श्रद्धालुओं के लिए एक प्रेरणा स्रोत बन जाए।

**सरोवर की प्राचीन और प्राकृतिक पवित्रता वापस लाना हम सबका लक्ष्य:** उन्होंने कहा कि इस पवित्र सरोवर का जीर्णोद्धार और शुद्धिकरण वास्तव में ईश्वर की सेवा है, जो हमें मानवता के प्रति अपनी जिम्मेदारी का बोध कराता है। इस सरोवर की प्राचीन और प्राकृतिक पवित्रता वापस लाना हम सबका लक्ष्य है। पंजाब और हरियाणा एक ही संस्कृति और एक ही गौरवशाली इतिहास को साझा करते हैं। हमारे रिश्ते केवल भौगोलिक नहीं, बल्कि आध्यात्मिक और खून के हैं।

**सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं:** श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कार सेवा हमें सिखाती है कि सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं। जिन्होंने बिना किसी अपेक्षा के इस पुनीत कार्य में अपना श्रम, समय और संसाधन लगाने का संकल्प लिया है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे इस कार सेवा में बढ़-चढ़कर भाग लें। यह श्रमदान आपको अपनी जड़ों से जोड़ेगा और आपको सामूहिक जिम्मेदारी का पाठ पढ़ाएगा। आज हम जिस पवित्र कार्य के लिए एकत्रित हुए हैं, वह केवल एक सरोवर की सफाई नहीं है, यह हमारी धरती माता और हमारी अमूल्य जल संपदा की वंदना है।

**जल की शुद्धता ही जीवन की सर्वोच्चता:** मुख्यमंत्री ने कहा कि जल ही जीवन है, और जल की शुद्धता ही जीवन की सर्वोच्चता है। हम भारतीय, आदिकाल से ही प्रकृति को पूजते आए हैं। हमारे लिए नदी, पहा?, वृक्ष और जल, ये सब देवभूमि हैं। आज जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संकट से जूझ रही है, तब यह कार सेवा हमें याद दिलाती है कि समाधान किसी विदेशी प्रयोगशाला से नहीं आएगा, बल्कि हमारी अपनी परंपरा और सामूहिक सेवाभाव से आएगा।

**युवा श्रमदान, जागरूकता और नवप्रवर्तन का करें कार्य:** उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं, जिनमें सबसे ज्यादा ऊर्जा, जोश और तकनीकी ज्ञान है। उन्होंने युवाओं से योगदान देने का आह्वान किया कि श्रमदान, जागरूकता और नवप्रवर्तन करने से मिट्टी में उतरकर काम करने से जो आत्मिक शांति और गर्व मिलेगा, वह किसी और चीज से नहीं मिल सकता, डिजिटल सेवादार बनकर जागरूकता फैलाने कार्य करे और नई सोच इस प्राचीन तीर्थ को आधुनिक बना सकती है।

# बलटाना सुखना चो पर फ्लाइओवर बनाने के लिए एनओसी की सारी फॉर्मेलिटी पूरी

## नगर परिषद ने भरनी है करीब 17 लाख फीस

- एक सप्ताह में मिल जाएगी एनओसी ,बलटाना चो का काम पकड़ेगा रफ्तार

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 7 नवंबर।** पंजाब सरकार द्वारा बलटाना से निकलने वाले सुखना चो पर फ्लाइओवर का निर्माण शुरू कर लोगों को दीवाली का तोहफा दिया है। जोकि बलटाना निवासियों के किए लिए मिल पत्थर साबित होगा। क्योंकि इस पुल के बनने से लोगों को कई किलोमीटर घूमने की बजाए मात्र पांच दस मिनट की दुरी रह जाएगी। बता दें के 2023 व 2025 की बाड़ में यह पुल दो बार टूट गया था। जिस कारण लोगों की हाइवे से कनेक्टविटी टूट जाती थी और लोगों को कई किलोमीटर घूमकर व जाम का समाना करते हुए बलटाना पहुंचना प?ता था। लोगों की समस्या को देखते हुए करीब ढाई महीने पहले हलका विधायक द्वारा उद्घाटन किया गया था। जिसके चलते पीडब्लूयूडी विभाग द्वारा बुधवार को फ्लाइओवर का काम शुरू कर दिया गया है। मौके से मिली जानकारी अनुसार यह फ्लाइओवर करीब 9 महीनों में बनाकर तैयार कर दिया जाएगा। जिसकी ऊंचाई 12 फीट बनाई जाएगी ताकि बाड़ के दौरान पानी आसानी से निकल जाए। जानकारी अनुसार 300 मीटर लंबाई में तीन स्पेन बनाए जाएंगे। एक स्पेन 17 मीटर चौ?ा होगा और पुल की टोटल चौ?ाई 10 मीटर रखी जाएगी। पुल के निर्माण के लिए पीडब्लूयुडी विभाग द्वारा 5 करो? 92 लाख 66 हजार रूपये का बजट तय किया गया है। जिसे 9 महीने में पूरा कर दिया जाएगा। पुल का काम शुरू होने से बलटाना निवासियों में खुशी की लहर है और लोग विधायक व सरकार का धन्यवाद किया जा रहा है। बता दें के इस पहले जो पुल सुखना चो पर बनाया गया है वह काफी निचले स्तर पर है और बा? के दिनों में पानी उसके ऊपर से क्रास होने लगता है। जिस कारण पुल कई बार क्षति ग्रस्त हो चूका है। बाड़ के दौरान पुल के दोनों साइड की सेफ्टी के लिए लगाई ग्रिल बह जाती थी और धुंध के दिनों में दो से तीन वाहन नदी में गिर गए थे। जिसके चलते रिपेयर तो की गई थी लेकिन इस बार जुलाई 2025 में आई बा? ने पुल को काफी नुकसान पहुंचा दिया था। नया पुल बनने के साथ लोगों की समस्या का स्थाई हल हो जाएगा।

### पुल का काम शुरू होने से जहां लोगों को राहत मिली वहीं पुल के निर्माण के दौरान

कुछ परेशानियां भी झेलनी प?गी। मौके से मिली जानकारी अनुसार निर्माण कार्य के दौरान रास्ता पूर्ण तौर पर बंद भी किया जा सकता है। इस के लिए विभाग द्वारा अभी प्लान बनाया जा रहा है के रास्ते को पूरा बंद किया जाए या फिर एक एक साइड तैयार की जाए। यदि रुट डायवर्ट करने की जरूरत प?ती है तो ट्रेफिक पुलिस की मदद ली जाएगी। इसके लिए विभाग द्वारा लोगों से भी सहयोग की अपील की गई है। लोगों का कहना है के सुखना चो पर ब?ा पुल बनने से लोगों लो ब?ी राहत मिलेगी और यह वाक्य ही लोगों के लिए दीवाली का तोहफा है। यह पुल करीब 300 मीटर का है जिसे तकरीबन 9 महीने में पूरा कर दिया जाएगा।

साईट पर सरिया, सीमेंट पहुंच चूका है, कटिंग का काम दूसरी साईट पर शुरू हो चूका है। लेबर के लिए कैबिन भी रेडी मेड ही लाकर रखे जाएंगे। दस दिन में साईट पूरी तरह शुरू हो जाएगी और डीगिंग का काम लगभग शुरू हो चूका है। एनओसी अप्लाई की हुई थी वह विभाग द्वारा ओके कर दी गई है। जिसकी करीब 16 से 17 लाख रूपये फीस है वह नगर परिषद ने जमा करवानी है। बाकी एक सप्ताह के बाद काम पूरी तरह रफ्तार पकड़ लेगा।

–गुलाब सिंह, जेई पीडब्लूयुडी।

# रेल डिब्बा कारखाना कपूरथला में 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रम आयोजित

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**कपूरथला, 7 नवंबर।** रेल डिब्बा कारखाना (आर सी एफ), कपूरथला ने आज भारत के राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के समारोह की शुरुआत देशभक्ति के जोश और उत्साह के साथ की।वन्दे2 मातरम गीत बंकिम चन्द्र0 चटर्जी द्वारा संस्कृात में रचा गया है और यह यह स्व तंत्रता की लड़ाई में लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत था।

इस ऐतिहासिक अवसर को मनाने के लिए आर सी एफ परिसर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भारत के स्वतंत्रता संग्राम में 'वंदे मातरम' की गहन भूमिका और राष्ट्रीय एकता और गौरव के प्रतीक के रूप में इसकी चिरस्थायी विरासत पर प्रकाश डाला गया। आर सी एफ के अधिकारियों, कर्मचारियों और कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया और गहरी श्रद्धा के साथ गीत प्रस्तुत किया, जिससे राष्ट्रीय भावना और भक्ति का माहौल बना।

इस अवसर पर आर सी एफ के अधिकारी तथा कर्मचारी वंदे मातरम गाने के लिए एकत्रित हुए और स्वतंत्रता सेनानियों के सर्वोच्च बलिदान और 'वंदे मातरम' में निहित शाश्वत मूल्यों को याद रखने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया, जो भारतीयों की पीढ़ियों को राष्ट्र की प्रगति और अखंडता के लिए काम करने के लिए प्रेरित करते रहेंगे।

इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण भी किया गया, जिसके साथ ही 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ के राष्ट्रव्यापी समारोह की शुरुआत हुई।

# नाराज जिला पार्षदों ने जिला परिषद सीईओ के दफ्तर पर लगाया ताला

अर्थ प्रकाश/शैलेन्द्र जैन

**करनाल, 7 नवंबर।** करनाल में जिला परिषद के कामों में हो रही देरी से नाराज भाजपा के जिला पार्षदों ने जिला परिषद कार्यालय में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर के कार्यालय को ताला लगा दिया। पार्षदों का कहना है कि सीईओ कार्यालय में आते ही नहीं हैं, जिस कारण उन्हें अपने काम करवाने के लिए कई-कई दिन चक्कर लगाने पड़ते हैं। उनका कहना है कि जिला में करोड़ों रुपए के विकास कार्य मंजूर पड़े हैं लेकिन तीन महीने से फाइलें अटकी हुई हैं वर्क ऑर्डर तक जारी नहीं हो रहे। देर होती रही तो ये फंड वापस चले जाएंगे और जनता के काम अधूरे रह जाएंगे।अधिकारी से मिलने को समय नहीं मिलता जिला पार्षद गुरदीप राणा व अन्य ने बताया कि सीईओ चेयरमैन के सचिव होते हैं, लेकिन सचिव कार्यालय में ही न रहें तो काम कैसे होगा। पार्षदों ने कहा कि कई बार समय लेकर कार्यालय पहुंचे, लेकिन आईएएस अधिकारी उनसे मिलने नहीं आए। जिससे ऐसा लग रहा है कि अधिकारी को न तो पार्षदों से मिलने की जरूरत महसूस होती है और न ही जनता के कामों की चिंता है।टॉप रैंक अधिकारी कहकर लगाया गया, काम में गंभीरता नहीं पार्षदों का कहना है कि आईएएस सोनू भट्ट को टॉप रैंक अधिकारी बताया गया, लेकिन उनके काम में वैसी गंभीरता दिखाई नहीं दे रही। पार्षदों का तर्क है कि अधिकारी को अपने जिले के निर्वाचित प्रतिनिधियों से मिलने का समय ही नहीं है तो आम नागरिकों की सुनवाई कैसे होगी । विकास कार्यों के लिए आए फंड का उपयोग न होना सबसे बड़ी समस्या बन गया है। पार्षदों का कहना है कि आठ महीने पहले काम पास हो चुके हैं, मगर अब भी वर्क ऑर्डर जारी नहीं किए जा रहे। इससे गांव-वार्ड में बने विकास योजनाओं का कोई लाभ जनता को नहीं मिल पा रहा।सरकार से तुरंत हस्तक्षेप की मांग पार्षदों ने साफ कहा कि अगर अधिकारी को काम ही नहीं करना तो लिखकर दे दें कि उन्हें यह चार्ज न दिया जाए। पार्षदों ने सरकार से मांग की है कि स्थिति को तुरंत सुधारा जाए, ताकि विकास कार्य बिना देरी के पूरे हो सकें ।

# भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रेल डिब्बा कारखाना, कपूरथला में हॉकी मैच आयोजित

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**कपूरथला, 7 नवंबर।** देश भर में आयोजित किए जा रहे भारतीय हॉकी शताब्दी समारोह 2025 के एक हिस्से के रूप में, ÷जीवन में एक बार मिलने वाला अवसर÷ की प्रेरक थीम के तहत, रेल डिब्बा कारखाना , कपूरथला ने भारतीय हॉकी के 100 गौरवशाली वर्षों के उपलक्ष्य में मैत्रीपूर्ण हॉकी मैच आयोजित किए।

आर सी एफ के पुरुष और महिला खिलाड़ियों, जिनमें कई ओलंपियन और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी शामिल थे, ने इस आयोजन में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने शानदार हॉकी कौशल का प्रदर्शन करते हुए खेल प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन मैचों ने भारत की समृद्ध हॉकी विरासत का जश्न मनाया और युवा खिलाड़ियों को देश की गौरवशाली हॉकी परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

आर सी एफ एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम आज ऊर्जा और उत्साह से भर गया क्योंकि हॉकी के भूतपूर्व और वर्तमान सितारों ने बेजोड़ टीम वर्क और खेल भावना का प्रदर्शन किया। खेल प्रेमियों ने हर कदम पर उत्साहपूर्वक तालियाँ बजाई, जिससे यह अवसर सचमुच यादगार बन गया।

आर सी एफ कपूरथला में आयोजित यह समारोह हॉकी इंडिया द्वारा भारतीय हॉकी में उत्कृष्टता की एक शताब्दी का जश्न मनाने के लिए एक राष्ट्रव्यापी पहल का हिस्सा था, जिसमें हॉकी के उन नायकों को याद किया गया जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश को गौरव दिलाया।


## उत्तर रेलवे

### खुली निविदा सूचना

वरि. मंडल विद्युत अभियंता / क.वि./ उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-टेंडरिंग केमाध्यम से निविदाये आमंत्रित करते है। इन निविदाओ को प्रत्येक कार्य के आगे दर्शाई गई तिथि को 15:00 बजे तक www.ireps.gov.in पर अपलोड किया जा सकता। इनको 15:00 बजे के उपरांत तत्काल खोला जायेगा।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा बंद/ खुलने की तिथि | लगभग लागत | धरोहर राशि | कार्य पूरा करने की अवधि | वैधता अवधि | टेण्डर फॉर्म की कीमत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ETrU-T-08-2025-26 | अंबाला डिवीजन में RDSO निर्देश संख्या TI/IN/0048 या लेटेस्ट के अनुसार मौजूदा SCADA सिस्टम में साइबर सुरक्षा लागू करने हेतु कार्य। | 28.11.2025 | ₹ 7,56,16,192/- | ₹ 5,28,100/- | 09 महीने | 60 दिन | Downloading through IREPS portal -NIL, ₹10,000/- Sr.DEE/TRD/UMB ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए) |

संख्या:. ETrU-T-08-2025-26 दिनांक: 06.11.2025 3456/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

### ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे अंबाला छावनी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आवंटित करने हेतु ई–नीलामी रेल्वे वेब साइट www.ireps.gov.in के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेकों का विवरण निम्नलिखित है।

| क्र. सं. | नीलामी काटलोग सं. | कार्य का विवरण | नीलामी तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1. | ADVT-UMB-SIR-OH-331-25-1 | सरहिंद रेलवे स्टेशन पर लॉलीपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार जिसमें लॉलीपॉप क्यूबॉइड की कुल संख्या 15 है और प्रत्येक लॉलीपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 19.11.2025 12:00:00 hrs. |
| 2. | ADVT-UMB-UMB-OH-328-25-1 | अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर लॉलीपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार जिसमें लॉलीपॉप क्यूबॉइड की कुल संख्या 20 है और प्रत्येक लॉलीपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 19.11.2025 12:00:00 hrs. |
| 3. | ADVT-UMB-DUI-OH-327-25-1 | धुरी रेलवे स्टेशन पर लॉलीपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार जिसमें लॉलीपॉप क्यूबॉइड की कुल संख्या 27 है और प्रत्येक लॉलीपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 19.11.2025 12:00:00 hrs. |
| 4. | ADVT-UMB-NLDM-OH-333-25-1 | नंगल डैम रेलवे स्टेशन पर लॉलीपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार जिसमें लॉलीपॉप क्यूबॉइड की कुल संख्या 10 है और प्रत्येक लॉलीपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 19.11.2025 12:00:00 hrs. |
| 5. | ADVT-UMB-AADR-OH-335-25-1 | अंब अंदौरा रेलवे स्टेशन पर लॉलीपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार जिसमें लॉलीपॉप क्यूबॉइड की कुल संख्या 12 है और प्रत्येक लॉलीपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 19.11.2025 12:00:00 hrs. |
| 6. | ADVT-UMB-SAG-OH-326-25-1 | संगरूर रेलवे स्टेशन पर लॉलीपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार जिसमें लॉलीपॉप क्यूबॉइड की कुल संख्या 14 है और प्रत्येक लॉलीपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 19.11.2025 12:00:00 hrs. |
| 7. | ADVT-UMB-RPJ-OH-330-25-1 | राजपुरा रेलवे स्टेशन पर लॉलीपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार जिसमें लॉलीपॉप क्यूबॉइड की कुल संख्या 09 है और प्रत्येक लॉलीपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 19.11.2025 12:00:00 hrs. |
| 8. | ADVT-UMB-UBC-OH-329-25-1 | अंबाला सिटी रेलवे स्टेशन पर लॉलीपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार जिसमें लॉलीपॉप क्यूबॉइड की कुल संख्या 10 है और प्रत्येक लॉलीपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 19.11.2025 12:00:00 hrs. |
| 9. | ADVT-UMB-ANSB-OH-334-25-1 | आनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशन पर लॉलीपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार जिसमें लॉलीपॉप क्यूबॉइड की कुल संख्या 12 है और प्रत्येक लॉलीपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5' x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 19.11.2025 12:00:00 hrs. |
| 10. | ADVT-UMB-PTA-OSD-336-25-1 | पटियाला रेलवे स्टेशन के पुराने प्रतीक्षालय की सामने की दीवार पर 112 वर्ग फुट के 02 वीडियो वॉल (प्रत्येक 14' x8') और स्टेशन भवन के बाहर 112 वर्ग फुट का एक वीडियो वॉल (14' x8') के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन अधिकार (डिजिटल) तीन वर्षों की अवधि के लिए। (विज्ञापन का कुल क्षेत्रफल 336 वर्ग फुट है।) (साइट योजना के अनुसार) | 19.11.2025 12:00:00 hrs. |

ई–नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर जायें। 3458/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## निविदा सूचना सं.: KIR/ENGG./64 OF 2025; दिनांक: 01-11-2025 के विरूद्ध शुद्धि-पत्र-01

कृपया प्रशासनिक आधार पर एनआईटी के अधीन उपरोक्त **निविदा संख्या 3 के संशोधित निविदा मूल्य** को पढ़े। विवरण निम्नानुसार हैं:

| निविदा सं. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | मौजूदा निविदा मूल्य | संशोधित निविदा मूल्य अब इस प्रकार पढ़ा जाएगा |
|---|---|---|---|
| 3 | सीनि. डीईएन/III/कटिहार के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत रंगापानी बेस यार्ड से तटबंध की मरम्मत और अन्य सहायक कार्य। | ₹. 3,15,01,761.27 | ₹. 3,15,01,761.19 |

उपरोक्त निविदा की अन्य सभी नियम एवं शर्तें यथावत हैं।

मंडल रेलवे प्रबंधक ( कार्य ), कटिहार

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## सार्वजनिक सूचना

संपदा अधिकारी, एचएसवीपी पंचकूला के समक्ष

विषय: आबंटी श्री चन्द्र कुमार तुली की बिना वसीयत मृत्यु के उपरान्त निर्मित सम्पति मकान नं० 625, सैक्टर-9, अर्बन एस्टेट पंचकूला का स्वामित्व के रुप में हस्तांतरण।

रिकार्ड के अनुसार उक्त वर्णित सम्पति के आबंटी श्री चन्द्र कुमार तुली की 20-10-2020 को मृत्यु हो गई है तथा उनकी कोई पंजीकृत या अपंजीकृत वसीयत नहीं है तथा उनके निम्नलिखित कानूनी वारिस है- 1.कमलेश कुमारी तुली (पत्नी) 2.औरबिन्दु तुली (पुत्र) 3.शिवाली मनचंदा (पुत्री)।

कमलेश कुमारी तुली पत्नी स्व. चन्द्र कुमार तुली निवासी #625, सैक्टर - 9, पंचकूला ने उक्त सम्पति को कानूनी वारिस होने के नाते अपने नाम में हस्तांतरित करने का आवेदन व पुन: अलाटमैंट कमलेश कुमारी तुली के नाम में करने की विनती की है यदि किसी व्यक्ति को कथित सम्पति के हस्तांतरण संबंधी कोई एतराज हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के भीतर सम्पदा अधिकारी HSVP पंचकूला के कार्यालय में उचित प्रमाण सहित लिखित रूप में अपने एतराज बताये अन्यथा उक्त सम्पति को सम्पदा अधिकारी की अनुमति से HSVP नीति के अनुसार हस्तांतरण/ पुन: अलाटमैंट कर दिया जायेगा और बाद में किसी दावे पर विचार नहीं किया जायेगा।

कमलेश कुमारी तुली
औरबिन्दु तुली, शिवाली मनचंदा
कानूनी वारिस, सम्पदा अधिकारी की ओर से

## सार्वजनिक सूचना

संपदा अधिकारी, एचएसवीपी पंचकूला के समक्ष

विषय:को-अलाटि श्री विश्व बन्धु खन्ना की मृत्यु के उपरान्त निर्मित सम्पति मकान न. 1747, सैक्टर-4, अर्बन एस्टेट पंचकूला का स्वामित्व के रुप में हस्तांतरण।

रिकार्ड के अनुसार उक्त वर्णित सम्पति के को-अलाटि श्री विश्व बन्धु खन्ना की 03-01-2023 को मृत्यु हो गई है तथा उनकी रीटा खन्ना के पक्ष में को पंजीकृत वसीयत है।

रीटा खन्ना पत्नी स्व. विश्व बन्धु खन्ना निवासी #1747, सैक्टर-4, पंचकूला ने उक्त सम्पति को उपरोक्त पंजीकृत वसीयत के आधार पर अपने हक में हस्तांतरण करने का आवेदन व पुन: अलाटमैंट रीटा खन्ना के नाम में करने की विनती की है।

यदि किसी व्यक्ति को कथित सम्पति को हस्तांतरण संबंधी कोई एतराज हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के भीतर सम्पदा अधिकारी HSVP पंचकूला के कार्यालय में उचित प्रमाण सहित लिखित रूप में अपने एतराज बताये अन्यथा उक्त सम्पति को सम्पदा अधिकारी की अनुमति से HSVP निति के अनुसार हस्तांतरण/ पुन: अलाटमैंट कर दिया जायेगा और बाद में किसी दावे पर विचार नहीं किया जायेगा।

रीटा खन्ना
वसीयत धारक, सम्पदा अधिकारी की ओर से

## NOTICE OF PUBLIC AUCTION

This office will hold auction of unserviceable items as detailed below:

| Date and time of auction | Place of auction | Reserve Price | Earnest Money |
|---|---|---|---|
| 11.11.2025 at 2.00PM | Site Store, Haryana MLA Flat, Sector 3,Chandigarh. | Rs.2,57,900/- | Rs.25,800/- |

The details, terms & conditions may be read out in the office of undersigned. The undersigned will have the right to accept or reject any bid without assigning any reason.

Sub Divisional Engineer, Provincial Sub Division No.6, Hr.PWD B&R Br.Chandigarh.

## संपदा कार्यालय, यू.टी., चंडीगढ

कार्यालय:– टाउन हॉल बिल्डिंग, सेक्टर 17, चंडीगढ

### सार्वजनिक सूचना

श्री नवीन, दानिक्स सहायक संपदा अधिकारी, यू.टी., चंडीगढ़ के समक्ष

संख्या: 0003145/RP-1180/GROUP 1/2025 दिनांक: 16.10.2025



**विषय: स्वर्गीय श्रीमति वेद प्रभा कपूर की बिना वसीयत के मृत्यु के आधार पर आवासीय स्थल संख्या 1245, सेक्टर 8–सी, चंडीगढ़ (आरपी 1180) के संबंध में 16.66% शेयर की सीमा तक स्वामित्व का हस्तांतरण।**

आम जनता और सभी संबंधितों की जानकारी के लिए सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के रिकॉर्ड के अनुसार श्रीमति वेद प्रभा कपूर **आवासीय स्थल संख्या 1245, सेक्टर 8–सी, चंडीगढ़** की **16.66%** शेयर की सीमा तक मालिक/पट्टेदार हैं।

सुधीर कपूर द्वारा सूचित किया गया है कि **श्रीमति वेद प्रभा कपूर** का निधन 09.01.2013 को हो गया और उन्होंने मृतक मालिक/पट्टेदार के निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारियों को भी सूचित कर दिया है:–

| क्र. सं. | कानूनी उत्तराधिकारी का नाम | मृतक से संबंध |
|---|---|---|
| 1. | सुधीर कपूर | पुत्र |
| 2. | दीपक कपूर | पुत्र |

अब, सुधीर कपूर ने दिवंगत श्रीमति वेद प्रभा कपूर द्वारा धारित **16.66%** शेयर की सीमा तक, **बिना वसीयत के मृत्यु** के आधार पर, **आवासीय स्थल संख्या 1245, सेक्टर 8–सी, चंडीगढ़** के संबंध में स्वामित्व हस्तांतरण के लिए आवेदन किया है। यदि किसी के पास मृतक के उपरोक्त कानूनी उत्तराधिकारियों के अलावा किसी अन्य कानूनी उत्तराधिकारी के बारे में कोई जानकारी है, तो वह तुरंत संपदा अधिकारी, केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ को सूचित कर सकता है।

यदि किसी को उक्त संपत्ति में उक्त हिस्से के नामांतरण पर, उपरोक्त आवेदकों के पक्ष में, कोई आपत्ति है, तो **वह/वे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में लिखित रूप में (मजिस्ट्रेट/नोटरी** द्वारा विधिवत सत्यापित शपथ पत्र के साथ) प्रस्तुत कर सकते हैं। ऐसा न करने पर, उक्त संपत्ति में उक्त हिस्से का नामांतरण तदनुसार उपरोक्त लाभार्थियों के नाम कर दिया जाएगा और बाद में किसी भी प्रकार के दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

नवीन, दानिक्स, सहायक संपदा अधिकारी,
संपदा अधिकारी की शक्तियों का प्रयोग करते हुए, संघ राज्य क्षेत्र, चंडीगढ़

## 19 संख्यक सेतुओं के लिए निरीक्षण प्लेटफॉर्म का प्रावधान

ई-निविदा सूचना संख्या. DCBL/14/2025/MLG तारीखः 04-11-2025। नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदा आमंत्रित किया गया हैं। **निविदा संख्या. DCBL192025MLG।** **कार्य का नामः** एसएसई/बीआर/बंगाईगॉव के अधीन 19 संख्यक सेतुओं के लिए (ओपन वेब गर्डर) निरीक्षण प्लेटफॉर्म का प्रावधान कराना। **अनुमानित निविदा राशिः** ₹7,51,14,079.44/- **धरोहर राशिः** ₹5,25,600/-। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 26-11-2025 तारीख के 15.00 बजे में उप मुख्य अभियंता/ ब्रिज-लाइन/ मालीगॉव कार्यालय में। उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

डीवाई.सीई/ब्रीज-लाइन/मालिगॉव

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में

## सार्वजनिक सूचना

सं. एचबीएच/ईएम/पीकेएल/2025/3792
दिनांक: 06.11.2025

आम जनता और सभी संबंधित की जानकारी हेतु अधिसूचित किया जाता है कि संपत्ति सं. फ्लैट सं. 20–एफएफ, सेक्टर–3–4–4ए, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, पिंजोर–कालका, पंचकूला, हरियाणा, जोश्री सूरज कागरा पत्नी श्री देशराज कागरा निवासी मकान सं. 166, 4 कुतुब गेट, हांसी, हिसार, हरियाणा के नाम में दर्ज है, जो इस संपत्ति के स्वामी थे, ने 15.10.2025 को सामान्य हस्तांतरण के लिए आवेदन किया है, ने सामान्य हस्तांतरण नीति के दस्तावेजों के आधार पर श्रीमती कुसुम पत्नी श्री राज कुमार निवासी फ्लैट सं. 31 जीएफ, एच.बी. कालोनी, समीप डीएलएफ वैली, सेक्टर–3–4–4ए, पिंजोर, कालका, पंचकूला, हरियाणा के नाम में कथित संपत्ति के सामान्य हस्तांतरण के लिए आवेदन किया है।

यदि किसी व्यक्ति को आवेदक के पक्ष में कथित संपत्ति के हस्तांतरण में कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

संपदा प्रबंधक
हाउसिंग बोर्ड हरियाणा,पंचकूला

### छात्र नेताओं, सीनेटरों, एसजीपीसी प्रधान, किसान यूनियन के पदाधिकारियों की एक ही दलील

# पंजाब व पीयू को कमजोर करने की साजिश रच रहा केंद्र

बोले छात्र नेता, सीनेट के मेंबर 90 से घटाकर 31 करना, यूनिवर्सिटी व कालेजों को कमजोर करना

सीनेटरों की दलील, सीनेट रखती थी, सरकार व प्रशासन पर चैक-बैलेंस, अब स्टूडेंट्स का क्या होगा

मनमानी फीस बढ़ेगी, अपना एजेंडा लागू करेगा आरएसएस, पंजाब की गर्दन कटेगी



फोटो: अजीत कौशल

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 7 नवंबर।** पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ में केंद्र की ओर से सीनेट को पुनर्गठित करने के मुद्दे पर राजनीतिक हो-हल्ला लगातार जारी है। न केवल छात्र संगठन बल्कि ग्रेजुएट कांस्टीच्यूएंसी से जुड़े सीनेट सदस्य, किसान यूनियनें व उनके प्रतिनिधि, विभिन्न राजनीतिक पार्टियां और उनसे जुड़े नेता बल्कि एसजीपीसी जैसी धार्मिक संस्थाएं भी केंद्र की भाजपा सरकार और उनके अभिभावक संगठन आरएसएस के खिलाफ मैदान में उतर चुकी हैं। इनकी दलील है कि पंजाब के हकों को केंद्र की ओर से कमजोर करने की लगातार साजिश रची जा रही है। एक तय एजेंडे के तहत बीते कुछ सालों से आगे बढ़ा जा रहा है। पंजाब और पंजाबियों की आवाज को दबाना मकसद है लेकिन पंजाबी कौम वह कौम है जो अपने हकों के लिये जोरशोर से आवाज उठाएगी। यह वह कौम है जो जुल्म-ज्यादतियों से न डरी है और न डरेगी। अपना हक लेना व मांगना उन्हें बखूबी आता है। विभिन्न पदाधिकारियों ने कहा कि जुल्मी सत्ता को हमेशा कौम ने वाजिब जवाब दिया है। आगे भी इसी तरह का माकूल जवाब दिया जाता रहेगा। शुक्रवार को संत गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी)के हरजिंदर सिंह धामी पंजाब यूनिवर्सिटी में पंजाब यूनिवर्सिटी बचाओ मोर्चा के वीसी ऑफिस के बाहर बैठे आंदोलनकारी व प्रदर्शनकारी छात्रों के टैंट में पहुंचे। सत्थ व अन्य छात्र संगठन से जुड़े नेता इसकी अगुवाई कर रहे हैं। हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि पंजाब को कमजोर बनाने की साजिश केंद्र की भाजपा व उसके पैतृक संगठन आरएसएस की ओर से की जा रही है। एक के बाद एक सिलसिलेवार ढंग से केंद्र अपना सैट किया हुआ एजेंडा आगे बढ़ा रहा है।

#### जो लोकतांत्रिक ढ़ांचा पहले तैयार किया गया था, वह समाप्ति की दिशा में जा रहा

सीनेट में नोमिनेट मेंबर होंगे जो केंद्र सरकार या पीयू प्रशासन की कृपादृष्टि के होंगे। उनसे किसी वाजिब बात को सामने रखने की उम्मीद रखना बेमानी होगा। जो लोकतांत्रिक ढ़ांचा पहले तैयार किया गया था, वह समाप्ति की दिशा में जा रहा है। केंद्र सरकार के एक पूर्व मंत्री तो सीधे सीधे चेतावनी दे गये थे कि जब हम धारा 370 समाप्त कर सकते हैं तो सीनेट को निपटाना तो उनके लिये छोटी सी बात है। छात्र नेताओं, सीनेट सदस्यों, एसजीपीसी प्रधान हरजिंदर सिंह धामी व अन्य आगुओं ने कहा है कि अगर केंद्र सरकार ने अपने कदम पीछे नहीं खींचे तो आंदोलन आगे बढ़ेगा चाहे इसकी कितनी भी बड़ी कीमत क्यों न चुकानी पड़े। साथ ही इन्होंने छात्र नेताओं को भी कहा कि आंदोलन बिलकुल अहिंसात्मक तरीके से आगे बढ़ना चाहिए क्योंकि बहुत सी ताकतें मुहिम या आंदोलन को कमजोर करने के लिये पहले ही सक्रिय हो चुकी हैं।

पहले पंजाब यूनिवर्सिटी का प्रशासनिक ढांचा चलाने वाली सीनेट को पुनर्गठित कर इसका ढांचा बदला जा रहा है ताकि मनमाने फैसले यहां लिये जा सकें। केंद्र , पंजाब यूनिवर्सिटियों के अधिकारियों की मार्फ्त वो सब कर सके जो उन्हें सूट करता है लेकिन हम केंद्र सरकार की ऐसी कोशिशों को सफल नहीं होने देंगे। कल यही संस्थान मनमानियां कर फीसें बढ़ाएंगे और स्टूडेंट्स केवल देखते रह जाएंगे क्योंकि शिक्षा उनकी पहुंच से बाहर हो जाएगी। सीनेट मेंबरों, प्रभजीत सिंह, अकाली लीडर और स्टूडेंट नेता रहे सिमरनजीत सिंह ढिल्लों व संदीप सिंह सीकरी ने कहा कि पंजाब यूनिवर्सिटी के साथ 200 से ज्यादा कालेज अब जुड़े हुए हैं। पंजाब की शिक्षा को तबाह करने की साजिश की जा रही है। मनमाने फैसले थोंपने की दिशा में कदम बढ़ाये जा रहे हैं। ग्रेजुएट कांस्टीच्यूएंसी के सीनेट सदस्यों की जो रोक टोक पंजाब यूनिवर्सिटी प्रशासन को गलत कार्य या मनमाने फैसले करने से रोकती थी, अब 91 से 31 सदस्य हो जाने पर मनमानियां होंगी। कालेजों व यूनिवर्सिटी में फीसें बढ़ेंगी।

## वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे: चंडीगढ़ में देशभक्ति से सराबोर भव्य आयोजन





अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 7 नवंबर।** राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को चंडीगढ़ में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन चंडीगढ़ प्रशासन के सांस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा रानी लक्ष्मीबाई महिला भवन, सेक्टर 38 में किया गया, जिसमें देशभक्ति, एकता और सांस्कृतिक विविधता का अद्भुत संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम में पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह की शुरुआत जीएमएसएसएस-16 के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत 'वंदे मातरम' के मधुर गायन से हुई, जिसने पूरे सभागार में देशभक्ति की भावना जगा दी। इसके बाद शहर के विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने देश की स्वतंत्रता से लेकर विकास यात्रा तक को दर्शाते हुए नृत्य, नाटक और माइम प्रस्तुतियां दीं।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़, झारखंड और ओडिशा से आए लगभग 200 जनजातीय विद्यार्थी, जो 17वें जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत चंडीगढ़ आए हुए हैं, ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। उनकी सहभागिता ने कार्यक्रम में विविधता में एकता की भावना को और सशक्त किया।

कार्यक्रम के दौरान भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण भी किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा, 'वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत माता की आत्मा, शक्ति और एकता का पवित्र मंत्र है।' उन्होंने कहा कि यह गीत स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा बना और अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों को प्रेरणा देता रहा। प्रधानमंत्री ने नागरिकों से आह्वान किया कि वे वंदे मातरम् की भावना से प्रेरित होकर 2047 तक एक आत्मनिर्भर, सशक्त और विकसित भारत के निर्माण में योगदान दें।

अपने संबोधन में राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने 'वंदे मातरम' के नारे से शुरुआत करते हुए प्रधानमंत्री को इस राष्ट्रीय आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि 'वंदे मातरम' भारत की आत्मा और स्वर है, जिसे बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने भारत माता को शक्ति और भक्ति के प्रतीक रूप में चित्रित करते हुए लिखा था। उन्होंने बताया कि 1905 में बंगाल विभाजन के बाद यह गीत स्वतंत्रता आंदोलन का नारा बन गया और देशभर में एकता का प्रतीक बना।

राज्यपाल ने मांगरह धाम और जलियांवाला बाग के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि यह गीत धर्म, भाषा और क्षेत्र से परे सभी भारतीयों को एक सूत्र में जोड़ता है। कार्यक्रम में मेयर श्रीमती हरप्रीत कौर बबला, राज्यसभा सांसद सतनाम सिंह संधू, मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद (आईएएस), पुलिस महानिदेशक डॉ. सागर प्रीत हूडा (आईपीएस), सचिव (हॉस्पिटैलिटी) स्वप्निल एम. नाइक, उपायुक्त निशांत कुमार यादव (आईएएस) तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### चंडीगढ़ में मनाया भारतीय हॉकी का शताब्दी वर्ष

## प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने लॉन्च किया 'चंडीगढ़ हॉकी लीग का लोगो'

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 7 नवंबर।** भारतीय हॉकी के 100 गौरवशाली वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में हॉकी चंडीगढ़ द्वारा यूटी चंडीगढ़ खेल विभाग के सहयोग से सेक्टर-42 स्थित हॉकी स्टेडियम में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि यूटी चंडीगढ़ के मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

समारोह की शुरुआत स्वागत भाषण से हुई, जिसे हॉकी चंडीगढ़ के अध्यक्ष करण गिल्होत्रा ने दिया। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ के लिए यह गर्व का विषय है कि वह भारतीय हॉकी के शताब्दी समारोह की मेजबानी कर रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य नई पीढ़ी को भारतीय हॉकी की स्वर्णिम विरासत से जोड़ना है। कार्यक्रम के दौरान प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने'चंडीगढ़ हॉकी लीग' का लोगो लॉन्च किया। उन्होंने बताया कि यह लीग हर वर्ष आयोजित की जाएगी और इसमें 35 लाख रुपये की पुरस्कार राशि रखी गई है। इस अवसर पर उन्होंने सभी उपस्थित लोगों को 'नशा मुक्त भारत'की शपथ भी दिलाई। समारोह में उन खिलाड़ियों और कोचों को सम्मानित किया गया जिन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चंडीगढ़ का नाम रोशन किया है। सम्मानित खिलाड़ियों में ओलिंपियन दीपक ठाकुर, राजपाल सिंह, बलजीत सिंह और गुरजंत सिंह शामिल थे। इसके साथ ही भारतीय टीम के वर्तमान खिलाड़ी संजय, मनिंदर सिंह और विक्रमजीत सिंह को भी सम्मानित किया गया। भारतीय जूनियर टीम के कप्तान रोहित के परिजन भी इस अवसर पर मौजूद रहे। अपने संबोधन में गुलाब चंद कटारिया ने कहा, 'चंडीगढ़ ने भारतीय हॉकी को अनेक ओलंपियन खिलाड़ी दिए हैं जिन्होंने देश का गौरव बढ़ाया है। यहां की प्रतिभा और खेल भावना प्रेरणादायक है। मुझे विश्वास है कि आने वाले वर्षों में चंडीगढ़ भारतीय हॉकी के विकास में अहम भूमिका निभाएगा।'

उन्होंने हॉकी लीग के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि प्रशासन खिलाड़ियों को सर्वोत्तम सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि पंजाब ने हमेशा भारतीय हॉकी का नेतृत्व गर्व के साथ किया है और उम्मीद जताई कि राज्य भविष्य में भी इस गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाता रहेगा। कार्यक्रम का समापन हॉकी चंडीगढ़ की ओर से धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ, जिसमें चंडीगढ़ प्रशासन, खेल विभाग और सभी सहयोगी संस्थाओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# चंडीगढ़ में ऑटो-रिक्शा चालकों पर शिकंजा, सात महीनों में 830 चालान

चंडीगढ़ में करीब 6,000 ऑटो-रिक्शा स्थानीय रूप से पंजीकृत, पंजाब और हरियाणा से लगभग 1,000 ऑटो-रिक्शा को परमिट मिला हुआ

ऑटो चालकों के खिलाफ औसतन चार चालान प्रतिदिन जारी किए जा रहे हैं, जिनमें लापरवाही से ड्राइविंग, अधिक सवारी बैठाना और अवैध पार्किंग जैसी शिकायतें शामिल

वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 1,751 चालान जारी किए गए थे, जो 2024-25 में बढ़कर 2,011 हो गए। इस वित्तीय वर्ष (2025-26) में चालानों की संख्या 4,000 के पार जाने की उम्मीद



अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 7 नवंबर।** शहर में ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने वाले ऑटो-रिक्शा चालकों पर प्रशासन का शिकंजा कसता जा रहा है। राज्य परिवहन प्राधिकरण (एसटीए) ने मौजूदा वित्तीय वर्ष के पहले सात महीनों में 830 ऑटो-रिक्शा चालकों के खिलाफ चालान जारी किए हैं। यह संख्या पिछले तीन वर्षों की तुलना में अधिक है। जानकारी के अनुसार, चंडीगढ़ में करीब 6,000 ऑटो-रिक्शा स्थानीय रूप से पंजीकृत हैं, जबकि पंजाब और हरियाणा से लगभग 1,000 ऑटो-रिक्शा को परमिट मिला हुआ है। इन ऑटो चालकों के खिलाफ औसतन चार चालान प्रतिदिन जारी किए जा रहे हैं, जिनमें लापरवाही से ड्राइविंग, अधिक सवारी बैठाना और अवैध पार्किंग जैसी शिकायतें शामिल हैं। एसटीए के सचिव अमित कुमार ने बताया कि ऑटो-रिक्शा चालक ट्रैफिक नियमों के सबसे अधिक उल्लंघनकर्ता पाए गए हैं, जिन्होंने बसों और मैक्सी कैब्स को भी पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने कहा, हम जल्द ही ऑटो-रिक्शा चालकों के खिलाफ विशेष अभियान भी चलाने जा रहे हैं ताकि सडक़ पर इनकी ड्राइविंग में सुधार हो सके।

पिछले वर्ष सितंबर में सेक्टर 16/17 चौक के पास हुए एक दर्दनाक हादसे के बाद यह कार्रवाई और सख्त हुई। उस दुर्घटना में एक दंत चिकित्सक और उनके साथी की मौत हो गई थी, जब आठ सवारियों से भरा ऑटो-रिक्शा साइकिल सवारों को टक्कर मारने के बाद पलट गया था। अधिकारियों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 1,751 चालान जारी किए गए थे, जो 2024-25 में बढक़र 2,011 हो गए। इस वित्तीय वर्ष (2025-26) में चालानों की संख्या 4,000 के पार जाने की उम्मीद है, जिससे लगभग 4 करोड़ का राजस्व प्राप्त हो सकता है। अब तक 31 अक्तूबर तक 2,287 नए वाहनों का पंजीकरण भी किया जा चुका है। शहर में ऑटो-रिक्शा यातायात को नियंत्रित करने के लिए यूटी प्रशासन ने मध्य मार्ग पर 12 निर्धारित पिकअप व ड्रॉप पॉइंट बनाने की योजना तैयार की है। ट्रांसपोर्ट चौक से लेकर पीजीआईएमईआर चौक तक के 12 सेक्टरों में यह व्यवस्था की जाएगी। लगभग 13 लाख की लागत से यह कार्य दो महीनों में पूरा करने का लक्ष्य है। यूटी के मुख्य अभियंता सी.बी. ओझा ने बताया, यह एक पायलट प्रोजेक्ट है। सडक़ सुरक्षा समिति की बैठकों में बार-बार यह मुद्दा उठाया गया कि ऑटो-रिक्शा चालक कहीं भी रुककर सवारियां बिठा लेते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। इस व्यवस्था से इस समस्या पर नियंत्रण पाया जा सकेगा।

#### ऑटो चालकों पर नकेल कसनी शुरू

किसी भी जगह रुककर जब ऑटो चालक सवारियां बिठाते हैं तो पीछे आ रही गाड़ी या दोपहिया चालक को यह मालूम ही नहीं होता कि ऑटो रुकेगा। इससे बहुत दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। अक्सर पीछे आ रही गाडियां ऑटो से भिड़ जाती हैं जबकि चौक पर या साइड में खड़ी सवारी देखकर ऑटो चालक उधर अपना ऑटो मोड़ते हैं और अचानक रोक लेते हैं जिससे दूसरे वाहन चालकों को बहुत परेशानी होती है। ऑटो को पूरी तरह भरकर या तय सवारियों से ज्यादा सवारियां बिठाना एक अन्य परेशानी है। जो सवारियां पहले बैठी होती हैं वह ऐतराज भी करती हैं कि ऑटो भर चुका है लेकिन उनसे इस बात को लेकर ऑटो चालक झगड़ पड़ते हैं। तीसरा ऑटो को तय स्पीड से अधिक गति से दौड़ाना। सडक़ सुरक्षा समिति की जितनी भी बैठकें हुई हैं उनमें ऑटो चालकों का मुद्दा प्रमुख मुद्दा रहता है। यही वजह है कि ट्रैफिक पुलिस व एसटीए ने अब इन पर नकेल कसनी शुरू कर दी है। यानि चंडीगढ़ प्रशासन अब ऑटो-रिक्शा चालकों की मनमानी पर रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठा रहा है। बढ़े चालान, नए नियम और तय स्टॉपिंग पॉइंट ताकि शहर की सडक़ों पर यातायात व्यवस्था सुरक्षित और सुचारू हो सके।

## एमसी चंडीगढ़ ने कानूनी गोद लेने और खास ज़रूरतों वाले बच्चों को सशक्त बनाने का संकल्प लिया

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 7 नवंबर।** एक समावेशी और दयालु समाज बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन चंडीगढ़ ने कमिश्नर अमित कुमार, के नेतृत्व में, कॉर्पोरेशन के सभी अधिकारियों के साथ मिलकर, कानूनी गोद लेने और खास ज़रूरतों वाले बच्चों की सुरक्षा को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

यह पहल मुख्यधारा के समाज में दिव्यांग (विशेष रूप से सक्षम) बच्चों के बारे में जागरूकता बढ़ाने, उनके अधिकारों की रक्षा करने और उन्हें पूरी तरह से शामिल करने के प्रति कॉर्पोरेशन की अटूट प्रतिबद्धता को दिखाती है।

इस मौके पर बोलते हुए, एमसी कमिश्नर अमित कुमार, ने इस बात पर ज़ोर दिया कि यह सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक ज़िम्मेदारी ज़रूरी है कि हर बच्चे को - चाहे वह किसी भी काबिलियत का हो - प्यार, देखभाल और आगे बढ़ने के मौके मिलें। उन्होंने बताया कि यह संकल्प समाज के सभी वर्गों के लिए समानता, गरिमा और समावेशिता बनाए रखने के नागरिक कर्तव्य की याद दिलाता है।

म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन ने कल्याणकारी पहलों का समर्थन करने और समुदाय को अलग-अलग तरह से सक्षम बच्चों की ज़रूरतों के प्रति संवेदनशील बनाने के अपने समर्पण को दोहराया। जागरूकता अभियानों और सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर, कॉर्पोरेशन का लक्ष्य एक ऐसा माहौल बनाना है जो कानूनी गोद लेने और खास ज़रूरतों वाले बच्चों को सशक्त बनाने को बढ़ावा दे।

यह पहल भारत सरकार के समावेशी विकास के विज़न के अनुरूप है और चंडीगढ़ की एक ऐसे शहर के रूप में प्रतिष्ठा को मज़बूत करती है जो दया, समानता और सामाजिक न्याय को महत्व देता है।

## बलटाना में ए-टू-जेड टूर एंड ट्रैवल कंपनी के दफ्तर में घुसकर मालिक पर तलवारें व डंडें से किया हमला

पंचकुला में तैनात महिला मुलाजिम की गाड़ी के तोड़े शीशे








अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 7 नवंबर।** वधावा नगर बलटाना में ए-टू-जेड टूर एंड ट्रैवल कंपनी के दफ्तर में घुसकर पांच से छह बदमाशों ने तलवारों व डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में कंपनी मालिक 54 वर्षीय सोम दत्त बूरी तरह से घायल हुए, वहीं आरोपियों हरियाणा पुलिस में 112 पीसीआर पर तैनात महिला मुलाजिम सिंपल की दफ्तर के बाहर खड़ी ह्युंडई एक्सटर गाड़ी भी तोड़ दी। हमलावरों ने टूर एंड ट्रैवल दफ्तर के शीशे तोड़ दिए। बताया जा रहा है कि हमला करने वाले नशेड़ी थे। हमले के बाद सभी मौके से फरार हो गए लेकिन एक हमलावर की स्कूटी लोगों ने जब्त कर ली। पुलिस ने उसे काबू कर लिया है। घायल सोमदत्त को पंचकूला सेक्टर-6 अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जहां वह जेरे ईलाज है। डॉक्टरों के अनुसार सोम दत्त के सिर, कान व पसलियों में गहरी चोटें आई हैं, उसे 15 टांके लगे हैं। बलटाना पुलिस चौकी ने घायल के बयान दर्ज कर लिए हैं, वहीं महिला मुलाजिम सिंपल ने भी अलग तौर पर अपनी गाड़ी तोडने की शिकायत पुलिस चौकी को दी है।

ए-टू-जेड टूर एंड ट्रैवल कंपनी में काम करने वाले कर्मचारी अभिषेक ने बताया कि वीरवार शाम करीब 7 बजे सात से आठ लडक़े गाड़ी में सवार होकर आए जिनके हाथों में तलवारें व डंडें थे। उन्होंने उनके साथ आकर काफी बहस की लेकिन उस समय सभी मौके से चले गए। देर रात साढ़े 10 के करीब पांच लडक़े दोबारा गाड़ी में आए और एक युवक स्कूटी पर था। उन्होंने पहले एरिया की रेकी की और दोबारा ए-टू-जेड टूर एंड ट्रैवल के दफ्तर पहुंचे। ग्राउंड फ्लोर पर दफ्तर है। बाहर महिला मुलाजिम की एक्सटर गाड़ी थी , जिनका कंपनी के साथ ही घर है। उन्होंने कंपनी की कार समझ कर उसके सभी शीशे तोड़ दिए और जब उन्होंने फोन कर कंपनी मालिक सोमदत्त को मौके पर बुलाया तो उन्होंने सभी पर हमला कर दिया। सोम दत्त पर तलवारों से हमला किया गया और कंपनी के सभी शीशे तोड़ दिए। उनका शोर सुनकर लोग इक्ट्ठा हुए तो हमलावर मौके से धमकियां देकर फरार हो गए। घायल सोमदत्त को अस्पताल में भर्ती करवाया, जिनका कहना है कि वह हमलावरों को नहीं जानते और ना ही उनकी किसी से दुश्मनी है। उनका कहना है कि दफ्तर के पास ही एक खाली प्लाट है जहां यह युवक नशा करते हैं। पुलिस को अस्पताल से सूचना मिली जिसके बाद बयान दर्ज किए गए।

हम आसपास के सीसीटीवी खंगाल रहे हैं, जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
**कुलदीप सिंह, जांच अधिकारी चौंकी बलटाना**

# दो महीनों के भीतर शहर की सड़कों के निर्माण हो जाएंगे पूरे

सर्वाधिक खराब सड़कों के सर्वप्रथम निर्माण की होगी पहले शुरुआत

64 करोड़ रुपये के लगभग निर्माण पर आयेगी लागत



अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह

**चंडीगढ़, 7 नवंबर।** शहर की सड़कों के निर्माण और उनके रिपेयरिंग का काम आजकल जोरों के साथ चल रहा है। इसी क्रम में नगर निगम की तरफ से 200 किलोमीटर की सड़क लगभग 40 करोड़ रुपये से निर्मित की जा रही है, इसके लिए टेंडर भी काल दिये गये हैं। इसके अलावा नगर प्रशासन की तरफ से भी लगभग 24 करोड़ की लागत से वी-3 सड़कें बनाने का निर्णय लिया गया है। इसकी लंबाई लगभग 50 किलोमीटर होगी। बता दें कि दोनों ही विभागों की तरफ से सर्वाधिक खराब और खराब कटेगरी की सड़कों का निर्माण किया जायेगा। इसमें अधिकांश सड़कें ऐसी हैं, जो 5 से लेकर 9 वर्ष बाद बनने की कतार में हैं।

नगर प्रशासन की तरफ से आदेश जारी कर कहा गया है कि इस बार सीजन की बारिश भी बहुत ज्यादा हुई थी, जिसके चलते इन सड़कों की नमी सूख नहीं पा रही थी, अन्यथा इनके निमार्ण कार्य और पहले हो जाने का लक्ष्य रखा गया था। बारिश के चलते इन सड़कों की हालत बहुत ज्यादा खराब हो गई है। इन पर कई जगहों पर बड़े-बड़े गड्ढे भी बन गये हैं, जिनसे यातायात में बाधा आ रही है और दुर्घटनाओं के चलते लोगों को चोटिल होने का अंदेशा भी है। इसलिए इन सड़कों के निर्माण में भी गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान देना होगा। ऐसा न होने पर समय और धन की बर्बादी के सिवाय और कुछ नहीं मिलेगा।

#### पैचवर्क के पैसे बर्बाद हो गए

बता दें कि बारिश के उपरांत इन खराब सड़कों पर पैच वर्क कराया गया था, किंतु विगत सीजन में हुई 2 दिन तेज बारिश के कारण यह खराब हो कर उखड़ गया। इससे सड़कें पहले जैसी थीं, वैसी ही हालत में हो गई हैं। नगर निगम की सदन बैठक में भी खराब हालत की सड़कों को लेकर खूब राजनीति चली। इसमें पक्ष-विपक्ष में भी काफी नोंक-झोंक देखने को मिली थी। विपक्ष के आरोप थे कि वी-3 सड़कों पर बाहरी राज्यों से पीआईपी का आना जाना होता है। अत: इन सड़कों इतना ज्यादा पैसा खर्च करने की बजाय अन्य सेक्टरों की छोटी-छोटी सड़कों के निर्माण की तरफ निगम को ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। इस पर निगमायुक्त ने कहा था कि यह सड़कें (वी-३ रोड़) नगर प्रशासन बनवाकर निगम को सौंप देगा। इसके अधिकांश खर्च भी प्रशासन की तरफ ही अदा किया जायेगा। इसकी एवज में नगर निगम के अंतर्गत आने वाली वी-4, वी-5, वी-6 जैसी सड़कें भी प्रशासन की मदद से तैयार की जायेंगी। नगर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की अभी हाल में हुई बैठक में यह आदेश जारी कर सड़कों का निर्माण 31 दिसंबर तक पूरा कर देने का आदेश जारी कर दिया गया है। क्योंकि दिसंबर के बाद ठंड ज्यादा बढ़ जाती है और धुंध के अलावा कभी-कभी बरसात भी हो जाती है। पहाड़ों में बर्फबारी के चलते चंडीगढ़ में सर्दियों के दौरान कभी-कभी ज्यादा बारिश हो जाती है। इस दौरान सड़क निर्माण के काम में अड़चने आती हैं। फिर भी मार्च तक मौसम लगभग ऐसा ही होता है और अप्रैल में गर्मी और तेज धूप के चलते सड़कों का निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता है।

सम्पादकीय

# बिहार में पहले चरण में मतदान प्रतिशत बढ़ना एक अहम संदेश

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के दौरान 65 फीसदी वोटिंग होना बिहार समेत पूरे देश को चकित कर रहा है। बिहार वह ऐतिहासिक प्रदेश है, जिसने तमाम हालात देखे और देख रहा है। यहां प्रत्येक चुनाव में बदलाव और विकास की बात की जाती है, लेकिन फिर हालात जस के तस ही रह जाते हैं। तो क्या यह माना जाए कि इस बार जनता ने कुछ ऐसा करने का मन बना लिया है, जिससे इस प्रदेश की सूरत और सीरत बदल जाए? प्रदेश में पहले चरण में 121 सीटों पर रिकार्ड मतदान हुआ है और यही सीटें किसी सरकार के बनने और बिगड़ने का आधार बनेंगी। अब विश्लेषण इसका हो रहा है कि आखिर प्रदेश के मतदाता के मन में क्या है। क्या वह मौजूदा जदयू-भाजपा एवं सहयोगी दलों की सरकार को सत्ता से बाहर करना चाहता है या फिर विपक्ष जिसमें राजद-कांग्रेस एवं अन्य दल शामिल हैं, सत्ता सौंपना चाहता है। बेशक, राजनीतिक विश्लेषण का बाजार बेहद गर्म है और तमाम तरह की बातें कही जा रही हैं, लेकिन बीते चुनावों की तुलना में इस बार चुनाव आयोग ने जिस प्रकार से रणनीतिक कदम उठाए हैं, संभव है, उसने मतदान प्रतिशत को बढ़ाने में मदद की है। इस बार छठ पूजा के तुरंत बाद चुनाव कराए गए हैं और साल 2010 के बाद पहली बार ऐसा हो रहा है। प्रदेश के लोग देशभर में अपने रोजगार-काम धंधों के लिए जाते हैं, अगर यह चुनाव छठ से पहले या फिर लंबे समय के बाद होते तो संभव है कि इसका असर मतदान पर पड़ता।

**ऐसा विश्लेषण सामने आ रहा है, जिसमें दावा किया गया है कि जब-जब बिहार में मतदान प्रतिशत बढ़ा है, तब-तब राजनीतिक क्रांति आई है। क्या इस बार भी कुछ ऐसा होने वाला है। मालूम हो, प्रत्येक गठबंधन और राजनीतिक दल ने इस वोट प्रतिशत को अपने-अपने पक्ष में दिखाने की कोशिश की है। अन्य गठबंधनों के अतिरिक्त नवोदित राजनीतिक दल जनसुराज ने दावा पेश किया है कि राज्य में बढ़ा हुआ मत प्रतिशत उसकी संभावनाओं को साकार कर रहा है। पार्टी के पक्ष में अगर यह मतदान हुआ है तो फिर इसकी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता कि इस बार राज्य में सरकार के गठन में तीसरे मोर्चे की अहम भूमिका रहने वाली है।**

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने भारी मतदान को लोकतंत्र की जीत बताया है। वास्तव में यह चिंता की बात होती है कि चुनाव आयोग की लाख कोशिशों के बावजूद मतदाता वोट करने अपने घरों से बाहर नहीं निकलते। देश में उस दिन उस शहर और इलाके में सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया जाता है। सभी सरकारी और निजी कार्यालय बंद होते हैं। बावजूद इसके लोग अपने घरों में छुट्टी का आनंद ले रहे होते हैं, लेकिन मतदान के लिए पास के बूथ तक नहीं जा पाते। विपक्षी दलों की ओर से लगाए जाते हैं कि बहुत कम अंतर से विरोधी चुनाव जीत गए। वहीं यह भी सामने आता है कि बहुत कम वोट प्रतिशत हलके या फिर लोकसभा क्षेत्र में रहा। चुनाव आयोग को चुनाव करवाने पर कितना भारी खर्च करना पड़ता है, लोकतंत्र एक महंगी व्यवस्था है, लेकिन भारत जैसे देश को इसे जीवंत और सशक्त बनाए रखने की आवश्यकता है, क्योंकि यही उसका आधार है। आज दुनिया में तमाम देशों की नींव हिल रही हैं, उनकी संसद और अन्य संवैधानिक संस्थाएं संकट में दिखती हैं, लेकिन भारत पूरी मजबूती के साथ अपने संविधान से संजीवनी हासिल करते हुए खड़ा हुआ है। उसकी रीढ़ यही चुनाव और मतदान है। तब देशभर में यह बात क्यों नहीं समझी जाती कि वोट करना कितना आवश्यक है। बेशक बिहार में जो मतदान हुआ, वह ऐतिहासिक जैसा कुछ नहीं है, लेकिन सम्मानीय यह बात है कि इस बार बहुत बड़ी तादाद में प्रदेश के लोग मतदान बूथों तक पहुंचे। हालांकि इसका विश्लेषण किए जाने की जरूरत है कि इन मतदाताओं में उच्च शहरी और मध्यम वर्गीय मतदाता भी शामिल हैं या फिर इसका पूरा श्रेय ग्रामीण लोगों को दिया जाना चाहिए जोकि हर बात में हमेशा आगे रहता है। इस उम्मीद में की उसके वोट से हालात बदलेंगे, प्रदेश के भी और उसके अपने भी।

ऐसा विश्लेषण सामने आ रहा है, जिसमें दावा किया गया है कि जब-जब बिहार में मतदान प्रतिशत बढ़ा है, तब-तब राजनीतिक क्रांति आई है। क्या इस बार भी कुछ ऐसा होने वाला है। मालूम हो, प्रत्येक गठबंधन और राजनीतिक दल ने इस वोट प्रतिशत को अपने-अपने पक्ष में दिखाने की कोशिश की है। अन्य गठबंधनों के अतिरिक्त नवोदित राजनीतिक दल जनसुराज ने दावा पेश किया है कि राज्य में बढ़ा हुआ मत प्रतिशत उसकी संभावनाओं को साकार कर रहा है। पार्टी के पक्ष में अगर यह मतदान हुआ है तो फिर इसकी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता कि इस बार राज्य में सरकार के गठन में तीसरे मोर्चे की अहम भूमिका रहने वाली है। वैसे इस बार के चुनाव में सबसे खास बात यह भी रही है कि एनडीए और राजद-कांग्रेस गठबंधनों ने महिलाओं का समर्थन हासिल करने के लिए पूरी जान लगा दी। एनडीए ने 1.21 करोड़ महिलाओं के खाते में 10 हजार की किस्त जबकि राजद-कांग्रेस गठबंधन ने 30 हजार नकद सालाना देने का वादा किया। बिहार में निम्न, मध्यम वर्ग की महिलाओं को अपने बेहतर भविष्य की उम्मीद जगी है, वहीं युवाओं को भी रोजगार की संभावनाओं की आशा है। ऐसे में वे मतदान बूथों तक पहुंचे। हालांकि जिस भी गठबंधन या राजनीतिक दल की सरकार बने, उसे इन उम्मीदों को पूरा करने के लिए पहले दिन से काम करना होगा। बिहार देश का गौरव है, उसका विकास और कल्याण सभी का दायित्व है।

# ज्ञान का अहंकार

**दैनिक अर्थ प्रकाश**

स्पिरिचुअल हीलर
**सिद्ध गुरू प्रमोद निर्वाण**

*गिनीज़ विश्व रिकॉर्ड विजेता लेखक*



पढ़ी, सुनी, जानी बातें हमारे ज्ञान का हिस्सा बन जाती हैं। हमारे अनुभव हमारे ज्ञान का हिस्सा बन जाते हैं। फिर भी हम अक्सर यह नहीं समझ पाते कि ज्ञान का भंडार एक महासागरहै जिसका ओर-छोर हमारी समझ से बाहर है। हमारा अज्ञान इतना बड़ा है कि अक्सर हम अपने अज्ञान को ही ज्ञान मान लेते हैं। सच तो यह है कि इस सच को समझने में मुझे काफी देर लगी। मैंने इसे बहुत बाद में समझा, पर जब समझ आ गई तो मेरा सारा अहंकार छूमंतर हो गया, गाल बजाना बंद हो गया, ज्ञान बघारना बंद हो गया और आत्मा में एक अजब सी चुप्पी छा गई। हम पढ़कर, सुनकर, समझ कर, कल्पना शक्ति से, ज्ञान की नई बातें सीखते हैं, प्रयोग करते हैं, फिर प्रयोग करते हैं और जब तसल्ली हो जाती है उस ज्ञान को 'तथ्य' के रूप, सत्य के रूप में, स्वीकार कर लेते हैं। विज्ञान के क्षेत्र में तो तब तक किसी बात को तथ्य के रूप में स्वीकार नहीं किया जाता जब तक कि यह सिद्ध न हो जाए कि दुनिया के किसी भी कोने में, किसी भी व्यक्ति द्वारा उस तथ्य का, उस सत्य का अनुभव किया जा सकता है, बार-बार किया जा सकता है, हर बार किया जा सकता है। हम सब यही मानते हैं किविज्ञान के क्षेत्र के तथ्य सार्वभौमिक सत्य हैं।

पर सच क्या है? सच इसके विपरीत है। कारण यह है कि सारी प्रगति, सारे आविष्कारों और सारी घोषणाओं के बावजूद हमारा ज्ञान अभी बहुत शुरुआती स्तर का है। हम दरअसल अभी भी बहुत कम जानते हैं। अभी तो हम अपने शरीर को ही पूरी तरह से नहीं जान पाये हैं, ब्रह्मांड की समझ तो बहुत दूर की बात है। विज्ञान से संबंधित हमारे ज्ञान का हाल भी कुछ अलग नहीं है। हम भौतिक शास्त्र, यानी फ़िज़िक्स की बात करें तो सर आइज़ैक न्यूटन ने गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत का प्रतिपादन किया और सन् 1687 में गति के नियम की खोज प्रकाशित की, जिसने कालांतर में क्लासिकल मकैनिक्स की नींव पड़ी। न्यूटन के इन नियमों पर खूब बहस हुई और अंततः उन्हें सार्वभौमिक सत्य के रूप में स्वीकार कर लिया गया। जब एक बार उन्हें सिद्ध हो चुका मान लिया गया तो दुनिया भर के वैज्ञानिकों ने उन्हें अपना लिया वैसे ही जैसे सेब का पेड़ से नीचे गिरना और ग्रहों का अपनी-अपनी कक्षा में, अपनी ऑर्बिट में चक्कर लगाना। अगर कोई व्यक्ति इन नियमों पर सवाल उठाता तो उसे अज्ञानी मान लिया जाता था। सार्वभौमिक सत्य के ज्ञान का यह अहंकार लंबे समय तक बना रहा लेकिन बाद में सिद्ध हो गया कि न्यूटन के इन नियमों में बहुत सी कमियां थीं क्योंकि तब तक बहुत सी सच्चाइयां उद्घाटित नहीं हो पाई थीं, हमें उनकी जानकारी ही नहीं थी, उनकी खोज ही बाद में हुई।

सन् 1861 में जेम्स क्लार्क मैक्सवैल की क्लासिकल थर्मोडायनामिक्स ने सिद्ध कर दिया किन्यूटन के बताए नियम सार्वभौमिक सत्य नहीं थे। सन् 1905 में अलबर्ट आइंस्टीन ने समय के बारे में न्यूटन की अवधारणा को गलत सिद्ध कर दिया। सन् 1920 के मध्य में क्वांटमफ़िज़िक्स की यह भी खोज हुई कि छोटे कण वैसा व्यवहार नहीं करते जैसा न्यूटन ने उम्मीद की थी। 1960 के दशक में स्ट्रिंग थ्योरी के प्रादुर्भाव से फिर यह सिद्ध हुआ कि क्वांटम थ्योरी अधूरी है, लेकन 1990 के दशक में एम-थ्योरी की खोज ने स्ट्रिंग थ्योरी को भी अधूरा साबित कर दिया। अब शायद कभी यह भी हो जाए कि कोई नयी अवधारणा एम-थ्योरी को भी गलत या अधूरा साबित कर दे।

आइंस्टीन बहुत सूझ-बूझ वाले और ज्ञानवान थे। उन्होंने कभी भी अपने मन में ज्ञान का अहंकार नहीं आने दिया। उन्होंने एक बार कहा था कि सिद्धांततः, सिद्धांत और व्यवहार में कोई फ़र्क नहीं होता लेकिन जब उसी सिद्धांत को व्यवहार में उतारा जाये तो यह संभव है कि दोनों में फ़र्क नज़र आये। जब गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत के प्रतिपादन के लिए उन्होंने इक्वेशन बनाई, समीकरण बनाया तो इस समीकरण को, इस इक्वेशन को पूरा करने के लिए उन्होंने उसमें एक स्थाई अंक जोड़ने की बड़ी गलती कर डाली। बाद में उन्होंने खुद स्वीकार किया कि यह गलती थी। मज़े की बात यह है कि बाद में वैज्ञानिकों ने पाया कि यह 'गलती', गलती थी ही नहीं, क्योंकि यह स्थाई अंक ब्रह्मांड का आधारभूत सत्य है।

जब विज्ञान के क्षेत्र में ज्ञान को लेकर इतना असमंजस हो तो फिर आम आदमी के ज्ञान की क्या बात की जाए, क्या अहंकार किया जाए असल ज्ञान, ज्ञान नहीं है, बल्कि यह जाननाहैकि हम कितने अज्ञानी हैं। सार्वभौमिक सत्य तो असल में यही है कि हमें अपने अज्ञान की थाह नहीं है और अपने अज्ञान को स्वीकार करने के अलावा और कोई ज्ञान नहीं है। बाकी सब तो अज्ञान ही है।

ज्ञान का हाल ऐसा ही है। हम इस खुशफहमी में रहते हैं कि हम 'जानते' हैं। जहां यह भावना आ जाती हैकि हम जानते हैं, वहां सीखने की इच्छा खत्म हो जाती है, नया दृष्टिकोण समझने की इच्छा खत्म हो जाती है और हम अपने ज्ञान के अधूरेपन में ही मस्त रहते हैं। हमारे पास ज्ञान का जितना भी अंशहै, यदि हम उसे जीवन में न उतारें तो हमारा दिमाग नये बहाने गढ़ लेता है कि हम इतने व्यस्त हैं कि उस ज्ञान का लाभ नहीं ले पा रहे, इस तरह से हम अपने ज्ञान के उस अंश को भी खुद ही नकार देते हैं। यह स्वीकार करने के बजाए कि हम आर्गेनाइज्ड नहीं हैं, हम अपने समय का सदुपयोग नहीं कर रहे, हम बहाने गढ़ने लगते हैं। जब एक बार हम किसी बात के लिए बहानागढ़ लेते हें तो बहाने गढ़ना हमारी रुटीन में शामिल हो जाता है और हम जीवन के हर क्षेत्र में बहाने गढ़ने की आदतपाल लेते हैं। जीवन में उतारे बिना हर ज्ञान बेकार है। बहुत-सी और भी ऐसी बातें होती हैं, घटनाएं होती हैं, जिन्हें हम परखने की कोशिश नहीं करते, उन पर विचार करने की कोशिश नहीं करते, सवाल नहीं उठाते। कभी वह अज्ञान के कारण होता है, कभी आलस्य के कारण और कभी आस्था के कारण। ऐसा ज्ञान हमेशा अहंकार ही होता है और इसका निराकरण ही ज्ञान का असली उद्देश्य है। ज्ञान पाने की कोशिश होनी चाहिए, होनी ही चाहिए, उसका विश्लेषण होना चाहिए, होना ही चाहिए, यदि वह किसी क्रिया से, किसी ऐक्शन से जुड़ा हो तो उसे जीवन में उतारना चाहिए, लेकिन कुछ नहीं कहा जा सकता कि वह ज्ञान कब छोटा साबित हो जाए, अधूरा साबित हो जाए, गलत साबित हो जाए इसलिए ज्ञान के अहंकार से बचनाचाहिए। जीवन का असली ज्ञान बस इतना सा ही है।

सबका मंगल होये रे !!!

'एक राम सहारे, सब काम हमारे'

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### सेक्टर स्तरीय कमेटियों का पुनर्गठन

**चंडीगढ़।** नगर प्रशासन ने सैक्टर स्तरीय कमेटियों का पुनर्गठन कर दिया है। यह कमेटियां शहर के उचित रख-रखाव के बारे ध्यान रखती हैं। एक वर्ष की अवधि वाली इन कमेटियों में शहर के गणमान्य व्यक्ति शामिल किए जाते हैं। प्रत्येक कमेटी की महीने में कम से कम एक बैठक लाजिमी होती है।

इन कमेटियों का चक्रवार ब्यौरा इस प्रकार से हैः सेक्टर 1, 2 व 3 सेक्टर स्तरीय कमेटी के चेयरमैन एसडीएम इंद्रजीत सिंह संधू होंगे। सरकारी सदस्यों में लखविंद्र सिंह, अमीचंद, वी.के. चोपड़ा, एम.पी सिंह, पवन कुमार शर्मा, सेक्टर 3 के थाना प्रभारी, गुरजीत सिंह, गैर सरकारी सदस्यों में लेक क्लब के सचिव, चंडीगढ़ क्लब के अध्यक्ष, पुष्प राज अग्रवाल, सी.के. साहनी, निर्मल केसर, हरबख्श संधू, एचएन बतरा, पंजाब-हरियाणा बार एसोसियेशन के अध्यक्ष गुलशन भाटिया, हरबंस कौर संघा, हरिन्द्र सिंह तथा निहाल कौर शामिल हैं। सेक्टर 4 व 5 चेयरमैन एसडीएम इंद्रजीत सिंह संधू तथा सदस्यों में आर.एस. वर्मा, अमींचंद, वी.के. चोपड़ा, एमपी चोपड़ा, हरदेव सिंह, सेक्टर के तीन के थाना प्रभारी, डॉ. आर.एम. सिंह, एस.एस. बिंदरा, गुलजार सिंह, हरिंद्र कौर सिद्धू, जस्टिस हरबंस सिंह, रखरखाव शिकायत बूथ के प्रभारी, राज भाटिया, रखरखाव शिकायत के प्रभारी आर.एन. डोगरा, पी.एस. ज्ञानी, उषा साब, सुबीर सहगल, जसवंत सिंह बैंका, ओमप्रकाश होशयारपुरी शामिल हैं।

### खाली जेबों को भरने के लिए बोनस देने की मांग

**चंडीगढ़।** मजदूर सुधार सभा के प्रधान राम अवतार तथा कांग्रेस कार्यकारी समिति के सदस्य चंद्र शर्मा ने प्रशासन से मांग की है कि 10 नवंबर से पूर्व वह अपने कर्मचारियों को बोनस का भुगतान कर दें। यूटी कर्मियों की एक सभा को संबोधित करते हुए दोनों नेताओं ने तर्क रखा कि पिछले महीने चूंकि दीपावली के कारण वेतन एक तरीख को ही आबंटित हो गया था, सो नए महीने के शुरू में ही कर्मियों की जेबें खाली हो गई हैं। इसी के साथ उनका कहना था कि 10 तारीख को गुरु नामक जन्म दिवस के उपलक्ष्य में प्रशासन को इससे पहले ही बोनस दे देना चाहिए।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1627 - भारतीय इतिहास का प्रसिद्ध मुग़ल शासक जहाँगीर का निधन।

1917 - प्रसिद्ध भारतीय महिला चिकित्सक कमल रणदिवे का जन्म।

1929 - भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी का जन्म।

1945 - हांगकांग में नौका दुर्घटना में 1550 लोगों की मौत हुई।

1956 - संयुक्त राष्ट्र(संरा) ने तत्कालीन सोवियत संघ से यूरोपीय देश हंगरी से हटने की अपील की।

1957 - ब्रिटेन ने क्रिसमस द्वीप समूह के समीप परमाणु परीक्षण किया।

1959 - प्रसिद्ध साहित्यकार लोचन प्रसाद पाण्डेय का निधन। जिन्होंने हिन्दी एवं उड़िया भाषाओं में काव्य रचनाएँ भी की।

1967 - अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।

1988 - चीन में विनाशकारी भूकंप से 900 लोगों की मौत हुई।

1992 - जर्मनी की राजधानी बर्लिन में नस्लवाद के खिलाफ हुए प्रदर्शन में तीन लाख लोगों ने हिस्सा लिया।

1998 - बांग्लादेश में देश के प्रथम प्रधानमंत्री शेख़मुजीबुर्रहमान की हत्या में 15 लोगों को मृत्युदंड।

1999 - राहुल द्रविड़ और सचिन तेंदुलकर ने एक दिवसीय क्रिकेट मैच में 331 रन की साझेदारी कर विश्व कीर्तिमान स्थापित किया।

2000 - बिल क्लिंटन की पत्नी हिलेरी क्लिंटन ने न्यूयार्क सीट पर जीत दर्ज कर इतिहास रचा।

2001 - भारत की पैरा निशानेबाज़ अवनि लखेरा का जन्म।

2002 - अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा सम्मेलन की दो दिवसीय बैठक मनीला में प्रारम्भ।

2004 - हेग में सामाजिक भागीदारी बढ़ाने पर भारत व यूरोपीय संघ सहमत।

2005 - भारत ने फ़िलिस्तीनी संगठनों की आतंकवादी कार्रवाई और इस्रायल की दमन की आलोचना की।


2008- भारत का पहला मानव रहित अंतरिक्ष मिशन चन्द्रयान-1 चन्द्रमा की कक्षा में पहुँचा।

2013 - फिलीपींस के हेनान प्रांत में विनाशकारी चक्रवाती तूफान से छह हजार लोगों की मौत।

2016- भारत सरकार ने बड़े नोटों को विमुद्रीकरण किया जिसमें 500 और 1000 रुपये के नोटों का अवैध घोषित किया।

2020 - सिक्किम के पूर्व चौथे मुख्यमंत्री संचमान लिम्बू का निधन।

## बोल ब्यूटीफुल



**प्रकाश सिंहः** बिहार विधानसभा चुनाव में हर एक दल ने आपराधिक पृष्ठभूमि वालों को खुले दिन से टिकट बांटे हैं। कांग्रेस के उम्मीदवारों ने दागियों का आंकड़ा 67 प्रतिशत, राजद में 65 प्रतिशत, भाजपा में 60 प्रतिशत, लोजपा में 57 प्रतिशत, जनसुराज में 47 प्रतिशत और जदयू में 36 प्रतिशत है। कोई किसी से कम नहीं है।

**आर.के. विजः** बायोमीट्रिक उपस्थिति वाली व्यवस्था का विरोध करने वाले अधिकाश लोगों को अनुपस्थिति पकड़े जाने का डर होता है। वे अनावश्यक रूप से निजता के उल्लंघन का बहाना बनाते हैं।

**मोनिका वर्माः** पंजाबी पिता और तिब्बती माता की संतान आफताब सिंह पुरवाल फिर से सिनसिनाटी के मेयर बन गए हैं। उन्होंने जेडी वेंस के छोटे भाई को हराकर चुनाव जीता। उनकी पत्नी इसाई हैं और उनकी कोई आस्था नहीं कि वह अपनी आस्था को बदलकर मतांतरण करें।

# आज भी शिक्षा, रोज़गार और अवसरों में पिछड़े हुए हैं भारतीय मुसलमान

भारत में सामाजिक और आर्थिक गतिशीलता की सबसे प्रभावी कुंजी शिक्षा ही है और यह बात उन समुदायों के लिए विशेष रूप से सही साबित होती है जो ऐतिहासिक रूप से विकास की मुख्यधारा से पीछे रहे हैं। भारतीय मुसलमान, जो देश की कुल आबादी का लगभग 14.2 प्रतिशत हैं, आज भी शिक्षा, रोज़गार और अवसरों में पिछड़े हुए हैं। सच्चर समिति की ऐतिहासिक रिपोर्ट (2006) ने इस समुदाय में शिक्षा के गहरे अभाव को सामने लाया था। इस रिपोर्ट में बताया गया कि निम्न साक्षरता, गुणवत्तापूर्ण स्कूली शिक्षा की कमी, गहरी गरीबी और औपचारिक रोज़गार में कम प्रतिनिधित्व, ये सभी एक-दूसरे से जुड़े ऐसे कारक हैं जो मुसलमानों की सामाजिक गतिशीलता को सीमित करते हैं। लगभग दो दशक बाद स्थिति में कुछ सुधार दिखाई देता है, परंतु प्रगति की गति असमान और चुनौतियाँ अभी भी संरचनात्मक हैं। शिक्षा केवल रोज़गार का साधन नहीं, बल्कि सम्मान, आत्मविश्वास और राष्ट्रीय भागीदारी का द्वार है, जो समाज में बराबरी और सशक्तिकरण की भावना को जन्म देता है। यूडीआईएसईप्लस (2024-25) के आंकड़ों के अनुसार, प्राथमिक स्तर पर मुस्लिम छात्रों की नामांकन दर 15.9 प्रतिशत तक पहुँच गई है, जो उनकी जनसंख्या हिस्सेदारी से थोड़ा अधिक है। यह एक सकारात्मक संकेत है कि अधिक से अधिक मुस्लिम बच्चे विद्यालयों तक पहुँच रहे हैं। हालांकि, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर पर नामांकन दर में तीव्र गिरावट देखी जाती है, जो क्रमशः घटकर 11.9 प्रतिशत रह जाती है। यह गिरावट इस बात की ओर इशारा करती है कि शिक्षा प्रणाली में निरंतरता और प्रतिधारण अब भी बड़ी चुनौती है। लैंगिक असमानताएँ भी बनी हुई हैं, हालांकि मुस्लिम लड़कियों ने पिछले एक दशक में सराहनीय प्रगति की है, 2014 से उनके नामांकन में लगभग 45 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इसके बावजूद, उच्च शिक्षा तक पहुँच एक गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है। अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण (एआईएसएचई) के अनुसार, विश्वविद्यालयों में मुस्लिम छात्रों की भागीदारी 2020 के 5.5 प्रतिशत से घटकर 2021-22 में 4.87 प्रतिशत रह गई है। यह गिरावट आर्थिक दबाव, सामाजिक प्रतिबंध, और सुरक्षा संबंधी चिंताओं से गहराई से जुड़ी है, विशेष रूप से लड़कियों के संदर्भ में। मुस्लिम समाज में शिक्षा की चुनौतियाँ केवल व्यक्तिगत या आर्थिक नहीं हैं, बल्कि गहरी संरचनात्मक जड़ें रखती हैं। अल्पसंख्यक बहुल जिलों में गरीबी, आवासीय अलगाव और कमजोर बुनियादी ढाँचा बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित रखता है। अधिकांश मुस्लिम बच्चे अपनी शिक्षा की शुरुआत मदरसों या उर्दू-माध्यम स्कूलों से करते हैं, लेकिन उच्च शिक्षा में प्रवेश की राह उनके लिए कठिन बनी रहती है, क्योंकि आधुनिक विज्ञान, गणित और तकनीकी प्रशिक्षण का अभाव उन्हें प्रतिस्पर्धा में पिछाड़ देता है। इस कमी को दूर करने के लिए सरकार ने मदरसों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की योजना (एसपी



क्यूईएम) और सर्व शिक्षा अभियान जैसी पहलें शुरू कीं, जिनका उद्देश्य पारंपरिक और आधुनिक शिक्षा के बीच की खाई को पाटना था। हालांकि, नौकरशाही जटिलताएँ, सीमित संसाधन और कम क्रियान्वयन क्षमता के कारण इन योजनाओं का प्रभाव अपेक्षित नहीं रहा। नीति स्तर पर सरकार ने अल्पसंख्यकों की शिक्षा सुधार के लिए कई सकारात्मक पहलें की हैं। शिक्षा का अधिकार अधिनियम (2009) और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) ने समानता और सार्वभौमिक पहुँच के सिद्धांतों को सुदृढ़ किया है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय जैसी योजनाएँ मुस्लिम लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने में मदद कर रही हैं। नया सवेरा जैसी कोचिंग योजनाएँ, मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय फैलोशिप और अल्पसंख्यक छात्रवृत्तियाँ उच्च शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण में भागीदारी को प्रोत्साहित कर रही हैं। हालांकि, हाल ही में मौलाना आज़ाद फैलोशिप का बंद होना एक नकारात्मक संकेत है, जिससे अल्पसंख्यक शिक्षा के समर्थन को लेकर चिंताएँ बढ़ी हैं। इससे यह आवश्यकता और अधिक स्पष्ट होती है कि सरकार एक नई, अधिक समावेशी और दीर्घकालिक छात्रवृत्ति योजना लाए, जो मुस्लिम युवाओं को उच्च शिक्षा तक पहुँचने के लिए प्रेरित कर सके। इन नीतिगत प्रयासों के साथ-साथ सामुदायिक स्तर पर भी अनेक सकारात्मक पहलें उभर रही हैं। बिहार की रहमानी-30 पहल ने वंचित मुस्लिम छात्रों को आईईटी-जेईई जैसी प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में मार्गदर्शन देकर उत्कृष्ट परिणाम दिए हैं। दिल्ली की क्रिसेंट सिविल सर्विस अकादमी ने सैकड़ों मुस्लिम युवाओं को सिविल सेवाओं में पहुँचाया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि जब समुदाय स्वयं नेतृत्व की भूमिका निभाता है तो परिणाम कहीं अधिक प्रभावी होते हैं। इसी तरह, असम के मूसा कलीम, जिन्होंने एनईईटी यूजी 2024 में 99.97 पर्सेंटाइल हासिल की, और उर्दू माध्यम की छात्रा अमीना आरिफ कड़ीवाला, जिन्होंने उसी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, ये नई पीढ़ी के ऐसे उदाहरण हैं जो भाषाई, आर्थिक और सामाजिक सीमाओं को पार कर आगे बढ़ रही है। भारत की पहली मुस्लिम महिला न्यूरोसर्जन मरियम अफीफा अंसारी जैसी हस्तियाँ इस परिवर्तन की प्रतीक हैं, जो दिखाती हैं कि शिक्षा कैसे समुदाय की पारंपरिक सीमाओं को तोड़कर नई संभावनाएँ खोलती है। शिक्षा किसी व्यक्ति के लिए केवल रोजगार या आर्थिक साधन नहीं है, बल्कि यह सामाजिक न्याय, आत्म-सम्मान और राष्ट्र-निर्माण की प्रक्रिया का केंद्रीय तत्व है। भारतीय मुसलमानों के लिए शिक्षा हाशिए से मुख्यधारा तक पहुँचने का सबसे विश्वसनीय और टिकाऊ मार्ग है। जब सरकार, समुदाय और नागरिक समाज एक साथ मिलकर शिक्षा के अधिकार को वास्तविकता में बदलने के लिए कार्य करते हैं, तो यह केवल अवसर का नहीं बल्कि न्याय का प्रश्न बन जाता है, इसलिए शिक्षा को दान या कृपा के रूप में नहीं, बल्कि समानता और न्याय की दिशा में एक सामूहिक प्रतिबद्धता के रूप में देखा जाना चाहिए क्योंकि जब एक बच्चा पढ़ता है, तो सिर्फ उसका नहीं, बल्कि पूरी क़ौम का भविष्य बदलता है।

**(लेखकः जर्नलिस्ट कृष्ण प्रजापति कैथल से लंबे समय से पत्रकारिता कर रहे हैं और जनसंचार एवं पत्रकारिता में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र से स्नातकोत्तर हैं।)**

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर स्मरणोत्सव के शुभारंभ पर शिमला सहित प्रदेशभर में हुए कार्यक्रम

# वन्दे भारत जीते जागते राष्ट्र की आत्मा है : अनुराग ठाकुर

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा



**शिमला 7 नवम्बर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने व स्मरणोत्सव के शुभारंभ पर देवभूमि हिमाचल के शिमला में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन व राष्ट्रगीत के प्रति अपने विचारों को प्रकट किया।

अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा भारत की एकता, अखंडता, एकात्मकता व स्वाधीनता के महायज्ञ में राष्ट्रनायकों को प्रेरित करने में हमारे राष्ट्रगीत वन्दे मातरम् का योगदान अनुपम और अतुलनीय है। आज, जब राष्ट्रगीत वंदे मातरम् अपनी 150 वर्ष की स्वर्णिम गौरवगाथा के पड़ाव पर है तो हमें स्वाधीनता, राष्ट्रनायकों व महानुभावों का इस गीत को भारत की आत्मा में बसाने के लिए अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करना चाहिए।वन्दे भारत सिर्फ़ हमारा राष्ट्रगीत नहीं बल्कि जीते जागते राष्ट्र की आत्मा है। और जब हम आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कार्यरत हैं तो यही राष्ट्रगीत हमारे प्रयासों व कर्मों का ध्येय मंत्र है। आज राष्ट्रीय गीत की 150वीं वर्षगाँठ सिर्फ़ इतिहास को याद करने का अवसर नहीं, बल्कि स्वदेशी के संकल्प को मन-कर्म-वचन से आत्मसात् करने का क्षण है, जिसकी आधारशिला पर विकसित भारत की भव्य प्रतिमा हमें गौरवान्वित करेगी।

अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा वंदे मातरम् एक गीत नहीं, बल्कि हर भारतीय के हृदय में अविरल बहने वाला वह भाव है, जो हमें मातृभूमि की माटी, उसकी सुगंध और उसकी अस्मिता से जोड़ता है। भारत के राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरा होने के पावन अवसर पर आज आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा राष्ट्रगीत के सम्मान में स्मारक सिक्का व डाक टिकट जारी करना राष्ट्रगीत के प्रति सम्मान का भाव व राष्ट्रनायकों के योगदान के अभिनंदन का प्रतीक है। मेरा करबद्ध निवेदन है कि 7 नवंबर से शुरू हो रहे व 26 नवंबर यानि की संविधान दिवस तक देशभर में भिन्न-भिन्न स्थलों पर आयोजित होने वाले वंदे मातरम् गायन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर राष्ट्र व राष्ट्रगीत के प्रति अपना समर्पण व सम्मान व्यक्त करें

## वन्देमातरम राष्ट्रगीत के 150वें जयंती पर पर्यावरण स्वदेशी व स्वच्छता का संकल्प ध्येय बने : रणधीर शर्मा

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150वें जयंती वर्ष पर ऊना विधानसभा क्षेत्र के गांव जखेड़ा में स्थित स्वदेश मैमोरियल विवेकानंद स्कूल में हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र स्तर के उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं नैनादेवी के विधायक रणधीर शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि स्थानीय विधायक सतपाल सत्ती, पूर्व मंत्री राजेन्द्र गर्ग, पूर्व विधायक बलवीर चौधरी, प्रदेश सचिव सुमीत शर्मा विशेष रूप से शामिल हुए।


इस कार्यक्रम मे आत्मनिर्भर भारत-विकसित भारत 2047 के ध्येय कि पूर्णता हेतु स्वदेशी संकल्प भी दिलाया गया।

कार्यक्रम संयोजक सुमीत शर्मा ने आगामी कार्यक्रम की जानकारी दी एवं सतपाल सत्ती ने राष्ट्रीय वन्देमातरम की वर्तमान समय मे भूमिका एवं राष्ट्र जागृति हेतु उपस्थित लोगों ?ो आह्वान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सामूहिक पूर्ण वंदे मातरम के गायन से हुआ, जो पूरे 3 मिनट 10 सेकंड तक गूंजता रहा और वातावरण को देशभक्ति के भाव से सराबोर कर गया। प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता रणधीर शर्मा ने वंदे मातरम के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह गीत केवल शब्दों का मेल नहीं, बल्कि भारत माता के प्रति समर्पण, त्याग और बलिदान की अमर भावना का प्रतीक है। रणधीर ने बताया कि ड्ड बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने वर्ष 1875 को इस वंदे मातरम गीत ?ा सृजित किया और रविंद्र नाथ टैगोर ने 1896 में इस राष्ट्रगीत का पहली बार गायन किया। हालांकि यह वंदेमातरम उस दौर मे लगातार भारत की युवा- महिला शक्ति और आजादी के आंदोलन से जुड़े हुए लोगों के लिए, प्रेरणादायक बनता गया।उस समय आ?ादी के आंदोलन से जु? सेनानियों द्वारा कांग्रेस अधिवेशन मे भी इस राष्ट्रगीत का गायन होता रहा परन्तु वर्ष 1937 मे मुस्लिम लीग के विरोध के चलते और कांग्रेस कि तुष्टिकरण की नीति के चलते इस गीत के गायन पर रोक लगा दी गयी

## हर क्रांतिकारी का जय घोष था वंदे मातरम : जयराम ठाकुर

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा




**शिमला।** देश की आजादी की लड़ाई को आवाज देने वाले राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के सृजन के 150 वर्ष पूरे होने पर आयोजित उत्सव में बोलते हुए पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि वंदे मातरम् भारत के स्वतंत्रता संग्राम का वह अमर गीत है जिसने करोड़ों भारतीयों में अद्भुत देशभक्ति, साहस और आत्मबल का संचार किया।

इसकी इतिहास, रचना-पृष्ठभूमि और स्वतंत्रता आंदोलन में भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। 1875 महान लेखक और आज़ादी के मतवाले बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने 'वंदे मातरम्' की रचना उपन्यास आनंदमठ के लिए की। केंद्र में मोदी जी की सरकार आने के बात जब वंदे मातरम गीत को ज्यादा से ज्यादा जगहों राष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रमों और उत्सवों में गाने का नियम बना तो इस पर कुछ पार्टियों ने एतराज जताया। कांग्रेस सरकार जिन भी राज्यों में थी वहां पर इसका विरोध किया गया। देश की आजादी की लड़ाई में जीत और जोश का उद्गार बनने वाला इस गीत का विरोध करना तो दूर विरोध करने की बात सोचना भी किसी अपराध से कम नहीं है। लेकिन वंदे मातरम् के विरोध को स्वर देने वालों में कांग्रेस भी शामिल थी। 2019 में जब कुछ समय के लिए मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आई तो सचिवालय में वंदे मातरम गाने पर रोक ही लगा दी गई थी। अन्य प्रदेशों में भी किसी न किसी तरह वंदे मातरम के विरोध कांग्रेस और उसके सहयोगी करते रहते हैं। जबकि संविधान के अनुच्छेद 51(ए) में 'संविधान का पालन, राष्ट्रध्वज, राष्ट्रगान का आदर व राष्ट्रीय आंदोलन के प्रेरक उच्च आदर्शों का पालन मूल कर्तव्य है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि इस गीत की महिमा और और आजादी की लड़ाई में योगदान को देखते हुए 01 अक्टूबर 2025 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर देश इसको उत्सव को मनाने का निर्णय किया गया। यह गीत माँ-भारती को देवी दुर्गा के रूप में चित्रित करता है–जो शक्ति, साहस और सौंदर्य का प्रतीक है।

## धारा 118 पर कांग्रेस सरकार का निर्णय हिमाचल की अस्मिता पर हमला : सतीश शर्मा

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना।** भारतीय जनता पार्टी के बुद्धि जीवी प्रकोष्ठ साह संयोजक सतीश शर्मा ने प्रेस विज्ञाप्ति जारी करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा धारा 118 में दी जा रही छूट को राज्य के भविष्य, अस्मिता और सम्मान पर सीधा हमला बताया है। सतीश शर्मा ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार बाहरी धनकुबेरों के दबाव में काम कर रही है और हिमाचल की भूमि को पूंजीपतियों के हवाले करने की साजिश रच रही है।

सतीश शर्मा ने कहा कि धारा 118 हिमाचलवासियों की आत्मा है – यह कानून हमारे पूर्वजों ने इसलिए बनवाया था ताकि इस पहाड़ी प्रदेश की ज़मीन बाहरी लोगों के हाथ न बिक जाए। लेकिन कांग्रेस की सरकार ने अपने स्वार्थ और चंद उद्योगपतियों के हित में इस पवित्र कानून को कमजोर करने का अपराध किया है। सतीश शर्मा ने कहा कि यह सरकार ÷हिमाचल बचाओ नहीं, हिमाचल बेचो÷ की नीति पर चल रही है। कांग्रेस पार्टी के नेता अपने परिवारों और चहेते पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए प्रदेश की जमीनें सौंपने में लगे हैं।

यह वही कांग्रेस है जिसने हमेशा हिमाचल के हितों की बलि चढ़ाई है – कभी कर्मचारियों को ठगा, कभी युवाओं को, कभी महिलाओं को और अब जनता की जमीन को बेचने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। सतीश शर्मा ने ने कहा कि धारा 118 में दी जा रही यह तथाकथित ÷रियायत÷ असल में भूमि माफिया और बिल्डर लॉबी को खुला निमंत्रण है।

इससे प्रदेश के आम नागरिक, किसान, बागवान और बेरोजगार युवा सबसे ज़्यादा प्रभावित होंगे। आने वाले वर्षों में हिमाचल की उपजाऊ भूमि और संसाधन बाहरी लोगों के कब्ज़े में चले जाएंगे और हिमाचली अपने ही प्रदेश में किरायेदार बन जाएगा।सतीश शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार को समझ लेना चाहिए कि हिमाचल की जनता अपनी भूमि की सुरक्षा के साथ किसी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं करेगी।

## चिट्टे के खिलाफ अभियान को बनाया जाएगा जन आन्दोलन : मुख्यमंत्री

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा



**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में चिट्टे के खिलाफ अभियान को जन आन्दोलन बनाया जाएगा। इस आन्दोलन में प्रदेश के हर व्यक्ति की सहभागिता सुनिश्चित करना अत्यन्त आवश्यक है। वह आज यहां 15 नवम्बर, 2025 को शिमला में आयोजित की जाने वाली एंटी चिट्टा वॉकथॉन की तैयारियों के लिए आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वॉकथॉन में हिस्सा लेने के लिए 'बार कोड' स्कैन से पंजीकरण किया जा सकता है। वॉकथॉन के दौरान रिज से चौड़ा मैदान तक विभिन्न प्रकार की जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि वॉकथॉन में युवा, छात्र और समाज के विभिन्न वर्गों के लोग हिस्सा लेंगे।

सुक्खू ने सम्बन्धित विभागों को इस आयोजन को सफल बनाने के लिए तत्परता के साथ सभी तैयारियां समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चिट्टा के खिलाफ 15 नवम्बर से आरम्भ होने वाला यह अभियान आगामी तीन माह तक चलेगा। यह चिट्टा के खिलाफ प्रदेश सरकार की निर्णायक लड़ाई होगी। चिट्टा के कारोबार से जुड़े किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा क्योंकि प्रदेश सरकार चिट्टा के समूल नाश के लिए वचनबद्ध है।

## बॉक्सिंग में शानदार प्रदर्शन के लिए अंब की अक्षरा और महक को एसडीएम अंब ने किया सम्मानित

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना।** सक्षम बॉक्सिंग क्लब, अंब की दो होनहार खिलाड़ी अक्षरा और महक भारद्वाज को आज एसडीएम अंब सचिन शर्मा ने सम्मानित किया। दोनों खिलाड़ियों ने हाल ही में अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में 28 अगस्त से 3 नवम्बर तक आयोजित अंडर-17 बॉक्सिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल जीता है।

एसडीएम अंब ने कहा कि अक्षरा और महक की यह उपलब्धि अंब क्षेत्र ही नहीं, बल्कि पूरे जिला ऊना और हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि इन बेटियों ने कड़ी मेहनत और लगन से प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।

उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों की ओर कदम बढ़ाने चाहिए, क्योंकि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच भी विकसित करते हैं। इस प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की कुल 12 बालिका बॉक्सर खिलाड़ियों ने भाग लिया था। मेडल जीतकर लौटने पर दोनों खिलाड़ियों का मेहतपुर बॉर्डर पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

एसडीएम अंब ने बताया कि सक्षम बॉक्सिंग क्लब, अंब में करीब 60 खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं, जिनमें से कई खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में ये खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर सक्षम बॉक्सिंग क्लब के बॉक्सिंग कोच राजेश और सरोज शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### 143 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 11 नवम्बर को

**सोलन (यशपाल कपूर)।** पूर्व प्राथमिक कक्षाओं के लिए पार्ट टाइम आया व हेल्पर के कुल 143 पदों की भर्ती के लिए कैंपस इंटरव्यू 11 नवम्बर, 2025 को जिला रोजगार कार्यालय सोलन में आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी सोलन जगदीश कुमार ने दी। जगदीश कुमार ने कहा कि उक्त पद मैसर्ज साईं राम सिक्योरिटी एण्ड प्लेसमेंट सर्विस शिमला द्वारा जिला सोलन के कण्डाघाट, कुठा? व धुन्धन शिक्षा खण्डों के राजकीय विद्यालयों में आउटसोर्स आधार पर भरे जाएंगे। उन्होंने कहा कि पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं व आयु 18 से 45 वर्ष निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि सभी योग्य एवं इच्छुक आवेदक अधिसूचित रिक्तियों के लिए अपनी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर आवेदन कर सकते हैं। जिला रोजगार अधिकारी ने कहा कि इच्छुक उम्मीदवार अपनी योग्यता सम्बन्धी दस्तावेज जैसे पैन कार्ड, आधार कार्ड, 10वीं प्रमाण पत्र, बैंक पास बुक, पास पोर्ट साइज 02 फोटोग्राफ तथा अन्य प्रमाण पत्रों सहित जिला रोजगार कार्यालय सोलन में 11 नवम्बर, 2025 को प्रातः 10.30 बजे पहुंचकर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि कैंपस इंटरव्यू में भाग लेने के लिए कोई भी यात्रा-भत्ता देय नहीं होगा। उन्होंने कहा कि अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नम्बर 90343-81506 व 82191-13461 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

### मतदाताओं की मदद के लिए 1950 हेल्पलाइन और बुक अ कॉल विद बीएलओ सुविधा शुरू

कुल्लू 7 नवंबर (अशेष शर्मा)। निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं की सहायता के लिए 1950 हेल्पलाइन और %बुक अ कॉल विद बीएलओज सुविधा शुरू की है। 1950 हेल्पलाइन मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित जानकारी देगी। जबुक अ कॉल विद बीएलओज सुविधा से मतदाता बीएलओ के साथ अपॉइंटमेंट बुक कर सकते हैं, जिससे निर्वाचन संबंधी समस्याओं का समाधान होगा और प्रक्रिया सरल बनेगी। भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं की सहायता और शिकायतों के त्वरित निपटान के उद्देश्य से राष्ट्रीय मतदाता हेल्पलाइन नंबर 1950 और 'बुक-अ-कॉल विद बीएलओ' सुविधा को सक्रिय किया है। इसके अंतर्गत देशभर के सभी राजयों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में जिला एवं राजय स्तरीय हेल्पलाइन भी कार्यरत रहेंगी। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कुल्लू तोरुल रवीश ने देते हुए बताया कि राष्ट्रीय संपर्क केंद्र सभी राजयों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के लिए मुख्य हेल्पलाइन के रूप में कार्य करेगा। उपायुक्त ने कहा कि आयोग ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे 1950 वोटर हेल्पलाइन और बुक-अ-कॉल विद बीएलओ सुविधाओं का अधिकाधिक उपयोग करें, ताकि चुनाव संबंधी जानकारी, सुझाव, शिकायतें एवं फीडबैक का पारदर्शी व त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके। यह प्रतिदिन सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक टोल-फ्री नंबर 1800-11-1950 पर उपलब्ध रहेगा। प्रशिक्षित कर्मचारी नागरिकों की निर्वाचन संबंधी जानकारी, सेवाओं और शिकायतों से संबंधित सहायता करेंगे। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग ने प्रत्येक राजय व केंद्र शासित प्रदेश एवं जिले को अपने-अपने राजय और जिला संपर्क केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि क्षेत्रीय भाषाओं में त्वरित एवं स्थानीय स्तर पर सहायता प्रदान की जा सके। ये केंद्र कार्यालय समय में पूरे वर्ष संचालित रहेंगे। सभी शिकायतें एवं प्रश्न राष्ट्रीय शिकायत सेवा पोर्टल 2.0 पर दर्ज व ट्रैक किए जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, आयोग ने 'बुक-अ-कॉल विद बीएलओ' सुविधा शुरू की है जिसके माध्यम से नागरिक अपने क्षेत्र के बूथ स्तर अधिकारी से सीधे संपर्क कर सकते हैं। यह सुविधा ईसीआईएनईटी प्लेटफार्म पर उपलब्ध है। ईसीआईएनईटी ऐप के माध्यम से भी चुनाव अधिकारियों से संपर्क किया जा सकता है।

## नशे के विरुद्ध एक युद्ध अभियान के तहत जागरुकता शिविरों का आयोजन

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा




**ऊना।** नशे के विरुद्ध एक युद्ध अभियान के अंतर्गत आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टक्का और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बसाल में जिला बाल संरक्षण अधिकारी कमलदीप सिंह की अध्यक्षता में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों, बच्चों के प्रति यौन अपराधों, और बच्चों की सुरक्षा से संबंधित कानूनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इसके साथ ही कार्यक्रम में कुल 695 प्रतिभागियों ने भाग लिया। शिविर के दौरान बच्चों को यौन अपराधों से बच्चों की सुरक्षा अधिनियम, 2012 (पॉक्सो एक्ट), मनोदैहिक पदार्थ अधिनियम, 1985 (एनडीपीएस एक्ट), बाल तस्करी, बाल श्रम, बाल विवाह और साइबर अपराधों से संबंधित जानकारियां दी गई। साथ ही, मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत 0 से 18 वर्ष तक के अनाथ बच्चों के लिए उपलब्ध सुविधाओं, मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना, 2023 के तहत 18 से 27 वर्ष तक के अनाथ युवाओं के लिए सहायता योजनाओं, मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना और सामर्थ्य योजना के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कमलदीप सिंह ने बच्चों और अध्यापकों से आग्रह किया कि वे इन जानकारियों को समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचाएं ताकि अधिक से अधिक लोग इन महत्वपूर्ण योजनाओं और कानूनों से अवगत हो सकें।

इन शिविरों में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टक्का के प्रधानाचार्य वरिंदर कपिला, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बसाल की प्रधानाचार्य कविता संधू, विद्यालय स्टाफ तथा जिला बाल संरक्षण इकाई ऊना की टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

## एसजेवीएन ने सामूहिक गायन के साथ वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ मनाई

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**शिमला।** भूपेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के मार्गदर्शन में, एसजेवीएन ने आज शिमला स्थित अपने कारपोरेट मुख्यालय में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के सामूहिक गायन का आयोजन करके इसकी 150वीं वर्षगांठ मनाई। इस कार्यक्रम में श्री अजय कुमार शर्मा, निदेशक (कार्मिक) एसजेवीएन तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। एसजेवीएन ने अखिल भारत में अपनी सभी परियोजनाओं और कार्यालयों में सामूहिक गायन का आयोजन करके वर्ष भर चलने वाले इस समारोह की शुरुआत की।

इस ऐतिहासिक अवसर पर, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली से राष्ट्र को संबोधित किया तथा इस कार्यक्रम का एसजेवीएन कर्मचारियों के लिए सीधा प्रसारण किया गया। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वंदे मातरम का सामूहिक गायन एक गहन अनुभव है, जो एकता, साहस और गौरव की प्रेरणा देता है। माननीय प्रधानमंत्री ने इस बात पर बल देते हुए कहा कि ऐसा कोई लक्ष्य नहीं है, जिसे भारत हासिल न कर सके। उन्होंने कहा कि यह समारोह सभी नागरिकों में नई ऊर्जा और गौरव का संचार करेगा तथा राष्ट्र के इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगी। इस अवसर पर, अजय कुमार शर्मा ने कहा कि वंदे मातरम हमारे राष्ट्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है।

## अनुराग के खिलाफ निराधार बातें कहना सुरेश कुमार की राजनीतिक अपरिपक्वता दर्शाता : भाजपा

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर, 7 नवंबर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने भाजपा पदाधिकारियों प्रमिला कुमारी और अश्विनी गांधी के साथ एक संयुक्त बयान जारी कर कांग्रेस विधायक सुरेश कुमार द्वारा केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करने की कड़ी निंदा की। भाजपा नेताओं ने कहा कि सुरेश कुमार की अपरिपक्व और निराधार टिप्पणियाँ उनकी हताशा और राजनीतिक उथल-पुथल को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा, ÷वह एक आकस्मिक विधायक हैं जो न तो विकास के मुद्दों को समझते हैं और न ही उन लोगों का सम्मान करते हैं जिन्होंने राज्य की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

उन्होंने आगे कहा कि हिमाचल प्रदेश के विकास में अनुराग ठाकुर का योगदान परिवर्तनकारी रहा है और हर नागरिक को दिखाई देता है। उन्होंने कहा, ÷धर्मशाला के विश्वस्तरीय क्रिकेट स्टेडियम से लेकर हमीरपुर के स्क्ष्ठ सेंटर तक, हमीरपुर में नागरिकों की सुविधा सुनिश्चित करने वाले पासपोर्ट कार्यालय से लेकर ऊना में क्लद्ध सैटेलाइट सेंटर तक - अनुराग ठाकुर की हर पहल ने इस क्षेत्र का उत्थान किया है। सड़कों और रेलवे का विस्तार, एम्स बिलासपुर जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों की स्थापना, हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में अन्य शैक्षणिक परियोजनाएँ प्रगति के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।÷

उन्होंने यह भी कहा कि सुरेश कुमार को कुछ भी कहने से पहले अनुराग ठाकुर की सांसद मोबाइल स्वास्थ्य जाँच सेवा, जो ज़रूरतमंदों के घर तक स्वास्थ्य सेवा पहुँचाती है, और खेल महाकुंभ, जो अब पूरे देश में एक आदर्श बन गया है, को भी याद रखना चाहिए था। विकास से कोई लेना-देना नहीं है।

एनएच-3 मुद्दे पर बोलते हुए, भाजपा नेताओं ने स्पष्ट किया कि अनुराग ठाकुर काम में तेजी लाने के लिए संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों से लगातार संपर्क बनाए हुए हैं। उन्होंने बताया, आखिरी समीक्षा बैठक 14 सितंबर 2025 को समीरपुर में हुई थी, जहाँ अनुराग ठाकुर ने व्यक्तिगत रूप से धीमी प्रगति का जायजा लिया, अधिकारियों को जन शिकायतों के शीघ्र समाधान के लिए सख्त निर्देश दिए और स्पष्ट रूप से कहा कि इस तरह की देरी पूरी तरह से अस्वीकार्य है।

### हरियाणा में वोट चोरी के आरोप पर राहुल गांधी पर किया पलटवार

**हमीरपुर (शिल्पा शर्मा)।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर और भाजपा नेता एवं जिला पदाधिकारी धर्मेंद्र शर्मा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा हरियाणा में मतदाताओं के साथ छेड़छाड़ के हालिया आरोपों की कड़ी आलोचना की और इसे एक फ्राजनीतिक नाटकज और बिहार विधानसभा चुनावों से ध्यान भटकाने की एक हताश कोशिश करार दिया। उन्होंने कहा, जराहुल गांधी ने अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए ही प्रेस को संबोधित किया। बिहार में मतदान से ठीक एक दिन पहले, उन्होंने हरियाणा के बारे में कहानियाँ साझा करना शुरू कर दिया इससे साफ़ पता चलता है कि कांग्रेस के पास बिहार में कहने के लिए कुछ नहीं बचा है। जनता का ध्यान भटकाने के लिए, वह बेवजह हरियाणा का मुद्दा उठा रहे हैं। भाजपा नेताओं ने कहा कि विपक्ष के नेता होने के नाते राहुल गांधी को बेबुनियाद आरोपों में उलझने के बजाय गंभीर राष्ट्रीय मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

## जिंद बाबा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 28 वें मेडिकल कैंप का आयोजन

अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा

**बिलासपुर।** सिद्ध योगी बाबा बालक नाथ जी की करुणामई कृपा से एवम् ब्रह्मलीन सतगुरुदेव जन्दि बाबा जी की प्रेरणा से जन्दि बाबा चैरिटेबल ट्रस्ट शाहतलाई की ओर से 28 वा वार्षिक बहुआयामी मेडिकल कैम्प 21 नवंबर 2025 सुबह 9.00 बजे से 23 नवंबर 2025 की दोपहर तक लगाया जा रहा है। इस कैंप में नेत्र रोग, त्वचा रोग, स्त्री रोग, दांतों व मुन्ख के रोग, हड्डियों व जोड़ों के रोग, मेडिसन व सर्जरी इत्यादि रोग निवारण के लिए निपुण विशेषज्ञों द्वारा गहन परामर्श व नि- शुल्क दवाइयाँ दी जाएगी। आयुर्वेदिक इलाज व दवा भी उपलब्ध होगी। इसके साथ आधुनिक लैब टेस्ट , कैंसर की जाँच, हृदय रोग के श्वष्टत्र टेस्ट, लंगफंक्शन टेस्ट, फ़िज़ियोथेरेपी, योग परिशिक्षण भी निःशुल्क किए जाएँगे।

उपयुक्त मरीज़ों की आँखों के मोतियाबिंद् के ऑपरेशन व [illegible] इद्दठुह्य, पंचकूला के सरकारी मान्यता प्राप्त अधिकृत हस्पताल में किए जाएँगे। चुनिंदा मरीज़ व एक सहभागी का बस का किराया, दवा, रहने व खाने की व्यवस्था ट्रस्ट की ओर से निःशुल्क की जाएगी। उपयुक्त मरीज़ों के दांतों के पूर्ण सेट बनाये जाएँगे। दांतों के पूर्ण सेट लगवाने के चयन किए मरीज़ 21 से 23 नवंबर, तीनों दिन नाप देनें की व्यवस्था कर के आयें। अपनी सुविधा के लिए पुराना सेट साथ ले कर आयें। लंगर सेवा भी ट्रस्ट द्वारा उपलब्ध होगी। साक्षरता को प्रोहत्साहन देने के लिए पढ़ाई में योग्य छात्रों को हर वर्ष की तरह छात्रवृतियाँ भी दी जायेंगी।



## पुस्तक मेला : मुख्य सचिव ने ऑनलाइन 5 जिलों में स. पटेल लाइब्रेरी का किया उद्घाटन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** शहर में पिछले तीन वर्षों से लोगों को किताबों से जोड़ते आए पुस्तक मेले का सेक्टर 5 स्थित इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में उत्साह भरे माहौल में शुरू हो गया।

हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने दीप प्रज्ज्वलित कर मेले का शुभारंभ करते हुए कहा कि आज के समय में पुस्तकों की महत्ता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। समय व्यतीत करने के लिए उपलब्ध अन्य विकल्पों के कारण हम यह भूल जाते हैं कि पुस्तकों के माध्यम से हम देश और प्रदेश के गौरवशाली इतिहास से जुड़े रह सकते हैं।

इस अवसर पर मुख्य सचिव ने रिमोट का बटन दबाकर उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) द्वारा कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के तहत करनाल के कैमला, पंचकूला के बाड़ गोदाम, सोनीपत के राठधाना व धनाना, अंबाला के बड़ी घेल व सैन माजरा तथा कैथल के सजूमा, खानपुर और चौसला में स्थापित सरदार पटेल लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। मुख्य सचिव ने कहा कि हरियाणा के बिजली निगमों द्वारा पीके दास के मार्गदर्शन में वर्ष 2022 से पंचकूला में पुस्तक मेले का आयोजन प्रारंभ किया गया था।

### अकील अख्तर की मौत मामले में सीबीआई की कार्रवाई

# पूर्व डीजीपी समेत पत्नी, बेटी और बहू पर केस दर्ज

केंद्र की मंजूरी मिलने के बाद सीबीआई मोहम्मद मुस्तफा, पत्नी पूर्व मंत्री रजिया सुल्तान, बहू और बेटी से करेगी पूछताछ

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**पंचकूला।** पंजाब के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) मोहम्मद मुस्तफा के बेटे अकील अख्तर की संदिग्ध मौत का मामले में सीबीआई ने की एफआईआर दर्ज की है।

सीबीआई द्वारा जल्द पंजाब के पूर्व डीजीपी मोहम्मद मुस्तफा, मलेरकोटला से तीन बार की विधायक व पूर्व मंत्री रही उनकी पत्नी रजिया सुल्ताना, उनकी बेटी एवं पुत्रवधु को अकील अख्तर की मौत लेकर जांच में शामिल कर किया जाएगा। वीरवार को इस मामले की जांच के लिए केंद्र सरकार ने सीबीआई जांच की मंजूरी दी, जिसके बाद सीबीआई टीम ने रात को ही केस से संबंधित जांच के सभी दस्तावेज टेकओवर कर लिए हैं। 16 अक्टूबर की देर रात पूर्व डीजीपी मोहम्मद मुस्तफा के बेटे अकील अख्तर की पंचकूला के एमडीसी सेक्टर 4 स्थित उनकी कोठी में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। इस मामले में मलेरकोटला के निवासी शमसुद्दीन की शिकायत पर पंचकूला पुलिस ने परिवार के सदस्यों पर हत्या का मामला दर्ज किया था।

सीबीआई अब शमसुद्दीन को भी जांच में शामिल करेगी। घटना की रात को परिवार ने बताया था कि दवाइयों की ओवरडोज की वजह से मौत हुई। मृतक का सहारनपुर में अंतिम संस्कार किया गया था। अंतिम संस्कार के बाद एक वीडियो सामने आया था।

यह वीडियो 27 अगस्त का बताया गया था। वीडियो में अकील यह कहते दिखाई दिए कि परिवार के लोग उसे मारने के लिए साजिशें रच रहे हैं। उसने यह भी आरोप लगाया था कि उसकी पत्नी के उसके पिता के साथ अवैध संबंध हैं।

इस बारे में जब से उसको पता चला है पूरा परिवार उसको रास्ते से हटाने की साजिश रच रहा है। इसी वीडियो को आधार बनाते हुए पूर्व डीजीपी के पड़ोसी शमशुद्दीन चौधरी ने पुलिस को शिकायत दी थी। अब तक पंचकूला पुलिस द्वारा गठित एसआईटी इस मामले की जांचकर रही थी।



## कब बुलबुल टीम ने धूमधाम से मनाया स्काउट्स एवं गाइड्स का स्थापना दिवस

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** जिला पंचकूला में जिले के विभिन्न विद्यालयों में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की कब एवं बुलबुल यूनिट द्वारा स्काउट्स एवं गाइड्स स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिला पंचकूला में शिक्षा अधिकारी संध्या मलिक की अध्यक्षता एवं जिला संगठन आयुक्त असिन्द्र कुमार एवं सत्या शर्मा की देख रेख में चल रहे कब-बुलबुल कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय संस्कृति प्राथमिक विद्यालय सेक्टर 20 में फ्लॉक लीडर्स मीनाक्षी, ज्योति सुमन एवं कब मास्टर मुकेश, सार्थक में कब मास्टर धर्मपाल, राजकीय संस्कृति प्राथमिक विद्यालय सेक्टर 4 में फ्लॉक लीडर नीना रोजरा, राजकीय संस्कृति प्राथमिक विद्यालय बरवाला में फ्लॉक लीडर रचना, मढ़ावाला में राजकीय संस्कृति प्राथमिक विद्यालय कोटि में कब मास्टर प्रदीप राणा, एवं राजकीय प्राथमिक पाठशाला हरिपुर सेक्टर 4 में सत्येन्द्र, घग्गर बीड में डी ओ सी सत्या शर्मा, सेक्टर 26 में फ्लॉक लीडर नरेश कुमारी, अभय पुर में कब मास्टर परमाल सिंह, नरेश,जह्लाह में प्रोमिला प्राथमिक पाठशाला आशियाना में पिंकी, मसूमपुर कब मास्टर गगन की देख रेख में कब बुल बुलबुल विद्यार्थियों द्वारा धूमधाम से स्थापना दिवस मनाया।

## कमिश्नर का 4 घंटे का मैराथन निरीक्षण, काउंसलर ने कहा- वर्षों से लंबित समस्याओं के समाधान की दिशा में ठोस कदम

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 7 नवम्बर।** नगर निगम चंडीगढ़ के कमिश्नर श्री अमित कुमार (आईएएस) ने आज सेक्टर-15 में लगभग चार घंटे तक चलने वाला मैराथन निरीक्षण दौरा किया, जिसमें क्षेत्र के काउंसलर सौरभ जोशी भी उनके साथ रहे। इस दौरान कमिश्नर ने सेक्टर-15 के सभी चारों भागों-, B, C और D में चल रहे एवं लंबित विकास कार्यों का जायज़ा लिया और अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने सेक्टर-15/ (फ्लोरल गार्डन, अंडरपास रोड, मकान नं. 41ड्ड44 के पास जलभराव क्षेत्र, मकान नं. 221 के समीप), सेक्टर-15/B (जॉगर्स पार्क, नर्सिंग क्वार्टर, मंदिर के पीछे का भाग), सेक्टर-15/C (साइकस पाम ग्रीन बेल्ट, वेरका बूथ पार्क, मकान नं. 2141 क्षेत्र) तथा सेक्टर-15/ष्ठ (सरकारी क्वार्टर, वाटर वर्क्स और एल.आई.सी. क्वार्टर क्षेत्र) का दौरा किया। उन्होंने बरसाती नालों की सफाई, सड़कों की मरम्मत, ग्रीन बेल्ट रखरखाव और अधूरे पड़े कार्यों पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए।

Zero Waste Food Street Market में कमिश्नर का पटेल मार्केट एसोसिएशन के पदाधिकारियों – अध्यक्ष अंकुश वर्मा, चेयरमैन यशपाल बित्तू, महासचिव रमेश गुप्ता, उपाध्यक्ष अंकित और सचिव संजीव – ने पुष्पवर्षा से स्वागत किया और ÷V-y Street for People Project" को शीघ्र पुनर्जीवित करने हेतु ज्ञापन सौंपा। सेक्टर-15 के नर्सिंग क्वार्टरों के निवासियों कमलजीत सिंह, कंवरजोत सिंह, डॉ. विपिन साहू और अमरजीत सिंह ने बरसाती जलभराव और सीवरेज की समस्या रखी, जिस पर कमिश्नर ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इसी तरह सेक्टर-15/ष्ठ के सरकारी मकानों के निवासियों अवतार सिंह, विजय ठाकुर, वेणुगोपाल, चमनलाल तथा अन्य महिला सदस्यों ने बताया कि बारिश के दौरान पानी घरों में घुस जाता है।

उन्होंने यह भी मांग की कि सरकारी मकानों के पास बना अस्थायी शेड, जो अब कचरा छंटाई स्थल के रूप में प्रयोग हो रहा है, हटाकर वहाँ एक सुंदर पार्क विकसित किया जाए। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर अमित कुमार और काउंसलर सौरभ जोशी ने संयुक्त रूप से ÷वेरका बूथ पार्क÷ के विकास कार्य की भी शुरुआत की, जो वित्तीय कारणों से काफी समय से लंबित था।

## वन्दे मातरम सिर्फ गीत ही नहीं बल्कि देश की आत्मा का प्रतीक : टंडन

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़।** देशभक्ति के प्रतीक राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चंडीगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में स्मरणोत्सव का आयोजन किया गया जिसमे भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं हिमाचल प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी संजय टंडन ने भाग लिया और उपस्थित लोगों को सम्बोधित किया 7 टंडन ने सर्वप्रथम सेक्टर 38 स्थित रानी लक्ष्मीबाई महिला भवन में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई जहाँ पंजाब और चंडीग? के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया मुख्यातिथि थे।

कार्यक्रम में चंडीगढ़ के उपायुक्त निशांत यादव, मेयर हरप्रीत कौर बबला, प्रमुख सचिव एच. राजेश प्रसाद और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। उसके उपरान्त उन्होंने भारतीय जनता पार्टी चंडीग? द्वारा सेक्टर 33 में इसी उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमे मुख्य वक्ता के रूप में उन्होंने भाग लिया। यह आयोजन मां भारती को समर्पित रहा, जहां अध्यात्म, संगीत और देशप्रेम का अद्भुत संगम देखने को मिला। समारोह के दौरान स्थानीय कलाकारों ने वंदे मातरम् पर आधारित नृत्य और भजन प्रस्तुत किए, जिनमें मातृभूमि के प्रति प्रेम और समर्पण की गूंज पूरे सभागार में सुनाई दी। भवन परिसर में वंदे मातरम् के 150 वर्षों की झलक पेश करती प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय और स्वतंत्रता संग्राम के वक्त की दुर्लभ तस्वीरों और दस्तावेज़ों को प्रदर्शित किया गया।

इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजय टंडन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह गीत भारत की आत्मा और स्वाभिमान का प्रतीक है, जिसने स्वतंत्रता संग्राम के हर चरण में देशवासियों को एकजुट करने का कार्य किया।

## भाजपा ने मनाया स्मरण उत्सव

अर्थ प्रकाश/सुनील सिंघई



**पंचकूला, 07 नवंबर।** भाजपा मुख्यालय पंचकमल में राष्ट्रीय वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद रेखा शर्मा, कालका विधायिका शक्ति रानी शर्मा, जिला अध्यक्ष अजय मित्तल, वरिष्ठ नेता श्याम लाल बंसल, शिवालिक बोर्ड चेयरमैन ओमप्रकाश देवीनगर, जिला महामंत्री जय कौशिक, भुवनजीत सिंह, मंडल अध्यक्ष प्रमोद वत्स सहित पार्टी के तमाम नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने वंदे मातरम् गीत के सभी छः छंदों का सामूहिक गायन किया। गौरतलब है, भाजपा के सांगठनिक कार्यक्रमों में वंदे मातरम् गीत के प्रथम दो छंदों का गायन किया जाता है।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने सभी को बधाई देते हुए कहा, राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् महज एक गीत नहीं बल्कि भारत वर्ष की चेतना है। उन्होंने कहा, स्वतंत्रता आंदोलन को गति और दिशा प्रदान करने में वंदे मातरम् गीत की बहुत ब?ी भूमिका रही। गुलामी के दिनों में यह गीत करोडो हिन्दुस्तानियों के आत्मगौरव को जगाने, आत्मबल को ब?ाने और गुलामी के जंजीरों को तो? फेंकने में सहायक बनी। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद और कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रेखा शर्मा ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर बधाई देते हुए कहा की राष्ट्रीय गीत का गायन करना प्रत्येक हिन्दुस्तानी के लिए गर्व और स्वाभिमान की बात होनी चाहिए। उन्होंने कहा, राष्ट्रगीत किसी भगवान या मूर्ति विशेष की आराधना के लिए नहीं बल्कि अपनी मातृभूमि के वंदन का गीत है। सांसद रेखा शर्मा ने गीत का भावार्थ समझाते हुए कहा कि वर्ष 1875 में बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा लिखित इस गीत में भारत को माँ के रूप में देखा गया है। उन्होंने कहा, जिस बंगाल की पावन धरा से इस अमर गीत की रचना हुई दुर्भाग्यवश आज उसी जगह के चंद लोग इसे धर्म से जो? कर इसका विरोध करने का कुकृत्य कर रहे है, जो अशोभनीय और निंदनीय है। उन्होंने कहा, आ?ादी की ल?ाई के दौरान इस गीत को हर जाति, पंथ, समुदाय और हर क्षेत्र के लोगों द्वारा गर्व और जोश के साथ गया जाता था। उन्होंने कहा, हमारा राष्ट्रीय गीत हमारी राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सम्प्रभुता का प्रतीक है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### प्रॉपर्टी डीलर वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक अनमोल गगन से मिले



**न्यू- चंडीगढ़ (जेके बत्ता)।** प्रॉपर्टी डीलर वेलफेयर एसोसिएशन (पंजीकृत) नयागांव के प्रधान मंजीत सिंह सिद्धू के नेतृत्व में प्रॉपर्टी डीलर वेलफेयर एसोसिएशन (पंजीकृत) नयागांव के सदस्य पूर्व पार्षद जगतार सिंह भोटी, रोशन नाडा,दर्शन कुमार नाडा,संजू नाडा,राज कुमार शर्मा,एडवोकेट विपिन शर्मा, शेर सिंह धालीवाल, शिव कुमार, सर्वजीत सिंह सहित अन्य सदस्य पूर्व केबेनेट मंत्री व हल्का खरड की विधायक अनमोल गगन मान को मिली तथा बिजली-पानी के कुन्नेक्शनो तथा बंद रजिस्ट्रियों - जमीन के इंतकाल समय पर ना होने की समस्या के बारे में उनको विस्तार पूर्वक बताया । प्रधान मंजीत सिंह सिध्दू ने कहा कि नयागांव के क्षेत्र में विकास कार्य भी बिल्कुल ठप्प पडे है कोई विकास नही हो रहा । जिन लोगो ने सेवानिवृत होने के बाद अपनी जींदगी की सारी कमाई लगा जमीन खरीदी है उनकी जमीन की ना तो रजिस्ट्री हो रही है तथा ना ही उनको बिजली व पानी के नये कुन्नेक्शन मिल रहे है । वह सभी लोग बहुत परेशान है । प्रधान मंजीत सिंह सिद्धू ने बताया कि आप ही इन सभी नयागांववासियों की समस्या का समाधान कर सकते हो हम नयागांव वासीयो की ओर से उनकी समस्याये लेकर आपके पास आये है । मंजीत सिंह ने विधायक मैडम अनमोल गगन मान से यह भी कहा कि अगर हो सके तो वन टाइम सेटलमेंट स्कीम लाओ जिस पर लो कम से कम चार्ज दे कर अपने घरो के नक्शे पास करवा सके। विधायक अनमोल गगन मान ने कहा कि मै जल्द ही नयागांव वासीयो की समस्याओं का हल करवा दूंगी आप मुझे अपने लैटर पैड पर लिखित में दे दो जिसे मै माल विभाग से बात करके आप लोगो की समस्या का हल करवा दूंगी । इसके बाद सभी सदस्यों ने पूर्व केबेनेट मंत्री व हल्का खरड की विधायक अनमोल गगन मान द्वारा आश्वासन देने पर उनका धन्यवाद किया ।

### एनआरएमयू वर्कशॉप ब्रांच ने उठाई सड़क सुधार की मांग

**कालका (जग्गी)।** एनआरएमयू (नॉर्थर्न रेलवे मेंस यूनियन) वर्कशॉप ब्रांच कालका द्वारा दिनांक 7 नवम्बर 2025 को कालका आई.ओ.डब्ल्यू. (ढ्ढह्रङ्ख) को एक पत्र लिखकर कर्मचारियों को यातायात के दौरान हो रही परेशानियों से अवगत करवाया गया। पत्र में यूनियन ने बताया कि नैरो गेज लाइन के दोनों ओर की सड़कें पूरी तरह से टूटी-फूटी हुई हैं, जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। कर्मचारियों को प्रतिदिन कारखाने आने-जाने में अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। हल्की बारिश के दौरान ही बड़े-बड़े गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे जान-माल को नुकसान होने का खतरा बना रहता है। यूनियन ने यह भी कहा कि ऐसी स्थिति में यदि किसी को आपातकालीन स्थिति में कहीं जाना हो या किसी मरीज को अस्पताल ले जाना पड़े, तो भारी दिक्कतें पेश आती हैं। एनआरएमयू वर्कशॉप ब्रांच ने प्रशासन से मांग की है कि रेलवे की सड़कों की शीघ्र मरम्मत करवाई जाए ताकि भविष्य में कर्मचारियों को यातायात के दौरान असुविधा का सामना न करना पड़े।

## आज मैराथन के दौरान कई रास्ते बंद, ट्रैफिक एडवाइजरी जारी

**पंचकूला।** पंचकूला में कल सुबह 5 बजे से लेकर सुबह 9 बजे तक आयोजित होने वाली मैराथन के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए पंचकूला पुलिस द्वारा विशेष ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की गई है।

एसीपी ट्रैफिक सुरेन्द्र सिंह के अनुसार मैराथन प्रतिभागी ताऊ देवी लाल स्टेडियम से शुरू होकर घग्गर पुल, डम्पिंग ग्राउंड से होते हुए सेक्टर-27 आर्मी सोसायटी तक जाएंगे और वहीं से यू-टर्न लेकर ताऊ देवी लाल स्टेडियम लौटेंगे। इस दौरान सेक्टर-3/21 हाईवे कट से ताऊ देवी लाल स्टेडियम की ओर आने-जाने वाला मार्ग पूरी तरह बंद रहेगा। सेक्टर-21 की ओर से स्टेडियम की दिशा में यातायात प्रतिबंधित रहेगा। इसी प्रकार सेक्टर-23 से डम्पिंग ग्राउंड गोल चक्कर की तरफ जाने वाला मार्ग भी बंद रहेगा।

## एआई से कैंसर पर 100 फीसदी सटीक दवा जलकुंभी से कपड़ा तक, सब कुछ हुआ हिट

### चंडीगढ़ साइंस कांग्रेस के दूसरे दिन 609 शोधों ने रचा इतिहास

**चंडीगढ़, 7 नवंबर।** पंजाब विश्वविद्यालय आज विज्ञान के महाकुंभ में डूबा नजर आया। 18वीं चंडीगढ़ साइंस कांग्रेस (चेस्कॉन-2025) के दूसरे दिन कैंपस में सिर्फ पढ़ाई नहीं, जुनून की बाढ़ आई थी। सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक 609 मौखिक-पोस्टर प्रेजेंटेशन, 8 अलग-अलग वैज्ञानिक सत्र और तीन पद्मश्री वैज्ञानिकों के हैरान करने वाले खुलासे, यकीन मानिए, आज चंडीगढ़ ने दुनिया को बता दिया कि भारत का भविष्य यहीं तैयार हो रहा है। बताया गया कि जलकुंभी से बन रहा है कपड़ा और पक्षी के पंख से सिल्क।

पद्मश्री प्रो. अनिल कुमार गुप्ता (आईआईएम अहमदाबाद के पूर्व प्रोफेसर और हनी बी नेटवर्क के संस्थापक) ने जब मंच संभाला तो पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा। उन्होंने बताया,गाँव की महिलाएँ जलकुंभी से रेशा बना रही हैं, पक्षियों के पंख से सिल्क तैयार हो रहा है। यह है असली इनक्लूसिव इनोवेशन। उनका सीधा संदेश युवाओं को विज्ञान को उद्यमिता और समाज से जोड़ो, तभी दुनिया बदलेगी।

**दिल की बीमारी की जड़ अब जीन में पकड़ी जा रही**

पीजीआई चंडीगढ़ के कार्डियोलॉजी हेड प्रो. अजय बहल ने खुलासा किया, नेक्स्ट-जेन सीक्वेंसिंग से हम 5 दिन में पता लगा लेते हैं कि दिल की बीमारी जेनेटिक है या नहीं। पहले यह काम 6 महीने लगाते थे।अब 25 साल के युवाओं को भी समय रहते दिल का इलाज मिल रहा है।

फोर्टिस मोहाली के निदेशक और पद्मश्री प्रो. दिगंबर बेहरा के व्याख्यान पर श्रोताओं ने साँसें थाम लीं जब वह बोले,एआई अब कैंसर की दवा खोजने में 94-100 फीसदी सटीक है। भारत में हर साल 4 लाख मरीज अस्पतालों में गलतियों का शिकार होते हैं, एआई उन्हें बचा सकता है। उन्होंने लाइव डेमो दिखाया कि कैसे 2 मिनट में एआई ब्रेन ट्यूमर की एमआरआई पढ़ लेता है, जिसे डॉक्टर को 40 मिनट लगते हैं।

दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हिमाचल तक से 2000+ स्टूडेंट्स-रिसर्चर्स पहुंचे। एक स्टूडेंट ने तो चाय की पत्ती से बैटरी बना डाली, जिसे देखकर जजेस भी दंग रह गए! तीन-तीन कैटेगरी में बेस्ट अवार्ड्स घोषित किए गए।



## रोहन वालिया, गुरजीत गुर्जर और कुलदीप शर्मा ने लगाए तुफानी शतक

अर्थ प्रकाश संवाददाता

गली क्रिकेट टूर्नामेंट

**पंचकूला।** प्रथम भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जिला पंचकूला गली क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन विभिन्न ग्राउंडों पर रोमांचक मुकाबले खेले गए। शुक्रवार को ताऊ देवी लाल ग्राउंड हंगोली ने भोज टिपरा को 149 रनों से हराया। बरवाला ने भगवानपुर को 6 विकेटों से हराया।

बटवाल ने टिब्बी को 7 विकेटों से हराया। वी.डी. क्रिकेट ग्राउंड पर मानक टावरा ने रिहै? को 69 रनों से हराया। जे.आर. क्रिकेट ग्राउंड, नग्गल ढण्डारडू गांव ने गणेशपुर को 4 विकेटों से हराया। अशियाना ने सेक्टर 18 पंचकूला को 2 विकेटों से हराया। दरदा मोरनी ने अलीपुर को 57 रनों से हराया। ककराली ने खोपर मोरनी को 10 विकेटों से हराया। सतलुज क्रिकेट ग्राउंड

सरकारी स्कूल सेक्टर 12 ने सरकारी स्कूल कोट को 7 विकेटों से हराया। सरकारी स्कूल सेक्टर 6 ने हरियाणा मॉडल स्कूल सेक्टर 10 को 20 रनों से हराया।

## शमशान घाट में नशा करते युवक गिरफ्तार, डोप टेस्ट आया पॉजिटिव

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर।** नशा करने के आदी एक युवक को जीरकपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गुरजंट सिंह निवासी गांव भबात के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ एएसआई बलजीत सिंह के बयान पर थाना जीरकपुर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

एएसआई बलजीत सिंह ने बताया कि वह पुलिस पार्टी के साथ संदिग्ध और बदमाश लोगों के संबंध में खेल स्टेडियम गांव भबात जीरकपुर के पास मौजूद थे। दोपहर लगभग पौने 2 बजे जब मुखबिर ने एएसआई मान को निजी तौर पर सूचना दी कि गुरजंट सिंह हेरोइन और अन्य नशे का आदी है। ऐसा करने से अन्य युवाओं और समाज पर बुरा असर पड़ रहा है। आज भी गुरजंट सिंह नशा करने के लिए गांव भबात में उक्त श्मशान घाट की तरफ पैदल गया है। अगर अभी छापा मारा जाए तो गुरजंट सिंह को गिरफ्तार किया जा सकता है। सूचना विश्वसनीय होने के कारण एएसआई मान ने अपने साथी कर्मचारियों के साथ मौके पर छापा मारा और गुरजंट सिंह को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी गुरजंट सिंह को पुलिस सीएचसी ढकोली लेकर पहुंची और ड्यूटी डॉक्टर को गुरजंट सिंह का डोप टेस्ट करवाने के लिए लिखित आवेदन दिया। लेकिन लैब बंद होने के कारण उसका डोप टेस्ट नहीं हो सका। इसके बाद वह गुरजंट सिंह को साथ लेकर सिविल अस्पताल डेराबस्सी पहुंचे और गुरजंट सिंह का डोप टेस्ट करवाने के लिए लिखित आवेदन दिया।

## आर्किटेक्ट शिवदत्त शर्मा के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री का कल आएगा प्रीमियर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 7 नवंबर।** चंडीगढ़ के प्रख्यात आर्किटेक्ट शिवदत्त शर्मा के जीवन और कार्यों पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री का आज यहां शुभारंभ किया गया। यह फिल्म लगभग 14 वर्षों में पूरी हुई है,जिसमें भारत के प्रमुख आर्किटेक्ट्स और विशेषज्ञों के इंटरव्यू शामिल हैं, जो शर्मा के आर्किटेक्चर कार्यों पर चर्चा करते हैं। इस फिल्म का निर्माण शिवानी शर्मा द्वारा और निर्देशन अतुल शर्मा द्वारा किया गया है। इसकी अवधि लगभग 50 मिनट है।

फिल्म का प्रीमियर आगामी रविवार, 9 नवंबर को सुबह 11:30 बजे,सेक्टर 10 स्थित म्यूज़ियम एंड आर्ट गैलरी,चंडीगढ़ के ऑडिटोरियम में होगा। यह फिल्म बहुत ही रोचक ढंग से आर्किटेक्ट शर्मा के जीवन



और करियर के महत्वपूर्ण पड़ावों को दर्शाती है। 94 वर्ष की उम्र में भी सक्रिय और कार्यरत शर्मा का जीवन एक प्रेरणादायक कहानी है। फिल्म आर्किटेक्ट शर्मा के 65 वर्षों के पेशेवर सफर पर एक दिलचस्प दृष्टि प्रस्तुत करती है।

विभाजन के कठिन दौर में संसाधनों की कमी के बावजूद, शर्मा ने चंडीगढ़ के कैपिटल प्रोजेक्ट में आर्किटेक्ट्स की टीम में शामिल होकर अपने करियर की शुरुआत की। अपनी मेहनत और लगन से उन्होंने प्रसिद्ध आर्किटेक्ट्स ली कॉर्बुज़िए और पियरे जेनरे के साथ काम किया,विशेषकर म्यूज़ियम एंड आर्ट गैलरी, चंडीगढ़ के प्रोजेक्ट पर।

उनकी रचनात्मक प्रतिभा की झलक शुरू से ही दिखी – उनकी थीसिस को जूरी ने आदर्श माना। ली कॉर्बुज़िए के निधन के बाद उनका अधूरा संग्रहालय प्रोजेक्ट शर्मा को सौंपा गया, जो उनकी प्रतिबद्धता और वास्तुकला के प्रति समर्पण का प्रमाण है।

ली कॉर्बुज़िए के साथ मिलकर जिस इमारत पर शर्मा ने कार्य किया, वह है म्यूज़ियम एंड आर्ट गैलरी। इसके अलावा चंडीगढ़ में उन्होंने कई महत्वपूर्ण इमारतों का डिज़ाइन किया, जैसे टेक्निकल टीचर्स ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, आईएमटेक, नाइपर, आईटी पार्क स्थित ईडीसी बिल्डिंग, और पीजीआईएमईआर आदि।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान आर्किटेक्ट शिवदत्त शर्मा ने कहा कि मुझे यह सौभाग्य मिला कि मैं चंडीगढ़ में रहा, जहां मैंने जिया, काम किया, सीखा और वास्तुकला की बुनियाद को समझा। ली कॉर्बुज़िए – जो एक आर्किटेक्ट, विचारक, लेखक और चित्रकार थे – उनके व्यक्तित्व को करीब से जानना मेरे लिए एक अद्भुत अनुभव रहा। यह एक ऐसा संस्थान था जहाँ बिना किसी भेदभाव के वास्तुकला और नगर नियोजन सीखा जा सकता था।

मेरे मन में पहले से कोई बनी हुई सोच नहीं थी, इसलिए मुझे वास्तुकला को नए ढंग से समझने और सीखने का मौका मिला। मैं भले ही ली कॉर्बुज़िए की गहराई तक न पहुँच सका, लेकिन उनके कामों से मैंने बहुत कुछ सीखा, जो मेरे लिए बहुत कीमती अनुभव रहा।

# राष्ट्र गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर डीएवी स्कूल में आयोजित हुआ भव्य राज्य स्तरीय समारोह

**कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति के उत्साह और राष्ट्रीय एकता के संदेश से गूंजा स्कूल परिसर**



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत, 7 नवम्बर।** राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को सेक्टर-15 स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में भव्य राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में प्रदेश के पंचायती राज मंत्री कृष्ण लाल पंवार व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की।

कार्यक्रम में जिला के अनेक गणमान्य व्यक्तित्व, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि, समाजसेवी, एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान स्कूल परिसर वंदे मातरम के जयघोष के साथ देशभक्ति के नारों से गूंज उठा। इस दौरान वंदे मातरम गीत के इतिहास पर सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई, जिसके माध्यम से बच्चों ने राष्ट्रीय गीत के इतिहास के बारे में जानकारी ली। राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश के पंचायती राज मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि वंदे मातरम सिर्फ एक गीत नहीं बल्कि यह हमारी मातृभूमि की आत्मा है, जो हमें स्वतंत्रता, एकता और त्याग की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि बंकिमचंद्र चटर्जी ने 1875 में इस गीत की रचना उस समय की थी जब देश गुलामी की जंजीरों में जकड़ा हुआ था। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम का प्रथम प्रकाशन उपन्यास आनंदमठ में हुआ था, जिसने स्वतंत्रता संग्राम की चेतना को प्रज्वलित किया। यह गीत सुनकर उस समय के युवा क्रांतिकारी जोश से भर उठे थे और यही गीत स्वतंत्रता आंदोलन की प्रेरणा बना।भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने कहा कि यह गीत केवल देशभक्ति का प्रतीक नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की आत्मा का स्वर है। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम ने स्वतंत्रता आंदोलन में वह चेतना पैदा की जिससे भारत अंग्रेजों की गुलामी की बेडियों को तोड़ सका। उन्होंने कहा कि 1905 में बंगाल विभाजन के समय वंदे मातरम आंदोलन का नारा बन गया था और इस गीत की गूंज ने अंग्रेजी सत्ता की नींव हिला दी थी।विधायक निखिल मदान ने कहा कि वंदे मातरम वह राष्ट्रगीत है जिसने लाखों स्वतंत्रता सेनानियों को आजादी की लड़ाई में कूदने की प्रेरणा दी। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि वंदे मातरम की पंक्तियों में भारत की आत्मा बसती है, जो हर नागरिक को एकता, सम्मान और त्याग का संदेश देती है।

### ये रहे मौके पर मौजूद

इस मौके पर विधायक पवन खरखौदा, पूर्व मंत्री कविता जैन, जिला प्रभारी सतीश नांदल, भाजपा जिलाध्यक्ष सोनीपत अशोक भारद्वाज, जिलाध्यक्ष गोहाना बिजेन्द्र मलिक, जिला परिषद की चेयरपर्सन मोनिका दहिया, भाजपा नेत्री किरण, नीरज ठरू, अरुण चौहान, राकेश मलिक, रविंद्र दिलावर, अधिकारी तथा विभिन्न विद्यालयों के अध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## वंदे मातरम के 150 वीं वर्षगांठ पर स्मरणोत्सव का गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान ने किया उद्घाटन

अर्थ प्रकाश/सुरेंद्र कुमार



**गन्नौर, 7 नवंबर।** वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ को स्मरणोंत्सव के रूप में मनाते हुए जैन गर्ल कॉलेज में आयोजित उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक देवेंद्र कादियान ने किया। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम एक गीत, एक भावना, एक राष्ट्र की एकता का प्रतीक है। वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक वर्ष तक चलने वाले राष्ट्रीय उत्सव की शुरुआत की है। जो भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है।विधायक देवेंद्र कादियान ने बताया कि राष्ट्र स्तर पर वंदे मातरम स्मरणोंत्सव का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली से किया व इस उत्सव को मनाने के लिए एक डाक टिकट व सिक्का जारी किया। उन्होंने बताया कि वंदे मातरम बंकिम चंद्र चटर्जी ने वंदे मातरम अक्षय नवमी के अवसर पर 7 नवंबर 1875 को लिखा था। यह पहली बार साहित्यिक पत्रिका बंगदर्शन में उनके उपन्यास आनंद मठ के एक अंश के तौर पर प्रकाशित हुआ था। इस राष्ट्रीय गीत ने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन को प्रेरित किया। 1 950 में संविधान सभा ने इसे भारत के राष्ट्रीय गीत के रूप में अपनाया। इसे पहली बार 1896 में कोलकाता में कांग्रेस अधिवेशन में रवींद्रनाथ टैगोर ने गाया था। राजनीतिक नारे के तौर पर पहली बार वंदे मातरम का इस्तेमाल 7 अगस्त 1905 में बंगाल विभाजन के दौरान किया गया था।

1950वीं में जब संविधान लागू हुआ तो संविधान सभा ने सर्वसम्मति से वंदे मातरम को राष्ट्रीय गीत के रूप में अपनाया। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि यह राष्ट्रीय उत्सव भारतीय इतिहास और संस्कृति के प्रति कृतज्ञता करने और आने वाली पीढियां को राष्ट्रीय के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना से जोड़ने का एक अनूठा अवसर है। यह गीत राष्ट्रीय एकता गौरव और देशभक्ति का प्रतीक है।

इस अवसर पर एसडीएम प्रवेश कादियान, नायब तहसीलदार अमित, जैन गर्ल कॉलेज के अध्यक्ष आनंद जैन, खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राध्यापक जगबीर, जैन गर्ल्स कॉलेज का शैक्षिक विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## इनेलो खेल प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी का गठन खेल प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सुनील ढाका ने प्रदेश अध्यक्ष व जिला अध्यक्ष की देखरेख में किया कार्यकारिणी का गठन

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत 7 नवंबर।** इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) खेल प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सुनील ढाका ने जिला कार्यकारिणी का गठन किया। इस मौके पर इनेलो खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र मोर व जिला अध्यक्ष कुनाल गहलावत मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान जिलेभर से पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। खेल प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सुनील ढाका ने जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न हल्कों से युवाओं को जिम्मेदारी दी गई है। प्रवीन कुमार को गन्नौर हल्का अध्यक्ष, सुधीर ढाका को राई, उत्तम मलिक को गोहाना, पवन राणा को खरखोदा, ईशु दहिया को सोनीपत व रोहित मलिक को बरोदा हल्का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके अलावा जसबीर सहरावत को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पप्पू पहलवान, विपिन दूहन, सालिम और विक्रम डांगी को उपाध्यक्ष बनाया गया है। संदीप बड़क को प्रधान महासचिव, धर्मबीर, सतीश, कमल आंतिल और प्रदीप को महासचिव तथा रिंकू मोर को सचिव का दायित्व सौंपा गया है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र मोर ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि इनेलो सदैव खिलाड़ियों और युवाओं के हित में कार्य करती रही है। उन्होंने कहा कि खेल प्रकोष्ठ का उद्देश्य खेलों को बढ़ावा देना, खिलाड़ियों की समस्याओं को उठाना और युवाओं को नशे से दूर रखकर खेल की ओर प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि इनेलो पार्टी में युवाओं की ऊर्जा और खिलाड़ियों की लगन को विशेष स्थान दिया जाता है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कुनाल गहलावत ने सभी पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ-साथ गांव-गांव में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करें। इस मौके पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने और आने वाले चुनावों में पार्टी की नीतियों को जनमानस तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सुरेश त्यागी, अशोक राणा, भूपेन्द्र राठी, बिजेन्द्र, मंजीत फोगाट व हरिओम राठी सहित कई पार्टी नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एसएमडीए द्वारा गांव बड़वासनी की राजस्व भूमि पर अवैध निर्माण को किया गया ध्वस्त: डीटीपी नीलम शर्मा

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत, 7 नवंबर।** सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण (एसएमडीए) से जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) नीलम शर्मा ने बताया कि जिले में अवैध निर्माणों को प्रारंभिक चरण में ही ध्वस्त करने के लिए उपायुक्त सुशील सारवान के निर्देशानुसार प्रशासन द्वारा सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को एसएमडीए की टीम ने गांव बड़वासनी की राजस्व संपदा में नियंत्रित क्षेत्र में सोनीपत बाईपास पर 02 कमरे व 01 शौचालय कुल लगभग 100 वर्ग गज में बनाए जा रहे अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया।एसएमडीए डीटीपी नीलम शर्मा ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें। ऐसी कॉलोनियों में सरकार द्वारा कोई भी मूलभूत सुविधा जैसे सडक, पानी, सीवरेज या बिजली प्रदान नहीं की जाती। इससे आपकी मेहनत की कमाई जोखिम में पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि प्लॉट खरीदने से पूर्व यह सुनिश्चित करें कि संबंधित कॉलोनी नियमानुसार स्वीकृत है अथवा नहीं।उन्होंने कहा कि नियंत्रित क्षेत्र में किसी भी तरह का निर्माण करने से पूर्व एसएमडीए के सीईओ से अनुमति लेना अनिवार्य है अन्यथा एसएमडीए द्वारा अवैध कालोनीध्निर्माण को किसी भी समय नियंत्रित क्षेत्र अधिनियम के प्रावधान में गिराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि कोई भी नागरिक संबंधित जानकारी के लिए सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण कार्यालय, चैथा तल, कराधान विभाग, सेक्टर-12, सोनीपत में सम्पर्क कर सकता है। तोडफोड की कार्यवाही ड्यूटी मैजिस्ट्रेट सचिन कुमार, एसडीओ पंचायती राज तथा एसएमडीए इंफोरर्समेंट व पुलिस टीम की मौजूदगी में की गई।

## एडब्लूएस ने भारत में एडब्लूएस मार्केटप्लेस का विस्तार किया

**चंडीगढ़।** अमेज़न वेब सर्विसेज़ (एडब्लूएस) ने भारत में एडब्लूएस मार्केटप्लेस का विस्तार किया। इस विस्तार के बाद भारत में स्थित एडब्लूएस मार्केटप्लेस के ग्राहक भारत में स्थित सॉफ्टवेयर और सर्विसेज़ कंपनियों से भारतीय रुपये में खरीदारी कर सकेंगे। ग्राहक एडब्लूएस पर अपने द्वारा की गई खरीद के लिए स्थानीय इनवॉयसिंग और स्थानीय पेमेंट विकल्प प्राप्त करेंगे। इस विस्तार के बाद भारत में स्थित विक्रेता, स्वतंत्र सॉफ्टवेयर वेंडर्स (आईएसवी) और कंसल्टिंग पार्टनर अब सरल टैक्स अनुपालन के साथ अपने सॉफ्टवेयर और सेवाएं भारतीय रुपये में सूचीबद्ध कर सकते हैं और बेच सकते हैं।

एडब्लूएस मार्केटप्लेस पर पूरे विश्व में 70 से अधिक सॉफ्टवेयर श्रेणियों, जैसे सिक्योरिटी, एजेंटिक एआई एवं टूल्स, डेवऑप्स, डेटा एवं एनालिटिक्स आदि में 30,000 से अधिक सॉफ्टवेयर और सेवाएं बिक्री के लिए सूचीबद्ध हैं। ग्राहक अब सिस्को, क्राउडस्ट्राईक, डेलॉयट, ईमुद्रा, फ्रेशवर्क्स, गुपशुप.एआई, आईबीएम, कोर.एआई, पालो एल्टो नेटवर्क्स, रेडिंगटन, सेल्सफोर्स, सरवम, सोनाटा सॉफ्टवेयर और वीडियोसीएक्स.आईओ जैसे विक्रेताओं से भारतीय रुपये में सॉफ्टवेयर खरीद सकते हैं, जिससे उन्हें मौजूदा रिलेशनशिप, विशेषज्ञता और सपोर्ट का लाभ मिलेगा।

रूबा बोर्नो, वीपी, ग्लोबल स्पेशलिस्ट एंड पार्टनर्स, एडब्लूएस ने कहा, ''भारत में तेजी से विकसित होती हुई डिजिटल अर्थव्यवस्था को, खासकर संगठनों द्वारा एआई अपनाए जाने में तेजी लाने के दौरान, ऐसे समाधानों की जरूरत है, जो इनोवेशन की गति के साथ तालमेल में हों। भारत में एडब्लूएस मार्केटप्लेस पर भारतीय रुपये में लेन-देन शुरू हो जाने से खरीद की पारंपरिक बाधाएं दूर होंगी, टैक्स अनुपालन सरल बनेगा और खरीद का वर्कफ्लो स्ट्रीमलाईन होगा, जिससे भारतीय ग्राहकों को ज्यादा तेजी से अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी प्राप्त हो सकेगी। भारतीय विक्रेताओं को अपने समाधानों का विस्तार करने का प्रमाणित मार्ग मिलेगा तथा स्थानीय इनोवेशन एवं उद्यमों की मांग के बीच संपर्क बढ़ेगा।''

## किसान पखवाड़ा के अंतर्गत बैंक ऑफ बड़ौदा जालंधर क्षेत्र ने लगाया किसान मेला, बांटे ऋण स्वीकृति पत्र

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**जालंधर, 7 नवंबर।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी बैंक ऑफ बड़ौदा, 3 नवंबर, 2025 से 15 नवंबर, 2025 तक पूरे देश में बड़ौदा किसान पखवाड़ा मना रहा है एवं बैंक द्वारा पूरे देश में विभिन्न प्रकार के आयोजन इस अवसर पर किए जा रहे हैं। इसी क्रम में विभिन्न सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन और किसानों तक सुलभ ऋण सुविधा पहुचाने हेतु अंचल स्तरीय किसान ऋण मेले का आयोजन जालंधर क्षेत्र द्वारा 7 नवंबर 2025 को रॉयल कॉसेल, कपूरथला रोड, जालंधर में किया गया। जिसमें लुधियाना अंचल के तीनों क्षेत्रों लुधियाना, अमृतसर और जालंधर ने प्रतिभागिता की। मेले का उद्घाटन बैंक ऑफ बड़ौदा की मुख्य महाप्रबंधक सुश्री कविता सिंह एवं श्री हरदीप सिंह, महाप्रबन्धक एवं अंचल प्रमुख, लुधियाना अंचल के करकमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक अनुपालन एवं आश्वासन जीपी वर्मा, क्षेत्रीय प्रमुख जालंधर क्षेत्र जितेंद्र कुमार सिंह, सुनील कुमार, क्षेत्रीय प्रमुख,लुधियाना क्षेत्र, जसमिन्दर सिंह बिंद्रा डीडीएम, बैंक ऑफ बड़ौदा की विभिन्न शाखाओं के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे । इस मेले में बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा रूपये 10 करोड़ के ऋण स्वीकृति किए गए। कुछ लाभार्थियों को मौके पर ही माननीयों के कर कमलों द्वारा ऋण स्वीकृत पत्र प्रदान किए गए । मुख्य महाप्रबंधक सुश्री कविता सिंह ने कहा कि बैंक ऑफ बड़ौदा किसानों को ऋण प्रदान करने में हमेशा ही सक्रिय रहा है। महाप्रबंधक हरदीप सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि जिले के किसानों से अनुरोध है कि वे अधिक से अधिक बैंक ऑफ बड़ौदा से जुड़े एवं हमें सेवा का अवसर प्रदान करें।


# अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS

आज ही बुक करें
PH. : 0172-2638515, 98883-03520
Email : arthparkashadvt29@gmail.com

### सार्वजनिक सूचना

मैं अमरजीत सिंह, पुत्र मनोहर लाल निवासी मकान नं. 380, गली नं. 05, दरिया, चंडीगढ़ घोषणा करता हूँ कि मेरा बेटा लवप्रीत सिंह मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसीलिए मैं उसे अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ। जो कोई भी उस से लेन-देन करेगा खुद ज़िम्मेवार होगा।
एपी-5465

I, Yogesh Kumar, son of Shri Sudarshan Kumar, resident of Ward No. 1256, Manidweep, Tehsil Naraingarh, District Ambala, hereby declare that I have changed my name from Yogesh Kumar Vatts to Yogesh Kumar of Shri Sudarshan Kumar, resident of Ward No. 1256, Manidweep, Tehsil Naraingarh, District Ambala and I will be known by this name and address in future.
AP-5459

I, RANJEET SINGH S/O NISHAN SINGH R/O VILLAGE KAULI TEHSIL & DISTRICT PATIALA -140701 declare that the name of my minor daughter has been wrongly written as Mehakpreet in her 10th Class CBSE Certificate. The actual name of my daughter is Mehakpreet Kaur. which may be amended accordingly. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

मैं वीना रानी पत्नी सतीश कुमार निवासी #49, प्रताप कॉलोनी, वार्ड नंबर 25, राजपुरा तहसील राजपुरा जिला पटियाला ने अपना नाम वीना कुमारी से बदलकर वीना रानी रख लिया है।

मैं, वंदना गर्ग पत्नी श्री गौरव गुप्ता, माता आरव गुप्ता निवासी मकान संख्या 2216, सेक्टर-15, पंचकूला ने अपने नाबालिग बेटे का नाम नमन गर्ग से बदलकर आरव गुप्ता रख लिया है।

मैं विरेन्द्र सिंह पुत्र श्री महेन्द्र सिंह निवासी म.न. 72, सैक्टर-7, गोहाना, सोनीपत, हरियाणा-131301 ब्यान करता हूं कि मैंने अपना पासपोर्ट नं. H0497418 बनवाया हुआ है, जिसमें मेरी पत्नी का नाम श्रीमती नीलम सिंह दर्ज किया गया है जबकि मेरी पत्नी के पेन कार्ड/आधार कार्ड आदि दस्तावेजों में मेरी पत्नी का नाम नीलम दर्ज है। भविष्य में मेरी पत्नी को नीलम के नाम से जाना जाए।
एपी-5468

मैं, बिक्रमजीत सिंह सभरवाल पुत्र इंद्रपाल सिंह सभरवाल, निवासी मकान नंबर 31, गुरु नानक एन्क्लेव, खरड़, एसएएस नगर (मोहाली) पंजाब - 140301 एतद्वारा पुष्टि और घोषणा करता हूं कि Bikram Jit, Bikram Jeet, Bikramjeet Singh and Bikramjeet Singh Sabharwal एक ही व्यक्ति हैं।
एपी-5469

मैं, संजीव कुमार पुत्र ज्ञान सिंह, निवासी गाँव-मलिक रायपुर, तहसील-व्यासपुर, जिला यमुना नगर (हरियाणा)। मेरी पुत्री के शैक्षिक दस्तावेजों में उसका नाम Payal Chauhan और मेरा नाम संजीव चौहान है। जो गलत है। सही नाम Payal Chouhan और संजीव कुमार है।
एपी-5470

मैं बीना देवी (Bina Devi) पत्नी श्री प्रेम लाल भट्ट निवासी प्त239, पुरानी गुगा माडी, भारत नगर कालका जिला पंचकुला हरियाणा, ने अपना नाम बीना देवी (Bina Devi) से बदलकर बीना देवी (Beena Devi) रख लिया है। भविष्य में मुझे बीना देवी (Beena Devi) के नाम से जाना जावे।
एपी-5468

मैं, नीतिका वढेरा पत्नी तुषार भाटिया निवासी आर.ए -724, सदर बाजार, पुलिस चौकी के पास,करनाल ने अपना नाम नीतिका वढेरा से बदलकर नीतिका भाटिया रख लिया है!

मैं कमलदीप कौर पत्नी दलबीर सिंह वासी गांव खनौड़ा तहसील टोहाना जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर हरदीप कौर रखा है

मैं, फूलचंद यादव पुत्र राम प्रसाद, निवासी प्त 126-सी, आशियाना कॉम्प्लेक्स, सेक्टर 20, पंचकूला, यह घोषणा करता हूँ कि मैंने अपना नाम फूलचंद यादव से बदलकर फूलचंद कर लिया है।

मैं राजेश Vig पुत्र अमरनाथ Vig वासी प्लाट नं 9.विष्णु गार्डन, एक्सटेंशन, जगाधरी, यमुना नगर ने अपना नाम बदलकर राजेश कुमार Vig से राजेश Vig रखा है
एपी-5473

मैं, अमरजीत कौर (AMARJEET KAUR), सैन्य संख्या- JC 343414Y रैंकः सूबेदार नामः सतनाम सिंह की माँ हूँ जो वर्तमान में यूनिटः 57 इंजीनियर रेजिमेंट C/o 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पताः गाँवः चुहानके खुर्द, पोस्टः चौहान के कलां, ज़िला/तहसीलः बरनाला, राज्यः पंजाब- पिन- 148101 घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम अमरजीत कौर (AMARJEET KAUR) से बदलकर अमरजीत कौर (AMARJIT KAUR) कर लिया है। शपथ पत्र संख्याः 11एए 095322, दिनांकः 07/11/2025

मैं, अनीता रानी, सैन्य संख्याः 14857397N रैंकः हवलदार/क्लर्क (एसडी) नाम- वीरेन्द्र पटेल की माँ हूँ जो वर्तमान में यूनिटः 795 एएससी बटालियन सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पताः ग्राम- सेमरा बुजुर्ग, पोस्ट - जोरतला, तहसील - पथरिया, जिला- दमोह, राज्य- मध्य प्रदेश, 470661 घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम अनीता रानी से बदलकर राम वती पटेल कर लिया है। शपथ पत्र संख्याः 11एए 095323, दिनांकः 07/11/2025

मैं, अमृता बीए सैन्य संख्याः 16116657Y रैंक-हवलदार नामः विनीश वीएस की कानूनी रूप से विवाहिता पत्नी हुं मेरा स्थायी पताः उथिराथी, कुझीनाडा, पनायमुट्टम पीओ, पानावूर, तिरुवनंतपुरम, केरल 695561 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम अमृता बीए से बदलकर अमृता बी ए कर लिया है। शपथ पत्र संख्याः 11एए 095324, दिनांक- 07/11/2025

मैं, सैन्य संख्याः 14666398एन, रैंक- हवलदार, नाम- एम. एलैयाराजा, वर्तमान में यूनिटः 22 फील्ड वर्कशॉप कंपनी ईएमई (इंजीनियर ब्रिगेड) सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पताः गांव सुंदरराजा पुरम, पोस्टः थेप्पमपट्टी, तहसीलः औंडीप्टी, जिलाः थेनी, राज्यः तमिलनाडु, पिनः 625512 घोषणा करता हूं कि मैंने अपनी बेटी का नाम ईशा वैष्णवी से बदलकर ईशा वैष्णवी ई कर लिया है। शपथ पत्र संख्याः 11एए 216995, दिनांकः 07/11/2025
एपी-5474

I, Swarn Singh S/o Joginder Singh R/o House No. 1971, Street No. 3, Sunder Nagar, Fazilka 152123, Pb, have changed name from Swaran Singh to Swarn Singh.
AP-5475

मैं अमिता बूरा पत्नी सुरजीत सिंह बूरा निवासी बी -184, सेक्टर 29, कुरुक्षेत्र ग्लोबल सिटी, जिला कुरुक्षेत्र ब्यान करती हूँ कि मैंने अपना नाम अमिता बूरा से बदलकर अमिता रख लिया है।
एपी-5476

मैं मधु राणा पत्नी स्वर्गीय श्री गुरदेव सिंह राणा निवासी प्लैट नंबर 1252, पुष्पक कॉम्प्लेक्स, सेक्टर 49-बी, चंडीगढ़ ने अपना नाम मधु बाला से बदलकर मधु राणा रख लिया है।

मैं, सीमा देवी उर्फ निर्मलजीत कौर पत्नी जगतार सिंह निवासी तसिंबली, एसएएस नगर मोहाली, पंजाब, ने अपना नाम बदलकर निर्मलजीत कौर रख लिया है
एपी-5477

मैं, नेहा जैन पत्नी स्वर्गीय सचिन निवासी #504, प्रथम तल, सेक्टर-26, पंचकूला (हरियाणा) ने अपना नाम नेहा जिंदल से बदलकर नेहा जैन रख लिया है।

मैं, मीना देवी पत्नी श्री अशोक कुमार, निवासी प्लैट नंबर 302, ब्लॉक C, जी.एच.-6, युवराज अपार्टमेंट, सेक्टर 24, पंचकूला, ने अपना नाम मीना रानी से बदलकर मीना देवी रख लिया है।
एपी-5478

I, Vinaya Sheel S/o Vedvrat R/o VPO Gunani, Tehsil Kosli, District Rewari, Haryana - 123301 declare that in my Army Documents my Father's Name & DOB is wrongly mentioned as Vedvirt 24.12.1965 whereas his correct name and DOB is Vedvrat 24.02.1965 and my Mother's name & DOB is also wrongly mentioned as Kamlesh Devi 20.12.1967 whereas her correct Name & DOB is Kamlesh 01.01.1969.

I, JC-524418K Nb Sub Sunil Pathania S/o Surinder Pathania R/o 3333 Sector E, Chandimandir Cantt declare that in my Army Service documents Name of my Son erroneously written as Abhishak whereas his correct name is Abhishek Pathania.
AP-5479

It is for general information that I, GAURAV S/O MALKIT SINGH Residence of Bodhni (16), PO Bodhni, Distt Kurukshetra ( Haryana)-136128 declare that name of my father and my mother has been wrongly written as MALKIT and SANTOSH in my 10th and 12th class HBSE mark sheet . The actual name of My father and my mother is MALKIT SINGH and SANTOSH DEVI respectively. Which may be amended accordingly.
AP-5476

मैं, सरवेज पुत्र जिन्दा निवासी गांव गढी बेसक, तहसील बापौली, जिला पानीपत ब्यान करता हूं कि मैंने अपना नाम सावेज पुत्र जिन्दा से बदलकर सरवेज पुत्र श्री जिन्दा रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे सरवेज पुत्र जिन्दा के नाम से जाना पहचाना जाए।
एपी-5483

मैं, प्रियंका डागर पुत्री अनूप सिंह निवासी मकान संख्या 14, कैमरी रोड, हिसार मॉर्निंग स्टार पब्लिक स्कूल, न्यू अमर विहार, हिसार, तहसील एवं जिला हिसार, हरियाणा (भारत) पिन-125001 घोषणा करती हूं कि मैं अपनी 10वीं और 12वीं कक्षा के शिक्षा दस्तावेजों में अपनी मां का नाम शर्मिला से शर्मिला डागर में सुधार करवाना चाहती हूं।
एपी-5487

मैं प्रियंका रानी पत्नी श्री संजीव कुमार, निवासी गांव मिल्क , तहसील नारायणगढ़, जिला अम्बाला घोषणा करती हूं कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में उसका घरेलू नाम निशांत और पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में उसका घरेलू नाम अदिति लिखा है जबकि उनके वास्तविक नाम क्रमशः निशांत अंशाल और अदिति अंशाल है। भविष्य में मेरे पुत्र व पुत्री को उनके वास्तविक नामों से ही जाना जाए।
एपी-5489

I Amit S/o Om Parkash R/o Village-Leghan Hetwan, Leghan Hetwan(60), Bhiwani, Haryana- 127029, have changed my name to Amit Jangra.
AP-5490

मैं रोहन पुत्र रंजीता बिस्वाल, निवासी मकान नं , नज़दीक माँ दुर्गा हार्डवेयर, नयागांव, तहसील खरड़, जिला मोहाली ने अपना नाम रोहन से बदलकर रोहन बिस्वाल रख लिया है।

मैं, राजकुमार, पुत्र श्री रामेश्वर, निवासी वीपीओ देहमान, फतेहाबाद, हरियाणा, ने अपनी नाबालिग पुत्री का नाम छवी विरमा से बदलकर छवी वर्मा कर दिया है। अब मेरी पुत्री को सभी शिक्षा, सरकारी और कानूनी कार्यों के लिए छवी वर्मा के नाम से जाना जाएगा।
एपी-5491

मैं, नरेश (आधार नंबर 768546852124) पत्नी बृजपाल निवासी गांव चनालहेड़ी, डाकखाना मलिकपुर तहसील पिहेवा जिला कुरुक्षेत्र हरियाणा, मैंने अपना नाम नरेश से बदलकर नरेश रानी रख लिया है।

मैं, सलिंद्र कुमार पुत्र श्री ज्ञान सिंह निवासी गाँव पबनावा, जिला कैथल, हरियाणा ने अपनी नाबालिग पुत्री का नाम सायना से बदलकर साईन रख लिया है

मैं, चरणजीत पुत्र भगवंत सिंह गाँव असमानपुर, उस्मानपुर, पिहेवा, कुरुक्षेत्र ने अपना नाम बदलकर चरणजीत सिंह रख लिया है

मैं, Dharm Singh पुत्र Lal Singh गाँव अधोया ,कुरुक्षेत्र ने अपना नाम बदलकर Dharam Singh रख लिया है

मैं, रामेश्वर कुमार ब्रसवाल पुत्र अमरनाथ गांव, गोरखा, तहसील पिहेवा, जिला कुरुक्षेत्र ने अपना नाम रामेश्वर कुमार ब्रसवाल से बदलकर रामेश्वर ब्रसवाल रख लिया है।
एपी-5492

### बेदखली सूचना

हम सलीम पुत्र मकमूला व बबली पत्नी सलीम निवासी गांव तिगरा डाकखाना नाहरपुर जिला यमुनानगर की हमारा लड़का नसीम उर्फ गोल्डी व उसकी धर्मपत्नी रुबीना उर्फ रूबी जो कि हमारे कहने सुनने से बाहर है। हम इन दोनों को अपनी चल अचल संपति से बेदखल करते हैं। इन दोनों से लेनदेन करने वाला खुद जिम्मेवार होगा ना कि हम व हमारा परिवार।
एपी-5467

I, Mohan lal s/o Shri Laxman village Hamira Farm Post office Siyana Sainda Tehsil Pehowa (Kurukshetra) am a permanent resident. My son Rohit Kumar and my daughter-in-law seema are out of listening. I evict them from my movable and immovable property. If anyone does any transaction with them in future, he himself will be responsible, I or my family will not have any responsibility.

I,Gurmeet Kaur w/o Kashmir Singh village Bherian Tehsil Pehowa (Kurukshetra) am a permanent resident. My Daughter Amandeep is out ofmy listening. I evict her from my movable and immovable property. If anyone does any transaction with her in future, he himself will be responsible, I or my family will not have any responsibility.
AP-5471

मैं धर्मी देवी पत्नी स्वर्गीय श्री अनंत राम, निवासी मकान नंबर 321, न्यू इंदिरा कॉलोनी मनीमाजरा, चंडीगढ़ सूचित करती हूं कि मेरा बेटा नरेश पाल, उसकी पत्नी सुमन शर्मा और उनका बेटा आलोक शर्मा मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं इनको अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल करती हूँ। इनके साथ लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।
एपी-5477

मैं शीला देवी (आ. नं.7260 8297 3555) पत्नी स्व. नरेश निवासी ग्राम धनौरी तहसील व जिला कैथल (हरियाणा) 136027 अपने हल्फ से बयान करती हूँ कि मेरी पुत्री काजल मेरे कहने - सुनने से बाहर है। और उसने मेरे व मेरे परिवार के खिलाफ जाकर शादी की है जिस कारण मैं उसे मेरी चल -अचल तमाम संपत्ति से बेदखल करती हूँ। भविष्य में अगर उससे कोई भी लेनदेन करता है। तो उसके लिए वह स्वंय जिम्मेवार होगा।
एपी-5480

मैं अमर जीत सिंह सुपुत्र मनोहरलाल मकान नं. 380, गली नं. 5, दरिया चंडीगढ़ निवासी घोषणा करता हूं कि मेरा पुत्र लवप्रीत सिंह मेरे कहने-सुनने से बाहर है, जिसे मैं अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं, उससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा।
एपी-5486

मैं सुल्तान (45) पुत्र फुला राम, निवासी मकान नं 88, नई अनाज मण्डी मार्ग, जखौली अड्डा, डेहा बस्ती, वार्ड नं 25, कैथल अपने पुत्र साहिल व उसकी पत्नि रवीना जोकि मेरे कहने सुनने से बाहर है, को अपनी चल अचल संपति से बेदखल करता हूँ। उनसे लेन देन करने वाला स्वंय ही जिम्मेवार होगा।
एपी-5488

मैं, कृष्ण कुमार पुत्र अजमेर सिंह गाँव नीमवाला तहसील पिहेवा जिला कुरुक्षेत्र मेरा पुत्र रमन कुमार मेरे कहने सुनने से बाहर है इसलिए मैं इसको अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इसके द्वारा किए गए अनैतिक कार्य व लेन -देन के लिए यह स्वयं जिम्मेदार होगा।

मैं, विनोद पुत्र बचना राम निवासी गुमथला गढू तहसील पिहेवा जिला कुरुक्षेत्र मेरी पुत्री दीपिका मेरे कहने सुनने से बाहर है इसलिए मैं इसको अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में इसके द्वारा किए गए अनैतिक कार्य व लेन-देन के लिए यह स्वयं जिम्मेदार होगी।
एपी-5492

### आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।

### आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# वंदे मातरम कर्तव्यनिष्ठा और देशभक्ति की देता है प्रेरणा: देवेन्द्र सिंह बबली

## वंदे मातरम के 150 वर्ष पर उपमंडल स्तर पर मनाया भव्य उत्सव

पूर्व मंत्री के साथ विद्यार्थियों और नागरिकों ने एकता, स्वदेशी व राष्ट्रगौरव की शपथ ली

विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने वंदे मातरम के 150 वर्ष को किया अविस्मरणीय

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला



**टोहाना, 7 नवंबर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, टोहाना में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में उपमंडल स्तरीय भव्य उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विकास एवं पंचायत मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि एसडीएम आकाश ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत नृत्य, गीत और हरियाणवी संस्कृति की आकर्षक प्रस्तुतियाँ देकर समा बाँध दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने स्वदेशी अपनाने, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भाव की शपथ ली। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं उपस्थितजनों ने सीधे प्रसारण के माध्यम से प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री के प्रेरणादायक संबोधन को बड़े उत्साह और ध्यानपूर्वक देखा एवं सुना।

पूर्व विकास एवं पंचायत मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि यह दिन केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि उस भावनात्मक यात्रा का प्रतीक है जिसने भारत माता को 'वंदे मातरम' के माध्यम से हमारी आत्मा से जोड़ा। जब हम इस गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने का पावन पर्व मना रहे हैं, तब हम केवल एक रचना का नहीं, बल्कि एक संस्कृति, एक चेतना और एक संकल्प का उत्सव मना रहे हैं। वंदे मातरम स्वतंत्रता सेनानी बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय की अद्भुत प्रतिभा, राष्ट्रप्रेम और आस्था का प्रतीक है। उनके शब्दों ने उस युग में हर भारतीय के हृदय में स्वतंत्रता की ज्वाला प्रज्वलित की, जब बोलना भी अपराध था।

यह गीत कर्तव्यनिष्ठा, देशभक्ति और त्याग की भावना को पुनः जागृत करने की प्रेरणा देता है। नई पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम, संस्कार और जिम्मेदारी की भावना का संवर्धन ही सच्ची श्रद्धांजलि है। देश के प्रति जिम्मेदारी निभाना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। समाज और परिवार को हर प्रकार की सामाजिक बुराइयों से बचाना ही सच्ची देशभक्ति है। बच्चों और युवाओं को गुरुजनों का सम्मान, शहीदों के बलिदान और स्वतंत्रता के संघर्ष को सदैव याद रखना चाहिए, ताकि यह चेतना बनी रहे कि आजादी कितने त्याग और संघर्ष के बाद मिली है।

कार्यक्रम के सांस्कृतिक सत्र में विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रस्तुतियों से उपस्थित दर्शकों का हृदय जीत लिया। समारोह का आरंभ वंदे मातरम गीत की मधुर प्रस्तुति से हुआ, जिसने वातावरण को देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत कर दिया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने हरियाणवी संस्कृति की झलक प्रस्तुत करते हुए रंगारंग नृत्य के माध्यम से एकता, स्वाभिमान और मातृभूमि प्रेम का संदेश दिया। मंच पर कविताओं, गीतों और वंदे मातरम के ऐतिहासिक महत्व पर आधारित प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को और भी प्रभावशाली बना दिया।

इस अवसर पर एसडीएम आकाश शर्मा, नप चैयरमेन नरेश बंसल, बीईओ सत्यपाल फौगाट, रमेश गोयल, तहसीलदार सन्नी दलाल, नायब तहसीलदार रसविंदर सिंह व अंजू, नप सचिव मनीष कुमार, मार्किट कमेटी चेयरमैन जगजीत हुड्डा, चेयरमैन सुरेन्द्र कुमार, पार्षद रिंकू गर्ग, सुभाष गोयल, रामदेव भारद्वाज, जिला महामंत्री विकास ललौदा, सहित अन्य गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में छात्र मौजूद रहे।

# शहर का विकास बना सिर्फ कागजों की चमक

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

**टोहाना, 7 नवंबर।** टोहाना शहर का विकास सिर्फ कागजों तक ही चमक मार रहा है जब कोई भी मीटिंग नगर परिषद में होती है तब सिर्फ कुछ वार्डो के जनप्रतिनिधि और नगर परिषद प्रधान अपनी गुप्त बैठक कर एजेंडे पास करवाने की कोशिश में रहता है। जब कोई वार्ड प्रतिनिधि अपनी निष्पक्ष आवाज मीटिंग में नगर परिषद के कार्यो विरुद्ध उठाता है तो कहीं कोई पत्रकार सुन न ले इसलिए मीटिंग से पत्रकारों को दूर रखा जाता है। जब अधिकारियों के प्रधान व जनप्रतिनिधियों के संबंध आपस में विच्छेद हो जाते हैं किसी भी कारण तब यह यह प्रधान ही पत्रकारों को बुलाकर अधिकारियों की पोल खोलता दिखाई देता है अब टोहाना शहर के लोगों को यदि नगर परिषद में किसी कार्य के लिए जाना पड़ जाए तो निवासी नगर परिषद का एजेंट ढूंढ कर फिर नगर परिषद में जाना सही समझता है नगर परिषद में बड़े-बड़े अधिकारियों की तो सीटे ही कई महीनो से खाली पड़ी हैं और जो अधिकारी हैं वह सिर्फ नगर परिषद के ठेकेदारों व छूट भैया नेताओं की जी हजूरी में लगे रहते हैं शहर में रेजिडेंशियल एरिया में बड़ी-बड़ी बिल्डिंग बनाई जा रही हैं उन पर कोई भी नगर परिषद का अधिकारी निरीक्षण तक करता हुआ कभी दिखाई नहीं देता पता नहीं क्यों आप ही अंदेशा लगा सकते हैं और जो नगर परिषद के द्वारा शहर में कंक्रीट की गलियां बनाई जा रही हैं उन गलियों को मैं कभी भी कोई भी नगर परिषद का अधिकारी निरीक्षण करता या वहां पर कई खड़ा देखा तक नहीं गया है क्या नगर परिषद के अधिकारियों ने शहर का सारा विकास ठेकेदारों पर ही छोड़ रखा है जो करेंगे वही सब कुछ ठीक करेंगे अधिकारियों ने अपने कार्यालय से बाहर निकलना या कोई भी किसी भी साइट पर जाना उचित नहीं समझना क्या टोहाना का विकास ऐसे ही संभव है। क्या हरियाणा सरकार करोड़ों रुपए का बजट नगर परिषद को इसीलिए देती है क्या इस पर नगर निकाय मंत्री भी विपुल गोयल जी ध्यान देंगे। टोहाना नगर परिषद में हो रहे करोड़ों रुपए के विकास कार्यो की जांच सीएम फ्लाइंग से करवायेंगे ।

## न्यूज ब्रीफ

### दो दिवसीय योग व प्राकृतिक चिकित्सा शिविर संपन्न



**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** लाडवा के आरोग्यधाम में आयोजित दो दिवसीय योग, प्राकृतिक चिकित्सा और पंचकर्म शिविर शुक्रवार को संपन्न हुआ। शिविर में सैकड़ों रोगियों ने भाग लिया और प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों से निःशुल्क इलाज के साथ स्वास्थ्य संबंधी प्रशिक्षण भी प्राप्त किया। मुख्य वक्ता डा. आर.एन. सिंह ने कहा कि संसार में सबसे बड़ा सुख स्वस्थ शरीर है। निरोगी काया से ही हम जीवन के सभी सुखों का अनुभव कर सकते हैं। उन्होंने लोगों से अपनी सेहत का ध्यान रखने और स्वास्थ्य रक्षा का संकल्प लेने का आह्वान किया। दूसरे दिन डा. कमलेश ने प्रतिभागियों को अमृत मुद्रा का अभ्यास सिखाया, जिससे रक्त प्रवाह संतुलित रहता है और मानसिक ऊर्जा बढ़ती है। आरोग्यधाम के संचालक डा. सुभाष लोधी ने बताया कि शिविर में हृदय रोगों से बचाव के लिए विशेष योग साधना कराई गई। उन्होंने सलाह दी कि लोग हर छह माह में अपना लिपिड प्रोफाइल टेस्ट कराएं और चिकनाई व चीनी से परहेज रखें। उन्होंने हृदय की शक्ति बढ़ाने हेतु अनानास, मौसमी, संतरा जैसे फलों के सेवन की भी सलाह दी। अंत में शिविर को सफल बनाने वाले सहयोगियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सेवादारों में डा. शशी लोधी, डा. अरुण गुर्जर, डा. नीतू चौहान, सतनाम सिंह, रणधीर सिंह, सरिता, पूजा, सिमर, सुषमा रानी, राम अमलोहा, मनीष कुमार और मनीषा देवी शामिल रहे।

### डॉक्टरों की टीम ने 140 विद्यार्थियों के दांतों की जांच की



**बराड़ा (अप्रस/जयबीर राणा थंबड)।** रोटरी क्लब बराड़ा ने सांई एंजल्स एकेडमी अधोया में निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में एमएम कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च मुलाना की डॉक्टरों की टीम ने लगभग 140 विद्यार्थियों के दांतों का परीक्षण किया और उन्हें मौखिक स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉक्टर सुपिंदर सुदन के नेतृत्व में डॉ. खुशी कंबोज, डॉ. श्रुति पांडे, डॉ मानव, डॉ समीक्षा, डॉ अमीशी, डॉ मुस्कान, डॉ तृप्ति एवं डॉ राजीव आदि की टीम ने बच्चों को दांतों की सही सफाई, ब्रश करने की तकनीक और खान-पान से जुड़ी सावधानियों के बारे में उपयोगी सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि नियमित ब्रश करना और मीठी चीज़ों का सीमित सेवन करना दांतों को स्वस्थ रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है।रोटरी क्लब बराड़ा अध्यक्ष हरपाल सिंह ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है और क्लब समाज हित में निरंतर ऐसे कार्यक्रम करता रहेगा। एकेडमी प्राचार्य निवेदिता भारद्वाज ने बताया कि विद्यालय विद्यार्थियों के संपूर्ण विकास के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान देता है। इसी उद्देश्य से समय-समय पर ऐसे स्वास्थ्य जांच शिविरआयोजित किए जाते हैं ताकि विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़े और वे स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं।इस अवसर पर रोटरी क्लब बराड़ा उपप्रधान बलकार सिंह, सदस्य निवेदिता भारद्वाज, राजकुमार सांगवान, साहिल शर्मा, दिलप्रीत सिंह, पूर्ण चंद छाबड़ा, साहिल वर्मा सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### एक बूंद खून भी किसी की जान बचा सकता है: डॉ. राजेश भोला

**जींद (अप्रस/सुरेश सिसोदिया)।** गैलेक्सी ग्लोबल वोकेशनल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, जींद द्वारा पुराने बस स्टैंड के सामने एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा के प्रतिनिधि राजन चिलाना, अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजकुमार गोयल, तथा सिविल अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राजेश भोला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने देशभक्ति और सामाजिक जागरूकता से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि राजन चिलाना ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानव धर्म है — यह जाति या धर्म नहीं, केवल मानवता की सेवा है। उन्होंने संस्थान द्वारा समाज सेवा की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। डॉ. राजकुमार गोयल ने कहा कि हर घर में रक्तदान की भावना विकसित होनी चाहिए। उन्होंने कहा,卐हमारा दिया गया एक यूनिट रक्त किसी माँ के आँसू रोक सकता है और किसी बच्चे को पिता का साया दे सकता है। डॉ. राजेश भोला ने कहा कि एक बूंद खून किसी की जान बचा सकता है — यह सिर्फ वाक्य नहीं, सच्चाई है। उन्होंने युवाओं से नियमित रक्तदान करने की अपील की। संस्थान के निदेशक जोगिंदर नगर और डॉ. सुनील शर्मा ने बताया कि रक्तदाताओं को सम्मान पत्र और तीन महीने का निशुल्क कंप्यूटर कोर्स प्रदान किया गया। शिविर में 50 से अधिक यूनिट रक्त एकत्र हुआ। कार्यक्रम में मनजीत सिंह, राजकुमार भोला, कर्मवीर जांगड़ा, कृष्ण कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। शिविर में रक्तदान करते युवा एवं अतिथि डॉ. राजकुमार गोयल, राजन चिलाना और डॉ. राजेश भोला।

# वंदे मातरम् गीत ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देशवासियों में राष्ट्रीय चेतना और एकता की जगाई थी भावना: एसडीएम

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग

**नरवाना, 7 नवंबर।** वंदे मातरम् गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्थानीय केएम कालेज में उपमंडल स्तरीय स्मर्णोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का लाइव संबोधन सुना गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वंदे मातरम् गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वर्ष भर चलने वाले स्मर्णोत्सव की देशवासियों को बधाई दी। उपमंडल स्तरीय इस कार्यक्रम में एसडीएम जगदीश चंद्र ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम में बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित वंदे मातरम् गीत के इतिहास को दर्शाती हुई एक लघु फिल्म दिखाई गई।

कार्यक्रम मे एसडीएम जगदीश चन्द्र ने बताया कि वंदे मातरम् गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में अगले साल 7 नवंबर तक विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस वर्षभर चलने वाले आयोजन का उद्देश्य वंदे मातरम् गीत के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय महत्व को जन-जन तक पहुंचाना है। वंदे मातरम् गीत ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देशवासियों में राष्ट्रीय चेतना और एकता की भावना जगाई थी। इसी भावना को आम जन में पुनः प्रबल करने के लिए वर्षभर विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक और देशभक्ति आधारित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। एसडीएम ने आगे कहा कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से वंदे मातरम् गीत की रचना, बंकिमचंद्र चटर्जी के जीवन, स्वतंत्रता संग्राम में इस गीत की भूमिका तथा भारत के इतिहास पर इसके प्रभाव की जानकारी भी दी जाएगी।

# ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने किया आह्वान, 'प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना' का अधिक से अधिक लोग लाभ उठाएं'

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना तहत अम्बाला छावनी के 23 लाभार्थियों को 25.23 लाख के चैक वितरित किए

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**अंबाला, 7 नवंबर।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने अम्बाला छावनी अपने आवास पर प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत अम्बाला छावनी के 23 लाभार्थियों को 25.23 लाख रुपए सब्सिडी के चैक वितरित किए। इस दौरान उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ उठाएं ताकि हम प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विजन अनुसार ग्रीन एनर्जी युक्त भारत को विकसित कर सकें।

उन्होंने कहा कि लोगों के लिए प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना बहुत अच्छी योजना है जिसके तहत 60 हजार रुपए केंद्र सरकार और राज्य सरकार की ओर से 50 हजार के यानि कुल 1.10 लाख रुपए की सब्सिडी के चैक आज हमने प्रत्येक लाभार्थी को दिए हैं। योजना के तहत 1.80 लाख रुपए से कम जिसकी आय है उसे दो किलोवॉट तक 1.10 लाख रुपए सब्सिडी के तौर पर दिए गए हैं।

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि लाभार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण कार्य यह है कि वो और भी लोगों को बताएं और दिखाएं की सोलर पैनल लगने के बाद बिजली लगभग मुफ्त हो जाती है। सोलर से जितनी बिजली दिन में पैदा होगी उससे एक घर का गुजारा चल सकता है व बिजली का बिल खत्म हो सकता है। यह योजना दो किलोवॉट तक ही नहीं ज्यादा किलोवॉट लोड पर भी दी जा रही है, जिसके तहत 3 किलोवॉट लोड तक वालों को 78 हजार रुपए सब्सिडी दी जा रही है। ऊर्जा मंत्री ने आह्वान किया कि ज्यादा से ज्यादा लोग योजना का लाभ उठाए। मंत्री विज ने कार्यकर्ताओं से भी आह्वान किया कि वह सोलर पैनल लगाने बारे ज्यादा से ज्यादा लोगों को जानकारी देकर यह पैनल लगाए।

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत आज अम्बाला छावनी के कुल 23 लाभार्थियों को सब्सिडी के चैक वितरित किए गए जिनमें शांति देवी, नैब कौर, अवतार सिंह, जगदेव सिंह, नरेश कुमार, दलजीत सिंह, तेजपाल सिंह, मनप्रीत सिंह, राकेश, सुखबीर सिंह सैनी, केहर सिंह, गुरनाम सिंह, रूपचंद, प्रदीप कुमार, सोहन सिंह, कर्मवीर सिंह, संजय नागपाल, कौशल्या देवी, ज्ञान कौर, मनप्रीत, सुभाषचंद, मनदीप शर्मा, मोहित कुमार को चैक वितरित किए गए।

# ग्लोब हेरिटेज के विद्यार्थियों ने रूरल गेम्स स्टेट चैंपियनशिप में 30 स्वर्ण पदकों सहित 55 पदक जीते

अर्थ प्रकाश/विकास कश्यप



**लाडवा, 7 नवंबर।** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने रूरल गेम्स स्टेट चैंपियनशिप में परचम लहराते हुए 30 स्वर्ण पदकों सहित 55 पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया है। शुक्रवार को स्कूल में पहुंचने पर स्कूल की प्रधानाचार्य द्वारा पदक विजेता खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया तथा पदक पहनाकर सम्मानित भी किया। यह जानकारी स्कूल खेलकूद विभाग के अध्यापक संजय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि सिग्नस स्कूल अंबाला में रूरल गेम्स एसोसिएशन हरियाणा की तरफ से रूरल गेम्स स्टेट चैंपियनशिप आयोजित की गई, जिसमें करीब 15 टीमों से करीब 450 से ज्यादा खिलाडियों ने भाग लिया। ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 3000 मीटर, 5000 मीटर, रिले रेस, शॉट पुट, डिसकस थ्रो व लांग जम्प प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेकर 30 स्वर्ण, 9 रजत व 16 कांस्य पदकों के साथ 55 पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया।

स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाडियों में लवीश, अविरल, ईशु, यश्वी, भाविका, दीपांशु, दिग्विजय, दुअंश, रेशव, रिद्धान, वणिज, युग्वीर, आरवी, अश्मीत, दिग्विजय, दिव्यम, गुरुवंश, इशिका, काव्यदीप, आराध्या, एरिक, गर्वित, कुणाल, सीरत, सुनिधि, देविंदर, युवराज, कनिष्क, परीक्षित व प्रियांशु थे, जबकि यश्विन, दिव्यांशी, जनशी, लाइबा, पूर्वी, रूही, आरव, अनिरुद्ध व हर्ष ने रजत पदक एवं आरव, संयम, हेमन, खवीश, अद्विक, दीपांशु, झियांश, पलक, सान्वी, अक्षित, अंगद, दक्ष, कनिष्क, मयंक, पर्व व परवदीप ने कांस्य पदक हासलि किए। विजेताओं का स्वागत करने के पश्चात प्रधानाचार्या रीतू सिंगला ने खिलाडियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिन विद्यार्थियों ने इस चैंपियनशिप में भाग लिया वो सभी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने इस जीत को ग्लोब हेरिटेज फैमिली की जीत बताई। इस अवसर पर स्कूल का अन्य स्टाफ भी मौजूद थे।

# राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष स्मरणोत्सव आयोजित

अर्थ प्रकाश/जयबीर राणा थंबड



**बराड़ा, 7 नवंबर।** राष्ट्र के गौरव और आत्मा का प्रतीक राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम अपने 150वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। इस ऐतिहासिक अवसर पर उपमंडल प्रशासन बराड़ा द्वारा एसएमएस लबाना गर्ल्स कॉलेज में एक भव्य विशेष स्मरणोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम बराड़ा सतीन्द्र सिवाच ने शिरकत की। उनके साथ प्रदेश उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा भाजपा रमेश पाल नहौनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम् के सामूहिक गान और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कॉलेज की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से राष्ट्रीय भावना और देशभक्ति का संदेश दिया। इस अवसर पर एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश प्रसारित किया गया, जिसमें उन्होंने देशवासियों को वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई दी और राष्ट्रीय एकता तथा सांस्कृतिक गौरव के संवर्धन का आह्वान किया।

एसडीएम सतीन्द्र सिवाच ने बताया कि वंदे मातरम का रचना कार्य वर्ष 1875 में महान साहित्यकार बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा किया गया था। यह गीत उनकी प्रसिद्ध कृति 'आनंदमठ' में प्रकाशित हुआ और शीघ्र ही भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का प्रेरणास्रोत बन गया। इस गीत ने स्वतंत्रता सेनानियों के हृदय में देशप्रेम की ज्वाला प्रज्वलित की और इसका उद्घोष राष्ट्रीय एकता तथा स्वाधीनता का प्रतीक बन गया। उन्होंने बताया कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत माता की आत्मा का स्वर है। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार आलमगीर, बीडीपीओ सुशील मंगला, एसएमएस लबाना गर्ल कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ दलजीत कौर, नगरपालिका सचिव राजेश कुमार, एएफएसओ राजेन्द्र कुमार, पंचायत विभाग के जेई ललित कौशल, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. पूजा व डॉ. रीटा, पूर्व भाजपा जिला महामंत्री कृष्ण राणा, पूर्व मीडिया इंचार्ज प्रवेश मेंहदीरत्ता, गुरनाम सिंह, धर्मसिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# एक दिवसीय सीबीएसई इन-हाउस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



अर्थ प्रकाश/विकास कश्यप

**लाडवा, 7 नवंबर।** लाडवा के सहारा इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को एक दिवसीय सी.बी.एस.ई. इन-हाउस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण शिविर जीवन कौशल विषय पर आधारित था, जिसमें रिसोर्स पर्सन मनमोहन कौर ने मुख्य वक्ता के रूप में मार्गदर्शन करते हुए कहा कि आज के बदलते दौर में केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला भी सीखना जरूरी है।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की मैनेजिंग डायरेक्टर गीतिका अग्रवाल एवं विद्यालय की उप-प्रधानाचार्या रितु गोगिया द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। शिक्षकों ने आत्म जागरूकता, निर्णय लेने की क्षमता, संचार कौशल, समस्या समाधान, सहानुभूति आदि मुख्य जीवन कौशलों को समझा। स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विक्रांत अग्रवाल ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल शिक्षकों के ज्ञान को अद्यतन करते हैं, बल्कि शिक्षण-पद्धति को और अधिक प्रभावी व रोचक बनाते हैं। शिविर के समापन पर अनेक शिक्षक मौजूद थे।

# युवा महोत्सव के दूसरे दिन रसिया डांस के रंग में रंग गए दर्शक

## हरियाणवी हास्य नाटिक ने किए समाज में व्याप्त बुराइयों पर कटाक्ष

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**पानीपत, 7 नवंबर।** मंगलवार को कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय,कुरूक्षेत्र द्वारा आर्य पीजी कॉलेज,पानीपत में आयोजित 46 वें इंटर जोनल युवा महोत्सव का दूसरे दिन का आगाज भी शानदार हुआ। युवा महोत्सव के दूसरे दिन के उद्घाटन सत्र पर बतोर मुख्य अतिथि पानीपत के विधायक प्रमोद विज व विशिष्ठ अतिथि के तौर पर प्रमुख समाज सेवी हरपाल ढांडा व कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक अंकेश्वर प्रकाश व कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय,कुरूक्षेत्र के जनसंचार विभाग के निदेशक डॉ. महासिंह पुनिया, पानीपत अर्बन कोपरेटीव बैंक के फाउंडर एडवाइजर ओ.पी शर्मा व समाज सेवी मोहन लाल गर्ग का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर आर्य कॉलेज प्रबंधक समिति के प्रधान सुरेंद्र शिंगला, उप प्रधान वीरेंद्र शिंगला, महासचिव सीए कमल किशोर, उपप्रधान विरेंद्र शिंगला, कोषाध्यक्ष पीयूष आर्य व कॉलेज प्राचार्य प्रो. डॉ. जगदीश गुप्ता ने पुष्पगुच्छ देकर भव्य स्वागत किया।

प्रात कालीन सत्र में ओ.पी. शिंगला सभागार में रसिया ग्रुप डांस व हरियाणवी ऑर्केस्ट्रा की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मान मोह लिया।

रसिया ग्रुप डांस एक पारंपरिक लोक नृत्य है जो हरियाणा के साथ-साथ उत्तर प्रदेश में होली के त्योहार के दौरान किया जाता है। इंटर जोनल युवा महोत्सव में प्रतिभागियों ने भगवान कृष्ण और राधा के प्रेम पर आधारित नृत्य करके सभागार में बैठे सभी दर्शकों को रसिया के रंग में सराबोर कर दिया।

वहीं हरियाणवी ऑर्केस्ट्रा की विधा में आर्य कॉलेज के विद्यार्थियों ने शानदार प्रस्तुति देते हुए हरियाणा के 30 से ज्यादा वाद्ययंत्र एक साथ बजाकर, सबको थिरकने पर मजबूर कर दिया। हरियाणवी ऑर्केस्ट्रा युवा महोत्सव की एक ऐसी विधा है जिसमें प्रतिभागी ऐसे वाद्य यंत्र बजाते हैं जो वर्तमान में ज्यादा प्रचलित नहीं है या आज का युवा उनको भूला चुका है, लेकिन युवा महोत्सव में उन विलुप्त होते वाद्य यंत्रों को दर्शकों के सामने बजा कर अपनी संस्कृति को बचाने और सहेजने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। इस विधा में कुल दस प्रतिभगी हिस्सा लेते हैं और एक प्रतिभागी तीन से चार-चार वाद्ययंत्र एक साथ बजा कर अपनी कला के प्रदर्शन से दर्शकों को झुमने पर मजबूर कर देते हैं। प्रतिभागियों द्वारा बजाए जाने वाले वाद्ययंत्र जैसे शहनाई, बाँसुरी, अलगोजा, सारंगी, चिमटा, नगाडा, ढोल, गढवा, बेंजू, मोरचंग, रावणहत्था, ढेरू इत्यादि होते हैं। 46वें इंटर जोनल युवा महोत्सव के दूसरे दिन के पहले सत्र में मुख्य अतिथि के तौर पर पानीपत के विधायक प्रमोद विज ने अपने संबोधन में युवा महोत्सव के आयोजकों व सभी अतिथियों का आभार व्यक्त कर शानदार आयोजन की भरपूर प्रशंसा करते हुए प्रतिभागियों का हौंसला बढाया। और कहा कि विद्यार्थियों को अपनी शिक्षा के साथ-साथ अपनी स्किलस पर काम करने की जरूरत है।

# विवाह पंचमी व्रत-पूजन से दूर होंगी शादी में आ रही रुकावटें, बढ़ेगा दांपत्य सुख



भारतीय संस्कृति में हर पर्व का कोई न कोई आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और नैतिक संदेश छिपा होता है। इन्हीं में से एक है विवाह पंचमी, जो भगवान श्रीराम और माता सीता के विवाह का स्मरण कराता है। यह पर्व मार्गशीर्ष मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन सम्पूर्ण भारतवर्ष में और विशेष रूप से अयोध्या तथा जनकपुर (नेपाल) में भव्य आयोजन होते हैं। यह पर्व केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि आदर्श दांपत्य जीवन, मर्यादा, प्रेम और धर्मनिष्ठा का संदेश देने वाला दिन है।

**पौराणिक पृष्ठभूमि:** त्रेता युग में मिथिला के राजा जनक ने अपनी पुत्री सीता के लिए स्वयंवर का आयोजन किया। सीता जी को बचपन में ही माता-पिता ने शिवजी के धनुष के दर्शन कराए थे, और उन्होंने उसी समय प्रतिज्ञा की थी कि वे उसी वीर से विवाह करेंगी जो उस धनुष को उठा और प्रत्यंचा चढ़ा सके। राजा जनक ने यह शर्त रखी कि जो शिवधनुष को उठा कर प्रत्यंचा चढ़ाएगा, वही सीता का पति बनेगा।

देश-देशांतर के अनेक वीर राजकुमार आए, पर कोई उस धनुष को हिला भी न सका। अंततः जब अयोध्या के राजकुमार राम अपने गुरु विश्वामित्र के साथ जनकपुर पहुँचे, तब उन्होंने सहजता से धनुष उठा लिया और प्रत्यंचा चढ़ाने के प्रयास में धनुष टूट गया। यह देखकर राजा जनक और उपस्थित सभी जन स्तब्ध रह गए। इसी के साथ यह निश्चित हो गया कि सीता जी का विवाह श्रीराम से ही होगा।

**श्रीराम-सीता का दिव्य विवाह:** स्वयंवर की सफलता के बाद जनक जी ने दशरथ जी को संदेश भेजा और उन्हें विवाह हेतु आमंत्रित किया। दशरथ जी अपने चारों पुत्रों–राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न–के साथ मिथिला पहुँचे। वहाँ विधिवत् मंगलाचार, मंत्रोच्चार और वैदिक रीति से श्रीराम-सीता का पवित्र विवाह संपन्न हुआ।

इस अवसर पर मिथिला और अयोध्या दोनों राज्यों में हर्ष की लहर दौड़ गई। जनक जी ने प्रेमपूर्वक अपनी कन्या सीता को भगवान श्रीराम को समर्पित किया और कन्यादान करते हुए कहा–

*'देहि राम तनया सीता, जियँ प्रीति लखि परम सुखु कीता।'*

**अर्थात्** — हे राम, मैं अपनी पुत्री सीता को आपको अर्पित करता हूँ, क्योंकि आप जैसा योग्य वर उसे और कोई नहीं मिल सकता।

विवाह के साथ ही लक्ष्मण-उर्मिला, भरत-मांडवी और शत्रुघ्न-शुतकीर्ति के विवाह भी संपन्न हुए। सम्पूर्ण जनकपुर उत्सवमय हो उठा। यह विवाह केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि मर्यादा और भक्ति के मिलन का प्रतीक था।

**विवाह पंचमी का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व:** विवाह पंचमी को दैवीय प्रेम का प्रतीक कहा गया है। श्रीराम और सीता दोनों ने अपने जीवन में आदर्श गृहस्थ जीवन का उदाहरण प्रस्तुत किया। जहाँ राम ने मर्यादा, कर्तव्य और धर्म का पालन किया, वहीं सीता ने प्रेम, त्याग और सहनशीलता का सर्वोच्च उदाहरण दिया।

यह पर्व हमें यह सिखाता है कि वैवाहिक जीवन केवल आकर्षण का संबंध नहीं, बल्कि कर्तव्य, मर्यादा और विश्वास पर आधारित एक पवित्र बंधन है। राम-सीता का दांपत्य जीवन भारतीय संस्कृति का आदर्श है, जिसमें परस्पर सम्मान, निष्ठा और धर्मपालन के मूल्य निहित हैं।

**पूजा-विधि एवं व्रत परंपरा:** विवाह पंचमी के दिन श्रद्धालु प्रातःकाल स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करते हैं और व्रत का संकल्प लेते हैं।

**पूजा-विधि इस प्रकार है —**

1. **गौरी-गणेश पूजन:** सर्वप्रथम भगवान गणेश और माता पार्वती की आराधना की जाती है।
2. **राम-सीता पूजन:** श्रीराम, सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और हनुमान जी का पंचामृत से स्नान कर पूजन किया जाता है।
3. **मंत्रोच्चार:** रामचरितमानस के बालकांड में वर्णित 'विवाह प्रसंग' का पाठ किया जाता है।
4. **दीपदान और भोग:** पूजा के बाद दीप प्रज्ज्वलित कर फल, मिठाई, खीर या पके हुए भोग अर्पित किए जाते हैं।
5. **विवाह उत्सव आयोजन:** कई मंदिरों में श्रीराम-सीता विवाह का नाट्य रूपांतरण किया जाता है। इसमें स्थानीय कलाकार श्रीराम, सीता, लक्ष्मण और जनक की भूमिका निभाते हैं, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठता है।

जनकपुर (नेपाल) में इस दिन राम-जानकी विवाह महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। वहाँ लाखों श्रद्धालु उपस्थित होकर इस दैवीय विवाह के साक्षी बनते हैं। भारत के अयोध्या, वाराणसी, चित्रकूट और अन्य कई स्थानों पर भी भव्य आयोजन होते हैं।

**विवाह पंचमी का आध्यात्मिक संदेश:** विवाह पंचमी केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि एक जीवनदर्शन है। श्रीराम और सीता का मिलन हमें बताता है कि सच्चा प्रेम त्याग, श्रद्धा और मर्यादा पर आधारित होता है।

**सीता जी का त्याग:** उन्होंने कठिनतम परिस्थितियों में भी अपने धर्म और पति के प्रति निष्ठा बनाए रखी।

**राम की मर्यादा:** उन्होंने एक आदर्श पति, पुत्र और राजा के रूप में अपने कर्तव्यों का पालन किया।

**संतुलन और संयम:** दोनों ने मिलकर यह दिखाया कि पारिवारिक जीवन तभी सफल होता है जब उसमें एक-दूसरे के प्रति सम्मान और विश्वास बना रहे। आज के युग में जब संबंधों में स्वार्थ और अस्थिरता बढ़ रही है, विवाह पंचमी हमें सिखाती है कि आदर्श दांपत्य वही है जहाँ प्रेम के साथ धर्म और मर्यादा भी हो।

**सांस्कृतिक उत्सव और जनकपुर की परंपरा:** नेपाल का जनकपुर आज भी इस पर्व का केंद्र है। वहाँ 'राम जानकी विवाह मंडप' में हर वर्ष यह उत्सव पांच दिन तक चलता है। बारात अयोध्या से निकलती है और जनकपुर पहुँचती है। विवाह की सारी रस्में जैसे तिलक, बरात स्वागत, जयमाला, कन्यादान आदि पारंपरिक ढंग से निभाई जाती हैं।

### विवाह पंचमी के विशेष ज्योतिषीय उपाय



ज्योतिष अमन राजन

**विवाह में विलंब के उपाय:** विवाह पंचमी के दिन भगवान श्रीराम और माता सीता की प्रतिमा या चित्र के समक्ष घी का दीपक जलाएँ। 'ॐ श्री सीतारामाय नमः' मंत्र का 108 बार जप करें। पूजा के बाद श्रीराम और सीता की जोड़ी को पीले वस्त्र अर्पित करें। विवाह में आ रही अड़चनें दूर होती हैं और शीघ्र विवाह के योग बनते हैं।

**वैवाहिक जीवन में सौहार्द बढ़ाने का उपाय:** पति-पत्नी दोनों इस दिन एक साथ रामचरितमानस के बालकांड में वर्णित विवाह प्रसंग का पाठ करें। भगवान श्रीराम और माता सीता को खीर, हलवा और पंचमेवा का भोग लगाएँ। पूजा के बाद वह प्रसाद दोनों मिलकर ग्रहण करें। दांपत्य जीवन में प्रेम, सम्मान और स्थायित्व बढ़ता है।

**मंगल दोष या कुंडली के ग्रहदोष शांत करने हेतु:** यदि कुंडली में मंगल दोष या सप्तम भाव से संबंधित बाधाएँ हों, तो विवाह पंचमी के दिन यह करें — शिव-पार्वती के साथ-साथ श्रीराम-सीता का संयुक्त पूजन करें। 'ॐ नमः शिवाय' मंत्र का 108 बार जप करें। एक युगल को विवाह में आवश्यक वस्तुएँ (जैसे कपड़े या मिठाई) भेंट करें। विवाह में बाधक ग्रह शांत होते हैं और मंगल का प्रभाव शुभ बनता है।

**विवाह योग्य कन्याओं के लिए विशेष उपाय:** मार्गशीर्ष शुक्ल पंचमी के दिन प्रातः स्नान कर स्वच्छ वस्त्र पहनें। तुलसी के पौधे के पास दीपक जलाकर 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' मंत्र का जप करें। इसके बाद श्रीराम-सीता विवाह कथा सुनें या पढ़ें। शीघ्र योग्य वर की प्राप्ति होती है और विवाह में सफलता मिलती है।

**पति-पत्नी के बीच मतभेद दूर करने का उपाय:** विवाह पंचमी की रात्रि को लाल या पीले आसन पर बैठकर 'ॐ सीतारामाय नमः' मंत्र का 11 माला जप करें। इसके बाद गुलाब या केवड़े की अगरबत्ती जलाएँ और दोनों साथ में एक-दूसरे को मिठाई खिलाएँ। आपसी प्रेम, विश्वास और सामंजस्य में वृद्धि होती है।

**शुक्र ग्रह को प्रसन्न करने का उपाय:** शुक्र ग्रह विवाह और प्रेम के कारक हैं। इस दिन सफेद वस्त्र धारण करें, सुगंध लगाएँ और सफेद मिठाई का भोग श्रीराम-सीता को अर्पित करें। 'ॐ द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः' का 108 बार जप करें। शुक्र ग्रह की कृपा से प्रेम और सौंदर्य बढ़ता है, विवाह संबंध मजबूत होते हैं।

**सुखी दांपत्य के लिए विशेष उपाय:** किसी मंदिर में राम-सीता की मूर्ति के समक्ष 11 दीपक जलाएँ। 'जय सिया राम जय सिया राम' की माला जपें। पूजा के बाद विवाहित जोड़े को लाल साड़ी और फल भेंट करें। घर में सौभाग्य, शांति और प्रेम का वास होता है।

कन्या के विवाह हेतु जनक जी का आशीर्वाद उपाय: जनक जी को भी इस दिन श्रद्धापूर्वक प्रणाम करें और कहें— 'हे जनक जी, जैसे आपने माता सीता का वर श्रीराम जैसा पाया, वैसा ही योग्य वर मुझे प्राप्त हो।' विवाह के मार्ग में आने वाली बाधाएँ स्वतः दूर होती हैं।

# भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का अमर मंत्र है राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम: लीला राम

नदियों की कल-कल, खेतों की हरियाली तथा धरती का गौरव है वंदे मातरम् गीतः ज्योति

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 7 नवंबर।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की रचना के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कमेटी चौक में जिलास्तरीय भव्य और प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूर्व विधायक लीला राम ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीसी प्रीति ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती एवं मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। पूर्व विधायक लीला राम ने कहा कि यह केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का अमर मंत्र है, जिसने करोड़ों देशवासियों को एकजुट किया और उन्हें बलिदान की प्रेरणा दी। वंदे मातरम् वह अलख है जिसने पराधीनता की बेडियों को तोडने का हौसला दिया। यह गीत आज भी हमारी राष्ट्रीय चेतना और एकता का प्रतीक है। आज पूरे देश में राष्ट्रीय गीत के एक साथ वाचन किया गया, जो कि बहुत ही ऐतिहासिक पहल है। जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर जिला वासियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि वंदे मातरम गीत देश को एक होने का भाव प्रदान करता है, इससे देश को मजबूती मिली है। राष्ट्रीय गीत ने अंग्रेजों के साम्राज्य को हिला दिया था और ब्रिटिश सत्ता कांपती थी। वंदे मातरम् गीत में हमारी नदियों की कल-कल है, खेतों की हरियाली है, धरती का गौरव है। स्वतंत्रता आंदोलन में भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु, चंद्रशेखर आजाद और हजारों शहीद इस गीत को गाते-गाते फांसी पर झूल गए। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के नेतृत्व में अगस्त, 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन की पृष्ठभूमि में वन्दे मातरम ही देश भक्ति और स्वाधीनता का मूल मंत्र था। आखिरकार, 15 अगस्त, 1947 को भारत पराधीनता की बेडियों से मुक्त हुआ। भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ने कहा कि किसी भी देश की उन्नति इस बात पर ज्यादा निर्भर करती है कि वहां के लोग अपनी मातृभूमि से कितना प्यार करते हैं। आज भी वंदे मातरम मूल मंत्र उतना ही प्रासंगिक है, जितना की आजादी के आंदोलन के दौरान था। इस अवसर पर, सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा वंदे मातरम् पर आधारित एक विस्तृत प्रदर्शनी लगाई गई। समारोह का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहीं। विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने समूह नृत्य और संगीत प्रस्तुत किए। इस मौके पर डीसी प्रीति, एसपी उपासना, एसडीएम अजय सिंह, डीएसपी बीरभान, डीआरओ चंद्रमोहन, डीईओ सुरेश कुमार, डीआईपीआरओ नसीब सैनी, डीडीए सुरेंद्र यादव, डीआईओ दीपक खुराना, सुशील कुमार, मार्केट कमेटी के चेयरमैन सतीश शर्मा, नगर परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि सुमित गर्ग, राव सुरेंद्र सिंह, आयुष गर्ग, सतबीर शर्मा, प्रवीन प्रजापति, संजय भारद्वाज, अक्षरा गुप्ता, आशा रानी, रघुबीर फौजी, अशोक गर्ग, अवधेश कुमार, मनीष शर्मा, सुनील द्योरा, ऊषा, गोपाल सैनी, नरेश मित्तल, धीरेंद्र क्योडक़, रामकुमार नैन, सतपाल, राम स्वरूप, कुशलपाल, हरपाल क्योडक़ सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे।

## पंचांग

**शनिवार, नवम्बर 8, 2025**

सूर्योदय 06:43 ए एम सूर्यास्त 05:30 पी एम चन्द्रोदय 07:54 पी एम चन्द्रास्त 09:57 ए एम शक सम्वत 1947 विश्वावसु विक्रम सम्वत 2082 कालयुक्त गुजराती सम्वत 2082 पिङ्गल अमान्त महीना कार्तिक पूर्णिमान्त महीना मार्गशीर्ष वार शनिवार पक्ष कृष्ण पक्ष तिथि तृतीया - 07:32 ए एम तक क्षय तिथि चतुर्थी - 04:25 ए एम, नवम्बर 09 तक नक्षत्र मृगशिरा - 10:02 पी एम तक योग शिव - 06:32 पी एम तक करण विष्टि - 07:32 ए एम तक द्वितीय करण बव - 05:54 पी एम तक क्षय करण बालव - 04:25 ए एम, नवम्बर 09 तक प्रविष्टे/गते 23सूर्य राशि तुला चन्द्र राशि वृषभ - 11:14 ए एम तक राहुकाल 09:25 ए एम से 10:46 ए एम गुलिक काल 06:43 ए एम से 08:04 ए एम यमगण्ड 01:27 पी एम से 02:48 पी एम अभिजित मुहूर्त 11:45 ए एम से 12:28 पी एम दुर्मुहूर्त 06:43 ए एम से 07:26 ए एम दुर्मुहूर्त 07:26 ए एम से 08:09 ए एम अमृत काल 02:09 पी एम से 03:35 पी एम वर्ज्य 05:45 ए एम, नवम्बर 09 से 07:13 ए एम, नवम्बर 09

## भविष्य फल



**मेष:** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपको कोई सिर दर्द, बदन दर्द आदि से संबंधित समस्या थी, तो उसके भी दूर होने की संभावना है।

**वृष:** आज का दिन आपके लिए करियर के लिहाज से अच्छा रहने वाला है। आपको किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने का मौका मिलेगा।

**मिथुन:** आज आप अपनी वाणी व व्यवहार पर संयम बनाए रखें, इसलिए अपने किसी परिवार के सदस्यों से कोई लेनदेन बिल्कुल ना करें, क्योंकि इससे आपके बेवजह के लड़ाई झगड़े बढ़ सकते हैं।

**कर्क:** आज का दिन आपके रहन-सहन के स्तर में सुधार लेकर आएगा। परिवार में बुजुर्गों का आपको पूरा साथ मिलेगा। मन में तनाव बना रहेगा।

**सिंह:** आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आपके अंदर एक्स्ट्रा एनर्जी रहने से आपका मन काफी खुश रहेगा और आप ऊंचाइयों तक जाएंगे।

**कन्या:** आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आपके घर किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। जीवन साथी को नौकरी में कुछ समस्याएं बनी रहेगी, जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएंगी।

**तुला:** आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। पारिवारिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी।

**वृश्चिक:** आज आपको अपने कामों को थोड़ा धैर्य व संयम से निपटना होगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता भी बेहतर रहेगी। आपको बिजनेस में छुटपुट लाभ की योजनाओं पर पूरा ध्यान देना होगा।

**धनु:** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आप अपनी जिम्मेदारियां बखूबी निभाएंगे।

**मकर:** आज का दिन आपके लिए किसी नए प्रोजेक्ट की शुरुआत करने के लिए रहेगा। आपका कुछ नए लोगों से मेलजोल बढ़ेगा।

**कुंभ:** आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। आपकी किसी पुराने दोस्त से मुलाकात होगी।

**मीन:** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। कार्य क्षेत्र में आपके विचारों से आपके बॉस भी काफी खुश रहेंगे।

# 'मैं' 'मेरी' की भावना छोड़ देते हैं वे सुखी रहते हैं: माता सुदीक्षा जी

संत संसार में रहते हुए निर्लेप जीवन जीते हैं। जैसे मुर्गाबी जल मे रहती है, लेकिन अपने पंखों को गीला नहीं होने देती। इसी प्रकार महापुरुष भी अपने जीवन की तार सदैव इस निरंकार दातार से जोड़े रखते हैं। संसार की किसी चीज को, यहां तक कि अपने शरीर तक को भी अपना नहीं मानते, इसलिए यहा के सुख दुख का उन पर असर नहीं पड़ता है। वे 'मैं' 'मेरी' की भावना छोड़ कर सदा सुखी रहते हैं। जैसे एक बैंक का कैशियर होता है, लाखों के नोट संभालता है लेकिन चाहे कोई हजारों रुपये ले जाए या हजारों जमा कर जाए, उसे सुख-दुख का अनुभव नहीं होता। इसी तरह संत महापुरुष भी संसार में रहकर अहंकार और मोह को छोड़ कर एक निर्लेप जीवन जिया करते हैं।



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

संसार में जन्म लेकर भक्त भी यहीं विचरण करता है, इसी संसार में विचरण करता है। अगर हवा चलती है तो उसे भी ठंडक देती है। अगरसूरज चढ़ता है, उसकी गर्मी, तपश का उसके लिए भी यही असर है, जो और इन्सानों के लिए हुआ करता है। उसमें कोई अंतर नहीं। उसके लिए भी यही सृष्टि है, यही माया है, यही पदार्थ हैं और यही मौसम है। यह नहीं कि मौसम भक्तों के लिए कुछ और है, अन्य लोगों के लिए कुछ और है। सभी कुछ एक जैसा बनाया गया है, लेकिन जो फर्क है, एक महापुरुष और एक साधारण आदमी में, वह यह है कि संत संसार में रहता हुआ भी अपने मन में संसार का असर नहीं ग्रहण करता है। जैसे पानी के ऊपर नाव चलती है तो आगे बढ़ती है; लेकिन जब पानी नाव में आ जाता है, तब मुश्किल खड़ी हो ाती है। इस संसार में विचरण करते हुए सन्तों के जीवन में कोई उतार-चढ़ाव आदि, यदि आया है तो उनपके ऊपर असर इसलिए नहीं हुआ क्योंकि उन्होंने माया के पानी को मन की नाव में कभी नहीं भरने दिया, हालांकि वह पानी में ही चलते रहे हैं। इसलिए उनके ऊपर कोई असर नहीं हुआ।

वरना इस प्राच तत्वों के पुतले पर माया का असर होना स्वाभाविक ही होता है। अगर तन पर वस्त्र नहीं है तो ठंडक या गर्मी उसके भी लगेगी ही। सब अपना असर करते ही हैं। लेकिन जैसे अभी कहा कि अगर पानी के ऊपर ही नाव चलती रहती है तो वह डूबती नहीं। आगे की ओर ही बढ़ती रहती है। नाव में पानी अगर प्रवेश कर जाता है, तो वह डूब जाती है। संसार में यही कुछ हो रहा है।

संसार में प्राणी रहते हैं, विचरण करते हैं। इस धरती पर आये हैं तो रहना ही है, लेकिन एक ही मुश्किल आकर खड़ी होती है। जब मन में भी यह संसार ही बस जाता है, ये पदार्थ ही बस जाते हैं, ये धन-दौलतें ही बस जाती है, लालसाएं, कामनाएं ही बस जाती है, तब जानो कि जीवन-नैया डगमगा रही है, डोल रही है।

संत सदैव अपना ध्यान निरंकार दातार पर रखते हैं, संसार पर नहीं। संसार में, माया में रहते हैं, व्यवहार भी करते हैं, लेकिन दिल से प्यार परमात्मा से ही करते हैं। जैसे मां दिन भर काम करती है, रसाई में काम करती है, बाजार जाती है या कुछ और कार्य कर रही होती है, लेकिन उसका ध्यान अपने बच्चे की ओर ही निरंतर लगा रहता है। इसी प्रकार भक्त भी प्रभु को आठों पहन हृदय में बसा कर रखते हैं।

# बाबा साहेब के प्रति टिप्पड़ी से नाराज दलितों ने किया जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन

अर्थ प्रकाश/शैलेन्द्र जैन

**करनाल, 7 नवंबर।** हरियाणा के करनाल में ब्राह्मण खाप के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा संविधान और बाबा साहेब को लेकर दिए गए बयान के बाद एससी समाज में भारी रोष फैल गया। जिसके चलते शुक्रवार को एससी समाज के लोगों ने शहर में प्रदर्शन किया और डीसी कार्यालय पहुंचकर नारेबाजी की। उनका कहना है कि गलत बयान दिए गए हैं, जिन्हें तुरंत वापस लिया जाए। उन्होंने कहा कि संविधान की बेअदबी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और ऐसे विचार समाज में तनाव पैदा करते हैं। शुक्रवार को प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से मांग की कि बयान देने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जाए और कानून के तहत कदम उठाए जाएं। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि, कुछ लोग समाज को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। उनका कहना है कि बाबा साहेब ने सबके अधिकारों और समानता के लिए संघर्ष किया। पूरी दुनिया में उनके विचार पढ़ाए जाते हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि कोई भी व्यक्ति राजनीति में लाभलेने के लिए बाबा साहेब की छवि खराब करने का प्रयास करेगा, तो इसे किसी हालत में सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ऐसे बयान दोबारा दिए गए तो बड़ा आंदोलन किया जाएगाबता दें कि, हरियाणा ब्राह्मण खाप के प्रदेशाध्यक्ष अशोक शर्मा गुरुवार को करनाल पहुंचे थे। ब्राह्मण धर्मशाला में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सर बीएन राव के योगदान का जिक्र किया और उन्हें संविधान निर्माण से जोड़ते हुए नई पीढ़ी को उनकी विरासत से परिचित कराने की बात कही। इसी को लेकर विवाद खड़ा हो गया। समाज के लोगों का कहना है कि संविधान निर्माण में बाबा साहेब की भूमिका सर्वोपरि है। ऐसे में उनकी महत्ता को कम बताने वाले बयान किसी भी रूप में स्वीकार नहीं।प्रदर्शनकारियों ने कहा कि, पवित्र धार्मिक स्थलों में ऐसे विवादित बयान देना गलत है। अगर किसी के निजी विचार हैं तो बाहर मंच लेकर कहे जाएं। उन्होंने कहा कि संविधान सभी के लिए बराबर है और उसकी अवमानना नहीं हो सकती। कुछ लोग समाज को बांटकर खुद को बड़ा साबित करना चाहते हैं।प्रदर्शन के बाद एससी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने डीसी कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि दोषी व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज हो और उसे जेल भेजा जाए। समाज लोगों ने यह भी कहा कि पूरा ब्राह्मण समाज उनके साथ है, लेकिन कुछ व्यक्तियों के बयान पूरे समाज की छवि खराब कर रहे हैं। प्रशासन ने लोगों को आश्वासन दिया है कि मामले की जांच की जाएगी और तथ्यों के आधार पर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। समाज ने साफ कहा कि वे संविधान और बाबा साहेब की प्रतिष्ठा की रक्षा के लिए हमेशा खड़े रहेंगे।

# व्यक्ति की संगति दर्शाती है व्यक्ति के व्यक्तित्व को: मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक

संगति कैसी है, इस बात से व्यक्ति के व्यक्तित्व का पता चलता है। जीवन का हर कदम मायने रखता है। इसलिए उसे फूंक-फूंककर आगे बढना चाहिए। अच्छे विचारों का बीज अगर बच्चे के मन में बचपन में ही बो देना चाहिए और समय अनुसार उनकी देखभाल व रखरखाव किया जाए तो वह परिपक्त इंसानियत युक्त बनता है। व्यक्ति की अच्छी संगति से उसके स्वयं का परिवार तो अच्छा होता ही है, साथ ही उसका प्रभाव समाज व राष्ट पर भी गहरा पड़ता है। जहां अच्छी संगति व्यक्ति को कुछ नया करते रहने की समय-समय पर प्रेरणा देती है, वहीं बुरी संगति से व्यक्ति गहरे अंधकूप में गिर जाता है। अच्छी संगति व्यक्ति का मन व चित्त निर्मल करती है। उसकी प्रसन्नता बनी रहती है। दिन-प्रतिदिन उसके व्यक्तित्व में निखार आता है। । ये शब्द मनीषीसंतमुनिश्रीविनयकुमारजीआलोक ने सैक्टर 24 सी अणुव्रत भवन तुलसीसभागार मे कहे।



मनीषीश्रीसंत ने आगे कहा अनुशासन युक्त मर्यादित जीवन बिना किसी शर्त के स्वंय का विकास करता है। समाज की सुदृढता का परिचायक बन राष्ट प्रगति का कारण बनता है। अपेक्षा है मर्यादा की मूल्यावत्ता का अकंन हो और अनुशासन जीवन के कण कण में परिस्पन्दित हो। आज समाज को आवश्यकता है संवैधानिक मर्यादाओं के साथ नैतिक मर्यादाओं का एक पारूप बने अनेंकांत दर्शन को समझने के साथ साथ विगृह ओर पूर्वागृह पर भी कुछ प्रतिबंध लगे। आज संपूर्ण विश्व को आवश्यकता है एक स्चच्छ चिंतन,आत्म मंथन और विचार शैली को पुष्ठ वर्तमान को सघन और भविष्य को सुरक्षित करे। शाश्वत मर्यादाओं का मूल्य समझते हुए सामयिक मर्यादाएं मागदर्शन करें। आमतौर पर देखा जाता है कि व्यक्ति अपने बच्चों की तुलना दूसरों के बच्चों से, परिवार के बच्चों से, मित्रों के बच्चों से या फिर अपने रिश्तेदारों के बच्चों से करता है। ऐसी तुलना बच्चों को बहुत संकीर्ण बना देती है उनके मन मस्तिष्क को बहुत छोटा और कमजोर कर देती है यहां तक कि उनकी सोच को बहुत ही सीमित बना देती है। वे तंग खानों में बटने लगते है, टुकड़ों में जीने लगते है और छोटे जीवन को तेयार करने में लगते है। ऐसा करना प्राकृतिक नियमों के खिलाफ है, मानव जीवन के विपरीत है।

बचपन मे रोपित करे संस्कार रूपी बीजों को: अतुल मुनि जी

अतुल मुनि जी ने कहा अच्छे विचारों का बीज अगर बच्चे के मन में बचपन में ही बो देना चाहिए और समय अनुसार उनकी देखभाल व रखरखाव किया जाए तो वह परिपक्त इंसानियत युक्त बनता है। व्यक्ति की अच्छी संगति से उसके स्वयं का परिवार तो अच्छा होता ही है, साथ ही उसका प्रभाव समाज व राष्ट पर भी गहरा पड़ता है। जहां अच्छी संगति व्यक्ति को कुछ नया करते रहने की समय-समय पर प्रेरणा देती है, वहीं बुरी संगति से व्यक्ति गहरे अंधकूप में गिर जाता है। अच्छी संगति व्यक्ति का मन व चित्त निर्मल करती है। उसकी प्रसन्नता बनी रहती है। दिन-प्रतिदिन उसके व्यक्तित्व में निखार आता है।

# केरोसिन बेचकर बिहार में अंधेरा करने वाले अब राशन हजम करने की तैयारी में : योगी

## बिहार चुनाव के पहले चरण के मतदान के ठीक बाद आरजेडी-कांग्रेस पर ऐसा तीखा प्रहार किया

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम



**पूर्वी चम्पारण।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिहार चुनाव के पहले चरण के मतदान के ठीक बाद आरजेडी-कांग्रेस पर ऐसा तीखा प्रहार किया कि जनसभा में पहुंची जनता का जोश सातवें आसमान पर पहुंच गया। रक्सौल से बीजेपी प्रत्याशी प्रमोद कुमार सिन्हा और नरकटिया से जदयू प्रत्याशी विशाल कुमार को जिताने की अपील करते हुए योगी ने महागठबंधन पर तीखे प्रहार किए। उन्होंने कहा कि जो लोग लालटेन की केरोसिन बेचकर बिहार को अंधेरे में झोंकते थे, वही अब फिर आए हैं आपका राशन हजम करने के लिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार को अब जंगलराज नहीं, बल्कि सुशासन और समृद्धि की राह पर बढ़ाना है और यह काम केवल एनडीए की डबल इंजन सरकार ही कर सकती है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यह चुनाव सुशासन बनाम जंगलराज का है। उन्होंने कहा कि बिहार को 1990 से 2005 के बीच जातीय संघर्ष, नरसंहार, अपहरण और डकैती के दौर में झोंकने वाले अब फिर नई पैकिंग में वोट मांगने निकले हैं। याद करिए ना, यह वही लोग हैं जिन लोगों ने लालटेन की धुंधली लाइट में बिहार में जातीय संघर्ष करवाया था। यह वही लोग हैं, जो लालटेन की केरोसिन को बेच करके अंधेरा करते थे, फिर घरों में डकैती भी डालते थे।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि एनडीए सरकार में बिहार ने विकास की नई उड़ान भरी है। आज यहां सड़क, रेल, एयर कनेक्टिविटी, मेट्रो, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल संस्थान और एम्स तक हैं। सुशासन और सुरक्षा की नींव पर ही निवेश आता है, और निवेश से ही रोजगार पैदा होते हैं। उत्तर प्रदेश का उदाहरण देते हुए सीएम योगी ने कहा कि हमने यूपी में 8 साल में 8.5 लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी दी, 2 करोड़ से अधिक को स्व-रोजगार से जोड़ा। अब नौजवान पलायन नहीं करते, क्योंकि रोजगार घर के पास है और यही मॉडल बिहार में भी लाना है।

विपक्ष पर प्रहार करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जो लोग पहले चारा खा गए, अब राशन खाने आए हैं। यह वही लोग हैं जिन्होंने नौजवानों को बेरोजगारी और अपराध के अंधेरे में धकेला। अब फिर जातीय नफरत और लूट का राज वापस लाना चाहते हैं। लेकिन बिहार की जनता अब समझदार है वह विकास और विरासत के साथ खड़ी है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विरासत और विकास दोनों को साथ लेकर चलने की परंपरा दी है। कांग्रेस और राजद ने राम मंदिर निर्माण का विरोध किया था, लेकिन आज अयोध्या में भव्य रामलला मंदिर बनकर तैयार है। अब सीतामढ़ी में मां जानकी के मंदिर का भव्य निर्माण भी चल रहा है। श्री योगी ने कहा कि ये सब कार्य वही कर सकते हैं जो विरासत का सम्मान जानते हैं, विकास का अर्थ समझते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी की योजनाओं का उल्लेख करते हुए सीएम योगी ने कहा कि 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन, 50 करोड़ को ?5 लाख तक की स्वास्थ्य सुविधा, 4 करोड़ घरों में बिजली कनेक्शन, 3 करोड़ आवास और एक करोड़ 41 लाख बहनों के खातों में सीधे पैसे भेजने का काम केवल एनडीए ने किया है।

### महागठबंधन नौकरी के नाम पर धोखा देने निकला

मुख्यमंत्री योगी ने युवाओं को आगाह करते हुए कहा कि महागठबंधन अब नौकरी के नाम पर धोखा देने निकला है। जो आपकी जमीन और चारा हड़प गए, वे नौकरी क्या देंगे? बिहार की जनता को इनके झूठे वादों से सावधान रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जैसे उत्तर प्रदेश में माफिया की संपत्ति जब्त कर गरीबों के घर बनाए गए, वैसे ही बिहार में भी सुशासन से अपराध और नक्सलवाद को समाप्त किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह जी ने संकल्प लिया है कि 2026 तक देश से नक्सलवाद का नामोनिशान मिट जाएगा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जो राम का है, वही हमारे काम का है। जो राम का नहीं, वह हमारे किसी काम का नहीं। उन्होंने लोगों से अपील की कि रक्सौल में कमल और नरकटिया में तीर पर बटन दबाकर एनडीए प्रत्याशियों को विजयी बनाएं ताकि बिहार का विकास अविराम जारी रह सके।



## समृद्धि एल्यूमिनियम कंपनी में श्रमिकों के लिए लगाया कानूनी जागरूकता शिविर

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**पलवल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पलवल के तत्वाधान में शुक्रवार को मैसर्स समृद्धि एल्यूमीनियम प्राइवेट लिमिटेड बघौला में श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य एवं कानूनी जागरूकता शिविर लगाया गया। जिसमें कंपनी के काफी संख्या में श्रमिकों ने शिविर का लाभ उठाया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पलवल के सचिव एवं मुख्यदंडाधिकारी हरीश गोयल के निर्देशानुसार प्राधिकरण द्वारा चलाई जा रही सेवाओं के तहत पैनल अधिवक्ता नरेंद्र कुमार भाटी, महेंद्र सिंह शक्ति वाहिनी तथा पैरा लीगल वोलियंटर वेद राम की देखरेख में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कंपनी के सीईओ गिरीश शर्मा ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से श्रमिकोंके हित में लगाए गए शिविर की सराहना करते हुए कहा कि इससे श्रमिकों को न केवल उनके अधिकारों के बारे में जानकारी मिली, अपितु उन्हें स्वास्थ्य लाभ भी मिला।

**85 श्रमिकों ने कराई जांच :** स्वास्थ्य जांच शिविर में 85 श्रमिकों ने अपने स्वास्थ्यं की जांच करवाई। इनमें 20 पुरुष व 65 महिला श्रमिक शामिल थीं। स्वास्थ्य जांच शिविर में सीएचओ दुर्गा, डॉक्टर विक्रम, एमपीएचडब्लू सुरेंद्र, सब सेंटर से एमपीएच

## मार्बल कारोबारी पर लूटने की नीयत से फायर करने वाले दोनों आरोपी गिरफ्तार

कोर्ट में किया पेश, आरोपियों से वारदात में इस्तेमाल किया देसी कट्टा भी बरामद

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर।** बुधवार देर रात पीआर-7 पर मार्बल कारोबारी अनुज गोयल पर उसी के दो वर्करों ने लूटने की नियत से उस पर फायर कर दिया था। हालांकि गोली उसे नहीं लगी थी, लेकिन इस मामले में फरार चल रहे दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों से वारदात में इस्तेमाल किया गया देसी कट्टा भी बरामद कर लिया है। आरोपियों की पहचान दीपक कुमार उर्फ कालू व दीपक कुमार उर्फ छोटू दोनों निवासी गांव मुज्जफर पुर बिहार के रहने वाले हैं। आरोपियों के खिलाफ थाना जीरकपुर में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। दोनों आरोपियों को डेराबस्सी कोर्ट में पेश किया गया जहां उन्हें तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

मार्बल कारोबारी अनुज गोयल निवासी सेक्टर-66बी मोहाली की पीआर -7 पर शॉप है। कुछ समय पहले ही दीपक कुमार उर्फ कालू व दीपक कुमार उर्फ छोटू अनुज गोयल के पास काम पर लगे थे। अनुज रोजाना उन्हें अपनी आई-10 कार पर छत गांव छोडने जाता था। कुछ दिन से यह लोग अनुज की रेकी कर रहे थे कि उसके पास एक बैग होता है। बुधवार रात भी रोजाना की तरह अनुज दोनों को अपनी कार में घर छोड़ने जा रहा था। दोनों ने पहले ही अनुज को लूटने का प्लान बनाया हुआ था। उनके पास देसी कट्टा था। दोनों कार की पिछली सीट पर बैठे थे। रात 11 बजे जब छत लाइट पर पहुंचे तो पीछे से अनुज पर देसी कट्टे से फायर कर दिया। गनीमत यह रही कि गोली अनुज को नहीं लेकिन उसकी गाड़ी अनियंत्रित होकर सामने पोल से टकरा गई और वह घायल हो गया। वहीं छोटू व कालू भी यह देखकर घबरा गए। उन्हें पकड़े जाने का डर था जिस कारण वह मौके से फरार हो गए। राहगीरों ने अनुज को घायल हालत में देखा और पुलिस कंट्रोल रूम पर इसकी जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अनुज को उपचार के लिए प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करवाया था।

## शातिरों से लूट का मोबाइल बरामद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** शहर में लूट गिरोह ने क्राइम ब्रांच की तफ्तीश में एक और लूट का खुलासा किया है। साथ ही एक और मोबाइल लूट की वारदात का पता लगते ही पुलिस ने उनकी निशानदेही पर मोबाइल बरामद कर लिया। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने बताया कि 14 अक्टूबर को क्राइम ब्रांच सैक्टर 19 इन्चार्ज मुकेश सैनी की टीम ने सिंहद्वार रोड पंचकूला के पास 8 अक्टूबर को एक ड्राइवर से नुकीले हथियार की नोक पर लूट करने वाले तीन आरोपियों प्रकाश सिंह पुत्र श्री राम बहादुर सिंह निवासी श्रीगंगानगर, राजस्थान, वर्तमान निवासी सेक्टर-19 पंचकूला, अमन मोहन उर्फ बनी पुत्र स्वर्गीय मनमोहन निवासी गांव माजरा मेहताब, पंचकूला तथा सचिन उर्फ मुंशी पुत्र महेश गुप्ता निवासी जिला मुरादाबाद, वर्तमान निवासी मनीमाजरा को गिरफ्तार किया था। उसी दिन तीनों ने सैक्टर-15 पंचकूला में भी एक अन्य लूट की वारदात को अंजाम दिया था।



**विजयवाडा (आंध्र प्रदेश)।** अजीत सिंग नगर में रवि चिल्ड्रन चिकित्सालय का शुभारंभ हुआ इस कार्यक्रम में चिलकालूरिपेट के वरिष्ठ शिशु चिकित्सा मुद्ना रमेश बाबू केकर कमल से शुभारंभ हुआ इस दौरान शहर के अनेक वरिष्ठ बौद्धिक नागरिक चिकित्साऔर नेता भी उपस्थित हुएविदित हो इस क्षेत्र में यह पहलाशिशु चिकित्सालय है आधुनिक उपकरणों से लैस है।

## CISF ने जनभागीदारी और डिजिटल अभियानों के साथ देश भर में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने का मनाया जश्न

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**नई दिल्ली, 7 नवंबर।** राष्ट्रीय गीत ÷वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में गृह मंत्रालय (ख्र) के निर्देशों का पालन करते हुए, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की सभी इकाइयों ने आयोजित उद्घाटन समारोह में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर, नई दिल्ली स्थित बल मुख्यालय एवं सभी छ्ठ्ठस्ब्र इकाइयों में सुबह 10 बजे वंदे मातरम के पूर्ण संस्करण का सामूहिक गायन आयोजित किया गया। बल मुख्यालय में 200 से अधिक कर्मियों ने देशभक्ति के जोश के साथ भाग लिया। देश भर में अपनी विशाल भौगोलिक उपस्थिति के साथ, छ्ठ्ठस्ब्र ने इस संदेश का व्यापक प्रसार सुनिश्चित किया। प्रमुख शहरों के साथ-साथ दूरदराज के क्षेत्रों में स्थित इकाइयों ने अधिकतम जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने वाले कार्यक्रम आयोजित किए, जिससे नागरिकों को सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्रीय एकता की साझा भावना से जोड़ा जा सके।

सभी इकाइयों के सीआईएसएफ कर्मियों ने वंदे मातरम के साथ कराओके नामक डिजिटल अभियान में भी भाग लिया, जिसमें उन्होंने राष्ट्रगीत के पूर्ण संस्करण को रिकॉर्ड करके अपलोड किया। कई स्थानों पर, उत्सव के उत्साह को बढ़ाने के लिए गायन प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गईं। सभी इकाइयों और संरचनाओं ने माननीय प्रधान मंत्री के संबोधन के सीधे प्रसारण में सक्रिय रूप से भाग लिया, जिससे इस राष्ट्रव्यापी स्मरणोत्सव की शुरुआत हुई। अभियान के संदेश को प्रचारित करने के लिए होर्डिंग, बैनर, वेबसाइट क्रिएटिव और एक लघु फिल्म जैसे स्वीकृत ब्रांडिंग सामग्री का भी अनावरण किया गया। इस राष्ट्रव्यापी उत्सव की गति को बनाए रखने के लिए पूरे वर्ष अन्य कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है।

वंदे मातरम का स्मरणोत्सव भारत की एकता, गौरव और देशभक्ति की भावना को श्रद्धांजलि है - जो प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने वाले स्थायी मूल्यों पर चिंतन करने के लिए प्रोत्साहित करता है। सभी सीआईएसएफ इकाइयों को इन गतिविधियों में बल कर्मियों के साथ-साथ आम जनता को भी शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है, जिससे सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा मिलेगा और समकालीन समाज में हमारे राष्ट्रीय गीत की शाश्वत प्रासंगिकता को सुदृढ़ किया जा सकेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी उपाध्यक्ष ने स्वास्तिक विहार मार्केट में समीक्षा बैठक की



**पंचकूला।** शहर में स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाते हुए स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र ने शुक्रवार को नगर निगम के वार्ड नंबर-2, स्वास्तिक विहार मार्केट में मार्केट एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। साथ ही स्वच्छता व्यवस्था को लेकर निगम द्वारा किए जा रहे प्रबंधन को लेकर मार्किट के दुकानदारों से भी उनकी राज जानी। इस अवसर पर उन्होंने अभियान के तहत की गई गतिविधियों की समीक्षा की और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।हाल ही में श्री सुभाष चंद्र ने इस मार्केट में जनप्रतिनिधियों और नगर निगम के सहयोग से स्वच्छता अभियान भी चलाया था। बैठक में पार्षद सुरेश वर्मा, सीएम विंडो के नॉमिनेटेड सदस्य विपिन, मार्केट एसोसिएशन के प्रधान सुनील, रंजीत, अक्षत, अजय और संजीव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## सुखना चो में कूड़ा गिराकर जलाया जा रहा, चो को किया जा रहा प्रदूषित

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर।** बलटाना क्षेत्र से निकलने वाली सुखना चो को कुछ लोगों द्वारा कू?ा गिराकर प्रदूषित किया जा रहा है और वहीं नदी के बीच में कू? को आग लगाई जा रही है। जोकि लोगों के परेशानी बन रही है। एक तो आसपास धुंए से प्रदूषण हो रहा है और दूसरा नदी में कू?ा गिराकर पानी को प्रदूषित किया जा रहा है जो आगे जाकर घग्गर नदी में गिरता है। कुछ दिन पहले बलटाना गांव के लोगों द्वारा प्रोटेस्ट किया गया था जिसके बाद स्कूल के नजदीक बने अवैध डंपिंग ग्राउंड को वहां से शिफ्ट कर दिया गया था। जिस के बाद कुछ लोगों ने यहां सुखना चो में कू?ा गिराना शुरू कर दिया है जोकि सरासर गलत है। स्कूल के नजदीक कई वर्षो से खाली प?ी जगह में आसपास के लोगों द्वारा कू?ा गिराया जा रहा था। पिछ्ले कुछ दिन पहले सफाई कर्मचारियों की ह?ताल व टैंडर प्रकिर्या के कारण तीन कू?ा नही उठाया गया तो कू?ा इतना ज्यादा हो गया था के रास्ता बंद हो गया था। जिसके बाद गांव के लोगों ने यहां प्रोटेस्ट किया था। जिस के बाद कू?ा हटा दिया गया था और लोगों ने कई दिनों तक टैंट लगाकर वहां किसी को कू?ा नही गिराने दिया था। जिसके बाद नगर परिषद की सेनेटरी विभाग की टीम ने डंपिंग ग्राउंड को बदलकर सुखना चो के उस पार कर दिया था। जो दूर होने के कारण व अपने आलस के कारण लोग जाना पसंद नही करते और लोगों ने यहां सुखना चो में ही कू?ा गिराना शुरू कर दिया है। स्थानीय गांव निवासी कर्म सिंह, राम कुमार, नरेश सिंह, केशव यादव, राजीव कुमार, सुरजीत सिंह, कमाल यादव व त्रिदेव कुमार व अन्य ने बताया के शहर के कुछ लोग ही ऐसे हैं जो यहां कू?ा गिरा देते हैं। जबकि बाकी के सारे लोग डंपिंग ग्राउंड पर ही कू?ा गिराते हैं। इस लिए स्थानीय लोगों ने मांग की है के जल्द से जल्द ऐसे लोगों खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाए जो सुखना चो को गंदा कर रहे है।

## धान की पैदावार का आकलन हेतु ग्राम सोनबरसा में कराई क्रॉप कटिंग

अर्थ प्रकाश संवाददाता

क्रॉप कटिंग से फसल बीमा योजना के अंतर्गत मिलने वाले लाभ की गणना भी अधिक सटीक

**गोण्डा, 7 नवम्बर।** सदर तहसील अंतर्गत राजस्व ग्राम सोनबरसा में जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में धान की पैदावार का आकलन करने के उद्देश्य से चार किसानों के खेतों में क्रॉप कटिंग प्रयोग कराया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने स्वयं मौके पर पहुंचकर धान की कटाई कर उपज का परीक्षण कराया।

क्रॉप कटिंग के दौरान कृषक परशुराम के गाटा संख्या-4, क्षेत्रफल 43.30 वर्ग मीटर में 18.700 किलोग्राम, कृषक संतोष कुमार के गाटा संख्या-26, क्षेत्रफल 43.30 वर्ग मीटर में 15.000 किलोग्राम, कृषक हरीलाल के गाटा संख्या-3, क्षेत्रफल 43.30 वर्ग मीटर में 21.500 किलोग्राम तथा कृषक श्यामू के गाटा संख्या-5, क्षेत्रफल 43.30 वर्ग मीटर में 19.300 किलोग्राम धान की उपज प्राप्त हुई।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी क्रॉप कटिंग प्रयोग पारदर्शी ढंग से कराए जाएं ताकि जिले में धान की औसत उपज का सटीक आकलन किया जा सके। उन्होंने कहा कि क्रॉप कटिंग प्रयोग न केवल उत्पादन के सही मूल्यांकन में सहायक होते हैं बल्कि इससे किसानों को फसल बीमा योजना के अंतर्गत मिलने वाले लाभ की गणना भी अधिक सटीक रूप से की जा सकती है। कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र में कृषि उत्पादन की वास्तविक स्थिति का आंकलन कर किसानों के हित में योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना था। इस अवसर पर तहसीलदार सदर मनीष कुमार, अपर सांख्यिकीय अधिकारी योगेंद्र प्रसाद चौहान, जिला समन्वयक इफको टोकियो गोंडा विजय सिंह, संबंधित ग्राम के लेखपाल, राजस्व निरीक्षक, ग्राम प्रधान तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बीकॉम परीक्षा में असफल हुए छात्र ने की आत्महत्या

**पंचकूला।** बरवाला खंड के गांव सुल्तानपुर में एक 19 साल के युवक ने परीक्षा में असफल होने के कारण मानसिक तनाव में आकर आत्महत्या कर ली। परिजनों को युवक अपने घर के कमरे में फांसी पर लटका हुआ मिला। चंडीमंदिर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शव गृह में रखवा कर मामले की जांच की।

पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान नितेश कुमार के रूप में हुई। जांच में परिजनों का कहना था कि नितेश बीकॉम की परीक्षा में दो बार असफल हुआज जिस वजह से परेशान था। जब परिवार ने सुबह कमरे का दरवाजा खोला तब वह फंदे पर लटका हुआ था। बेटे को फंदे से नीचे उतार कर सेक्टर 6 के सिविल अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित किया गया। पुलिस ने फोरेंसिक एक्सपर्ट्स के साथ मौके पर जांच की। इस बीच वहां से सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ। परिजनों के दिए बयानों और हालात के मद्देनजर युवक की मौत को आत्महत्या से जोड़ कर पुलिस जांच कर रही है।

## डेटा-संचालित शासन सर्वोपरि : चंद्रबाबू नायडू

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी



**अमरावती।** डेटा-संचालित शासन पर मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने गुरुवार को सचिवालय में समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर अधिकारियों के साथ बोलते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि दीर्घकालिक, मध्यम अवधि और अल्पकालिक लक्ष्यों के अनुसार योजनाएँ बनाई जानी चाहिए और नागरिकों को सुशासन प्रदान किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि गठबंधन सरकार का लक्ष्य भी यही है और उसी के अनुरूप विज़न प्लान तैयार किए गए हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि लोगों को बेहतर सेवाएँ प्रदान करना ही लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे ग्राम सचिवालय को एक विज़न यूनिट में परिवर्तित करें और उस यूनिट का कुशलतापूर्वक उपयोग करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सब मिलकर काम करते हुए तकनीक के इस्तेमाल से हाल ही में आए चक्रवात में जान-माल के नुकसान को कम करने में सफल रहे। उन्होंने कहा कि हम राज्य स्तर से लेकर क्षेत्रीय स्तर तक लोगों को समय-समय पर सचेत करके जान-माल के नुकसान को रोकने में सफल रहे। उन्होंने कहा कि डेटा-आधारित शासन अब एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया है। उन्होंने कहा कि अगले जनवरी से अमरावती में एक क्वांटम कंप्यूटर लॉन्च होने वाला है। उन्होंने कहा कि हम सीएफएमएस प्रणाली के माध्यम से संसाधनों का कुशलतापूर्वक उपयोग करने में सक्षम हैं। सीएम ने कहा कि हम पिछली सरकार द्वारा किए गए विनाश की मरम्मत करते हुए एक-एक करके समस्याओं का समाधान कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि अधिकारी 2047 विज़न डॉक्यूमेंट के लक्ष्यों के अनुरूप काम करें। उन्होंने मासिक और त्रैमासिक लक्ष्य निर्धारित करने और परिणाम प्राप्त करने का सुझाव दिया। उनका मानना ??था कि सरकार को विशिष्ट मानकों के अनुसार जन सेवाएँ प्रदान करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र के लिए एक वरिष्ठ अधिकारी के नेतृत्व में एक टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा और विज़न प्लान को लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आरटीजीएस के माध्यम से एकत्रित जानकारी का विश्लेषण कर संबंधित विभागों को सौंपा जा रहा है।

खेलकूद

**बिजेंद्र गोयल की ओर से फेडरेशन गतका कप का उद्घाटन, रूस में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय पाइथियन खेलों की घोषणा की**

## हरियाणवी लड़कियों ने गतका-सोटी और फरी-सोटी प्रतियोगिताओं में 8 स्वर्ण जीते

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**बेंगलुरु, 7 नवंबर।** दूसरे फेडरेशन गतका कप - 2025 का उद्घाटन आज बेंगलुरु सिटी यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु में मॉडर्न पाइथियन कल्चरल गेम्स के संस्थापक और पाइथियन काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) के अध्यक्ष बिजेंद्र गोयल ने किया। उद्घाटन समारोह में नेशनल गतका ऐसोसिएशन आफ़ इंडिया (एनजीएआई) के अध्यक्ष एडवोकेट हरजीत सिंह ग्रेवाल, पाइथियन गेम्स आयोजन समिति के अध्यक्ष बी.एच. अनिल कुमार, स्नेहा वेंकटमणि सहित ऐसोसिएशन के पदाधिकारी, गतका रेफरी और देश भर के खिलाड़ी शामिल हुए।

इससे पहले बिजेंद्र गोयल ने पीसीआई के नेताओं की उपस्थिति में दूसरे राष्ट्रीय पाइथियन सांस्कृतिक खेलों का भी उद्घाटन किया। इस आयोजन में जीवंत पारंपरिक कला प्रदर्शन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और विभिन्न राज्यों के एथलीटों द्वारा एक प्रभावशाली मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया जिसने भारत के विविध सांस्कृतिक रूपों और इसकी समृद्ध मार्शल परंपराओं के बीच एकता की भावना को दर्शाया।

अपने संबोधन में बिजेंद्र गोयल ने घोषणा की कि अगले वर्ष आयोजित होने वाले तीसरे राष्ट्रीय पाइथियन खेलों में भारत की पारंपरिक कलाओं और खेलों में खेल भावना का और भी बड़ा उत्सव देखने को मिलेगा। उन्होंने यह भी बताया कि अगले वर्ष 2026 में रूस में पहले अंतर्राष्ट्रीय पाइथियन सांस्कृतिक खेलों के आयोजन की व्यवस्था की जा रही है।

इस अवसर पर बोलते हुए एडवोकेट हरजीत सिंह ग्रेवाल, जो पीसीआई के उपाध्यक्ष भी हैं, ने कहा कि यह फेडरेशन गतका कप देश के गतका खिलाड़ियों के जुनून, ऊर्जा और प्राचीन मार्शल आर्ट की शाश्वत विरासत को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि पाइथियन खेलों में अन्य सांस्कृतिक खेलों और कलात्मक प्रतियोगिताओं के साथ-साथ गतका को भी मान्यता मिलना गर्व की बात है। इस वार्षिक चैंपियनशिप के उद्घाटन के दिन युवा गतका योद्धाओं ने राष्ट्रीय टूर्नामेंट के दौरान अपनी उत्साही कला का प्रदर्शन करते हुए अद्भुत प्रदर्शन किया। गतका सोटी के कौशल और बेहतर समन्वय की बदौलत हरियाणा की लड़कियों गतका-सोटी टीम स्पर्धा में प्रमुख शक्ति के रूप में उभरी जिसने चार स्वर्ण पदक जीतकर पहला स्थान हासिल किया जबकि पंजाब दूसरे स्थान पर रहा और चंडीगढ़ और आंध्र प्रदेश ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। इसी तरह हरियाणा की लड़कियों ने फरी-सोटी टीम स्पर्धा में भी अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। चंडीगढ़ दूसरे स्थान पर रहा और पंजाब और छत्तीसगढ़ ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया।

# तरन तारन उपचुनाव: 11 नवंबर को मतदान से पहले मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जिला अधिकारियों के साथ की अंतिम समीक्षा बैठक

- डिप्टी कमिश्नर और एस.एस.पी. को मतदान से पहले के 72, 48 और 24 घंटों के दौरान सतर्कता बढ़ाने के निर्देश
- नकदी, शराब और बीज मुफ्त बाँटने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के आदेश
- मतदान केंद्रों की 100 प्रतिशत लाइव वेबकास्टिंग सुनिश्चित करने के निर्देश
- सभी मतदान केंद्रों पर केंद्रीय बलों के जवान रहेंगे तैनात

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 7 नवंबर।** पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने 11 नवंबर को तरन तारन सीट के उपचुनाव में मतदान से पहले की अंतिम तैयारियों का जायज़ा लेने के लिए शुक्रवार को जिले के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। बैठक में डिप्टी कमिश्नर-कम-जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल, एस.एस.पी. डॉ. रवजोत गरेवाल और रिटर्निंग अधिकारी गुरमीत सिंह उपस्थित थे। बैठक के दौरान सिबिन सी ने मतदान से 72, 48 और 24 घंटे पहले से लेकर चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक चौकसी बढ़ाने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि यदि मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए नकदी, शराब या किसी भी प्रकार की मुफ्त वस्तु बांटने की शिकायत मिलती है तो उसके विरुद्ध तुरंत और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि 9 नवंबर की शाम को चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद किसी भी राजनीतिक दल से जुड़े बाहरी व्यक्ति को तरन तारन क्षेत्र में प्रवेश न करने दिया जाए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने वास्तविक समय में निगरानी के लिए सभी मतदान केंद्रों की 100 प्रतिशत लाइव वेबकास्टिंग सुनिश्चित करने के आदेश दिए। उन्होंने मतदान बूथों, स्ट्रांग रूमों और मतगणना हॉल में उपयुक्त व्यवस्थाएं करने को कहा ताकि मतदाताओं और चुनाव कर्मियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार समयबद्ध कार्रवाई की जाए। सिबिन सी ने कहा कि पुलिस नाकों पर सीसीटीवी और पेट्रोलिंग टीमों के माध्यम से 24 घंटे निगरानी सुनिश्चित की जाए ताकि शराब, नकदी, नशीले पदार्थ और अन्य वस्तुओं की अवैध तस्करी को रोका जा सके।

### जिले में 9 नवंबर शाम 6 बजे से 11 नवंबर शाम 6 बजे तक 'ड्राई डे'

एस.एस.पी. ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार जिले में 9 नवंबर शाम 6 बजे से 11 नवंबर शाम 6 बजे तक 'ड्राई डे' घोषित किया गया है। इस दौरान पुलिस और आबकारी विभाग की टीमें अवैध शराब की आवाजाही पर कड़ी नजर रखेंगी। उन्होंने आगे बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के 768 और पंजाब पुलिस के 876 जवान तैनात किए गए हैं। सभी 114 मतदान केंद्रों पर केंद्रीय बलों के 480 जवान रहेंगे तैनात। अवांछनीय तत्वों पर निगरानी रखने, अवैध गतिविधियों को रोकने और शराब, नकदी व नशीले पदार्थों की तस्करी पर नियंत्रण के लिए पड़ोसी जिलों की सीमाओं पर 6 नाके लगाए गए हैं। इसके अलावा मतदान से 72 घंटे पहले 22 पेट्रोलिंग टीमें संवेदनशील मतदान केंद्रों पर गश्त करेंगी ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके।

डिप्टी कमिश्नर-कम-जिला निर्वाचन अधिकारी और एस.एस.पी. ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को बताया कि उपचुनाव के लिए सभी प्रकार की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और चुनाव आयोग के निर्देशों व नियमों के अनुसार चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन क्षेत्र में कुल 114 स्थानों पर 222 (60 शहरी और 162 ग्रामीण) मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से 100 मतदान केंद्रों को संवेदनशील घोषित किया गया है, जहां सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए हैं। इसके अलावा 9 मॉडल मतदान केंद्र और महिलाओं के लिए विशेष रूप से समर्पित 3 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। साथ ही, दिव्यांग मतदाताओं और युवा मतदाताओं के लिए एक-एक विशेष मतदान केंद्र भी बनाया गया है। सभी मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और 100 प्रतिशत वेबकास्टिंग सुनिश्चित की गई है। बैठक में अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी अमनदीप बांसल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी सकतर सिंह बंल सहित मुख्य निर्वाचन कार्यालय और तरन तारन जिले के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# नौवें पातशाह का 350वां शहीदी दिवस: 20 करोड़ रुपए की लागत से बदली श्री आनंदपुर साहिब की सडक़ों की नुहार

- हरजोत बैंस द्वारा चल रहे बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं की समीक्षा; लाइट एंड साउंड शो की तैयारियों का भी लिया जायज़ा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 7 नवंबर।** पंजाब के शिक्षा तथा सूचना एवं लोक संपर्क मंत्री श्री हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि नौवें पातशाह श्री गुरु तेग़ बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस से पहले बुनियादी ढांचे के विकास के तहत पंजाब सरकार ने श्री आनंदपुर साहिब की सभी आंतरिक और संपर्क सडक़ों के नवीनीकरण के लिए 20 करोड़ रुपए की एक व्यापक परियोजना शुरू की है।

आज श्री आनंदपुर साहिब में चल रहे सडक़ों के कार्यों का जायज़ा लेते हुए श्री हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि विरासत-ए-खालसा से तख्त श्री केसगढ़ साहिब तक, बस स्टैंड से भगत रविदास चौक तक, तख्त श्री केसगढ़ साहिब से वीआईपी रोड तक और अन्य महत्वपूर्ण आंतरिक सडक़ों का नवीनीकरण किया जा चुका है। इस पवित्र नगरी की बाकी सडक़ों को नया रूप देने का कार्य भी युद्ध स्तर पर जारी है। उन्होंने कहा कि सभी संपर्क मार्गों पर कार्य तेजी से चल रहा है और लाखों श्रद्धालुओं के सुगम आगमन को सुनिश्चित करने के लिए सभी बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं को यादगारी समारोहों की शुरुआत से पहले पूरा कर लिया जाएगा।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए श्री हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि सडक़ों के नवीनीकरण कार्यों में रात के सफ़र और धुंध के दौरान दृश्यता बढ़ाने के लिए एडवांस्ड ब्लिंकर रिफ्लेक्ट लाइटें और प्रीमियम प्रीमिक्स कारपेटिंग शामिल की गई हैं, ताकि समागमों में आने वाली संगत को अधिकतम सुविधा मिल सके।

उन्होंने लोगों से पंजाब सरकार के साथ मिलकर नौवें पातशाह की कुर्बानी को नमन करने के इस ऐतिहासिक अवसर को मनाने का आह्वान किया और सभी परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने का भरोसा दिलाया। इस दौरान शिक्षा मंत्री ने 20 नवंबर को चरण गंगा स्टेडियम, श्री आनंदपुर साहिब में आयोजित होने वाले लाइट एंड साउंड शो की तैयारियों का भी जायज़ा लिया।

# दिव्यांगजन कल्याण की दिशा में पंजाब सरकार का मजबूत कदम, अब तक 287.95 करोड़ रुपये जारी: डॉ. बलजीत कौर

- कहा–मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में हर योग्य लाभार्थी तक पहुँच रही है सहायता राशि
- वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए 495 करोड़ रुपये का बजट — दिव्यांगजन कल्याण सरकार की शीर्ष प्राथमिकता
- डॉ. बलजीत कौर ने दिए सख्त निर्देश – दिव्यांगों के लिए चल रही योजना ज़मीनी स्तर पर हो लागू

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 7 नवंबर।** सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि पंजाब सरकार मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए वचनबद्ध है और विशेष रूप से दिव्यांग व्यक्तियों की सहायता एवं उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने पर केंद्रित होकर कार्य कर रही है। डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा अब तक दिव्यांग व्यक्तियों को वित्तीय सहायता के रूप में 287.95 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं, जिनका लाभ 2,76,175 योग्य लाभार्थियों को प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि इस योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान 495 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया है। डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि दिव्यांग व्यक्तियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना पंजाब सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। इस दिशा में सरकार न केवल वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है, बल्कि उन्हें रोजग़ार के अवसर, कौशल विकास प्रशिक्षण और सुविधाजनक बुनियादी ढांचे के माध्यम से सशक्त बनाने के कदम भी तेजी से उठा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल सहायता देना नहीं, बल्कि हर दिव्यांग व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाना है। कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि दिव्यांग व्यक्तियों के लिए चलाई जा रही वित्तीय सहायता योजना का लाभ हर योग्य लाभार्थी तक पहुँचाया जाए, ताकि कोई भी हकदार व्यक्ति इस सहायता से वंचित न रह जाए।

# पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड ने विद्यार्थियों को श्री गुरु तेग़ बहादुर जी की अमर विरासत से करवाया परिचय

- नौवें पातशाह से संबंधित पवित्र स्थलों पर 3–दिवसीय सेमिनार करवाये
- श्री गुरु तेग़ बहादुर जी के जीवन, शिक्षाओं और महान शहादत के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए हरजोत सिंह बैंस द्वारा शिक्षा बोर्ड की पहल की सराहना

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**चंडीगढ़, 7 नवंबर।** विद्यार्थियों को श्री गुरु तेग़ बहादुर साहिब जी की अमर विरासत, शिक्षाओं और महान बलिदान के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से, पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड (पीएसईबी) द्वारा नौवें पातशाह की 350वें शहीदी दिवस को समर्पित तीन दिवसीय सेमिनार श्रृंखला करवाई गई। यह सेमिनार श्री गुरु तेग़ बहादुर जी से संबंधित स्थलों पर 3 से 7 नवंबर तक करवाये गए।

शिक्षा बोर्ड की इस पहल के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए पंजाब के शिक्षा मंत्री श्री हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि इस सेमिनार श्रृंखला का मार्ग अच्छी तरह सोच विचार करके उस ऐतिहासिक मार्ग चुना गया था, जिस मार्ग से होकर भाई जैता जी (बाबा जीवन सिंह जी) श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी का पवित्र शीश दिल्ली से श्री आनंदपुर साहिब लेकर पहुँचे थे। इससे विद्यार्थियों को सीखने का एक अनोखा और प्रभावशाली अनुभव प्राप्त हुआ।

उन्होंने बताया कि यह तीन दिवसीय सेमिनार श्रृंखला 3 नवंबर को सीनियर सेकेंडरी स्कूल, दयालपुर सोढियां (सीस स्थान, नाभा साहिब) से शुरू हुई। 6 नवंबर को स्कूल ऑफ एमिनेंस, कीरतपुर साहिब में सेमिनार आयोजित किया गया और 7 नवंबर को इसका समापन सरकारी कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल, श्री आनंदपुर साहिब में हुआ।

श्री हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि 2,600 से अधिक विद्यार्थियों ने इन सेमिनारों में भाग लिया और 'हिंद दी चादर' श्री गुरु तेग बहादुर जी के जीवन काल, शिक्षाओं, बेमिसाल शहादत और माता गुजरी जी तथा छोटे साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान के बारे में जानकारी प्राप्त की। इन सेमिनारों के दौरान नौवें पातशाह द्वारा धर्म (सत्य और अधिकार) की रक्षा हेतु दिए गए सर्वोच्च बलिदान, अदम्य साहस और अटल हिम्मत की वीरगाथाओं पर प्रकाश डाला गया, जिससे युवाओं को गुरु साहिब से जुड़े इतिहास का जीवंत अनुभव मिला।

शिक्षा मंत्री श्री बैंस ने बोर्ड की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जहाँ श्री गुरु तेग बहादुर जी की शिक्षा है, वहीं मानवता की विजय है। उन्होंने कहा कि आज के बच्चों को गुरु साहिब की शिक्षाओं को समझते और अपनाते देखना गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक सेमिनार नहीं था, बल्कि पंजाब सरकार का युवाओं को शिक्षा के माध्यम से हमारे गौरवशाली इतिहास से जोडऩे का विनम्र प्रयास था।

पी.एस.ई.बी. के चेयरमैन डॉ. अमरपाल सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुरु साहिब की शिक्षाओं को अपनाने और उनके दिखाए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करना है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होता है जब युवा महान दर्शन से प्रेरणा लेकर साहसपूर्वक सत्य के मार्ग पर चलना सीखते हैं। उन्होंने कहा कि हम विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ एक सभ्य समाज के ईमानदार नागरिक बनने की दिशा में मार्गदर्शन दे रहे हैं।

# ढकोली में गुरु गोबिंद पब्लिक स्कूल में तंबाकू मुक्त अभियान के तहत जागरूकता कैंप आयोजित

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**जीरकपुर, 7 नवंबर।** गुरु गोबिंद पब्लिक स्कूल, ढकोली में आज दिनांक 7 नवंबर 2025 को एस.एम.ओ. ढकोली डॉ. गगनदीप सिंह शेरगिल और डॉ. उर्मिल गर्ग के निर्देशानुसार तंबाकू मुक्त अभियान के तहत एंटी तंबाकू अवेयरनेस कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों में तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना था।

कैंप में डॉ. बलप्रीत सिंह और हेल्थ असिस्टेंट हरविंदर सिंह ने विद्यार्थियों को तंबाकू सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तंबाकू का सेवन कैंसर, मुंह के छाले, सांस की तकलीफ, दांतों और फेफड़ों की बीमारियों का कारण बनता है। साथ ही, उन्होंने विद्यार्थियों को तंबाकू और उससे बने सभी उत्पादों से दूर रहने की सलाह दी और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती संगीता मैडम ने बताया कि स्कूल में समय-समय पर इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं ताकि बच्चे समाज में नशामुक्त वातावरण के संदेशवाहक बन सकें।

उन्होंने कहा कि तंबाकू मुक्त समाज ही स्वस्थ समाज की नींव है।

इस अभियान में आशा वर्कर रंजीत कौर, श्री विभय कुमार और श्रीमती रेनू ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया और विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने का संकल्प दिलवाया।

# जग्गू भगवानपुरिया गैंग के दो सदस्य होशियारपुर से गिरफ्तार; 4 पिस्तौल बरामद

- गिरफ्तार दोनों आरोपी अपने विदेशी हैंडलर अमृत दालम के निर्देशों पर देते थे वारदातों को अंजाम: डीजीपी गौरव यादव
- मामले के आपराधिक नेटवर्क और संबंधों की जांच जारी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**होशियारपुर, 7 नवंबर।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशानुसार राज्य को सुरक्षित बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान बड़ी सफलता हासिल करते हुए एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (ए जी टी एफ ) पंजाब ने होशियारपुर पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई में जग्गू भगवानपुरिया गैंग के दो सक्रिय सदस्यों को चार आधुनिक हथियारों सहित गिरफ्तार किया है। यह जानकारी आज पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने दी।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सविंदर सिंह उर्फ बोधी और सुखमन उर्फ जशन, दोनों निवासी कलानौर, जिला गुरदासपुर के रूप में हुई है। बरामद हथियारों में दो ग्लॉक पिस्तौल, एक जिगाना पिस्तौल और एक पीएक्स-30 पिस्तौल शामिल है। पुलिस टीमों ने उनका मोटरसाइकिल भी जब्त कर लिया, जिस पर वे सवार थे।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि दोनों आरोपी जग्गू भगवानपुरिया गैंग के सक्रिय सदस्य थे और अपने विदेशी हैंडलर अमृत दालम के निर्देशों पर काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार दोनों व्यक्ति कलानौर के वडाला बांगर गांव में डॉक्टर हरी सिंह पर मेडिकल दुकान में की गई गोलीबारी के मामले में वांछित थे। यह गोलीबारी उन्होंने अपने हैंडलर के आदेश पर की थी। डीजीपी ने कहा कि मामले के आपराधिक नेटवर्क और इसके पिछले-पिछले संबंधों को उजागर करने के लिए आगे की जांच जारी है। इस ऑपरेशन के बारे में जानकारी देते हुए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) ए जी टी एफ प्रमोद बान ने बताया कि विश्वसनीय सूचना के आधार पर डीएसपी ए जी टी एफ जालंधर रेंज जतिंदरजीत सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने होशियारपुर पुलिस के सहयोग से दसूहा के गांव बोधला में गुरुद्वारा श्री गरना साहिब के पास टी-प्वाइंट से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया।

सीनियर सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस (एसएसपी) होशियारपुर संदीप मलिक ने बताया कि दोनों आरोपी आपराधिक पृष्ठभूमि वाले हैं और उनके खिलाफ हत्या, अपहरण तथा बाल तस्करी से संबंधित कई मामले दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि मामले की आगे की जांच जारी है।

इस संबंध में एफआईआर नंबर 229 दिनांक 06.11.2025 को थाना दसूहा, जिला होशियारपुर में आर्म्स एक्ट की धारा 25(6) के तहत दर्ज की गई है।

# सन्मति स्कूल के छात्र पंकज ने राज्य स्तरीय खेलों में जीता रजत पदक

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल



**जगराओं, 9 नवंबर।** 69वें पंजाब राज्य अंतर जिला स्कूल खेलों में नेटबॉल अंडर-14 लड़कों की टीम में भाग लेते हुए सन्मति विमल जैन सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल जगराओं के छात्र पंकज ने दूसरा स्थान प्राप्त कर रजत पदक जीता। इस राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता में 17 जिलों की टीमों ने भाग लिया था। इन प्रतियोगिताओं में लुधियाना जिले की टीम की ओर से खेलते हुए सन्मति स्कूल के सातवीं कक्षा के छात्र पंकज ने शानदार प्रदर्शन किया और उनकी टीम दूसरे स्थान पर रही। स्कूल पहुंचने पर प्रिंसिपल मैडम सुप्रिया खुराना ने छात्र पंकज को सम्मानित किया और छात्र, उसके माता-पिता और डी.पी अध्यापकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सन्मति स्कूल पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। इस अवसर पर अध्यक्ष रमेश जैन, सचिव महावीर जैन ने कहा कि स्कूल का राज्य स्तरीय खेलों में स्थान प्राप्त करना गर्व की बात है, उन्होंने इसके लिए प्रिंसिपल, स्टाफ और विद्यार्थियों को बधाई दी। इस अवसर पर डी.पी. शिक्षक कुलविंदर कौर, इंद्रजीत सिंह, बबीता कुमारी आदि मौजूद थे।

# डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र में नशामुक्त पंजाब अभियान को मिली मजबूती, ग्राम एवं वार्ड रक्षा समितियों के सदस्यों को दिया प्रशिक्षण

- विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने समिति सदस्यों से नशे के विरुद्ध अभियान को मज़बूत करने का आह्वान किया

अर्थ प्रकाश/चौहान



**डेराबस्सी।** राज्य को रंगला पंजाब और नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से, विधानसभा क्षेत्र के विधायक स. कुलजीत सिंह रंधावा ने आज डेराबस्सी स्थित राजकीय महाविद्यालय के विद्यार्थी भवन में निर्वाचन क्षेत्र समन्वयक सुमित राणा की अध्यक्षता में आयोजित ग्राम एवं वार्ड रक्षा समितियों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पिछले दो दिनों से डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र की ग्राम रक्षा समितियों और वार्ड रक्षा समितियों (गाँवों और शहरों के पहरेदार) के लिए नशे के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत चल रहा है।

इस अवसर पर स. कुलजीत सिंह रंधावा ने कहा कि नशे के विरुद्ध युद्ध केवल सरकार की ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की ज़िम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि ग्राम एवं वार्ड रक्षा समितियों के सदस्य अपने क्षेत्रों में जागरूकता फैलाने, संदिग्ध गतिविधियों के बारे में प्रशासन को सूचित करने और भटके हुए युवाओं को सही राह पर लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस विभाग के अधिकारी और लालड़ू, हंडेसरा, डेराबस्सी और ज़ीरकपुर के गाँवों और शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समिति सदस्य उपस्थित थे।

स. रंधावा ने कहा कि पंजाब सरकार मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में नशा मुक्त पंजाब के सपने को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने ग्राम एवं वार्ड रक्षा समिति के सदस्यों से अपील की कि वे लोगों के बीच जाकर जागरूकता पैदा करें और अपने क्षेत्रों को नशे के प्रभाव से बचाने के लिए सुरक्षित वातावरण बनाने में योगदान दें।

# भाई जीवन सिंह (भाई जैता जी) और श्री गुरु तेग़ बहादुर साहिब जी की तस्वीर की बेअदबी का मामला: 10 नवंबर को एस.सी. कमीशन द्वारा प्रताप सिंह बाजवा तलब

- डिप्टी कमिश्नर तरन तारन से भी 17 नवंबर, 2025 को रिपोर्ट तलब

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 7 नवंबर।** पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग ने तरन तारन विधानसभा उपचुनाव के दौरान भाई जीवन सिंह (भाई जैता जी) और श्री गुरु तेग़ बहादुर साहिब जी की तस्वीर का अपमानजनक तरीके से इस्तेमाल किए जाने से संबंधित खबर का स्वयं संज्ञान (सू मोटो) लेते हुए नेता विपक्ष प्रताप सिंह बाजवा को 10 नवंबर, 2025 को व्यक्तिगत रूप से पेश होने के लिए कहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन जसवीर सिंह गढ़ी ने बताया कि यह मामला सोशल मीडिया और अखबारों के माध्यम से आयोग के ध्यान में आया, जिसके बाद आयोग ने सू मोटो नोटिस लेते हुए प्रताप सिंह बाजवा को 10 नवंबर, 2025 को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के लिए कहा है।

इसके अतिरिक्त, डिप्टी कमिश्नर तरन तारन को भी आयोग की ओर से पत्र लिखकर कहा गया है कि इस मामले की जांच रिपोर्ट के समय मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट और एस.सी./एस.टी. एक्ट, 1989 को ध्यान में रखते हुए, आवश्यक कार्रवाई की रिपोर्ट जिम्मेदार अधिकारी के माध्यम से 17 नवंबर, 2025 को प्रस्तुत की जाए।

# महिला सशक्तीकरण आंतरिक शक्ति होती है : शिव प्रताप

## राज्यपाल ने विद्यार्थियों से सामाजिक परिवर्तन का वाहक बनने का आह्वान किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने विद्यार्थियों से खुद पर विश्वास करने, असीमित सपने देखने और सामाजिक परिवर्तन का वाहक बनने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल अवसरों का लाभ उठाने तक सीमित नहीं है, बल्कि अपनी आंतरिक शक्ति और क्षमता को साकार करने के बारे में है।

राज्यपाल आज सेंट बीड्स कॉलेज, शिमला द्वारा आयोजित दो दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव 'सिम्फोरिया 2025' के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि यह केवल सांस्कृतिक उत्सव नहीं है बल्कि प्रतिभा, रचनात्मकता और सशक्तिकरण का उत्सव है जो इस शैक्षणिक संस्थान की गौरवशाली विरासत को दर्शाता है। वर्ष 1904 में अपनी स्थापना के बाद महिला शिक्षा




में उल्लेखनीय योगदान के लिए सेंट बीड्स कॉलेज की सराहना करते हुए राज्यपाल ने इसे उत्तर भारत में शिक्षा और प्रगतिशील विचारों का एक प्रकाश स्तंभ बताया। उन्होंने शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ छात्राओं में चरित्र, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए कॉलेज प्रशासन की सराहना की।

सिम्फोरिया 2025 के प्रमुख विषयों जैसे लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण जागरूकता, भारतीय ज्ञान प्रणाली और संस्कृति एवं विविधता पर प्रकाश डालते हुए राज्यपाल ने कहा कि ये वर्तमान समय में अत्यंत प्रासंगिक हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण के बिना कोई भी समाज प्रगति नहीं कर सकता, जबकि पर्यावरण जागरूकता और भारतीय ज्ञान प्रणाली सतत विकास और सांस्कृतिक पहचान की नींव रखते हैं। शुक्ल ने कहा कि युवा महिलाएं आधुनिक भारत की नई पहचान का प्रतिनिधित्व करती हैं। उनकी ऊर्जा, रचनात्मकता और दूरदर्शिता राष्ट्र के भविष्य को आकार देगी। महिला क्रिकेट विश्व कप में भारत की जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि हिमाचल की बेटी रेणुका ठाकुर ने इस जीत में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई और राज्य का नाम रोशन किया। उन्होंने कहा कि चाहे खेल हो, शिक्षा हो या सशस्त्र बल, हिमाचल की बेटियां आगे ब?कर नेतृत्व कर रही हैं और हमें उन पर बहुत नाज है। राज्यपाल ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी अवलोकन किया और उनकी सराहना की। कॉलेज की प्रधानाचार्या सिस्टर रो?ली ने राज्यपाल का स्वागत किया और उन्हें सिम्फोरिया 2025 की विस्तृत जानकारी दी। राज्यपाल के सचिव सी.पी. वर्मा, जिला प्रशासन के अधिकारी, संकाय सदस्य और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

### वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में राजभवन में विशेष कार्यक्रम आयोजित

**शिमला।** राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आज राजभवन, शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल की उपस्थिति में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर राजभवन के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने देशभक्ति और मातृभूमि के प्रति समर्पण की भावना का जश्न मनाते हुए वंदे मातरम का भावपूर्ण गायन किया।



समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि 'वंदे मातरम' भारत माता के प्रति प्रेम, श्रद्धा और अटूट भक्ति का एक अनंत गान है। उन्होंने कहा कि यह गीत प्रत्येक भारतीय के हृदय में राष्ट्रवाद की ज्योति प्रज्वलित करता रहता है। राज्यपाल ने सभी से राष्ट्रीय गीत सार को आत्मसात करने और एक मजबूत, एकजुट और विकसित भारत के निर्माण के सामूहिक लक्ष्य के लिए स्वयं को समर्पित करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुशीनगर, उत्तर प्रदेश के विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी विशेष आकर्षण रही। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव सी.पी. वर्मा और बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. कौस्तुभ नारायण मिश्रा भी उपस्थित थे।



## शहीद स्मारक के संचालन और रखरखाव को लेकर बैठक आयोजित

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 7 नवंबर।** वीरता, बलिदान और देशभक्ति की भावना को समर्पित कुल्लू का नवनिर्मित शहीद स्मारक पूर्ण रूप से तैयार है। इस ऐतिहासिक स्थल के संचालन और रखरखाव को लेकर आज अतिरिक्त उपायुक्त अश्वनी कुमार की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में सहायक आयुक्त जयबंती ठाकुर, सैनिक लीग के पदाधिकारी भूतपूर्व सैनिक सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर टी.एस. ठाकुर, तेजा सिंह ठाकुर, तारा चंद, राजिंदर कुमार, वीरेंद्र सिंह सहित लोक निर्माण विभाग और नगर परिषद के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में शहीद स्मारक के निर्मित होने पर इसका भव्य उद्घाटन 16 दिसंबर (विजय दिवस) के अवसर पर करने का प्रस्ताव रखा गया। स्मारक की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जाएंगे। स्मारक की नियमित देखरेख और संचालन की जिम्मेदारी नगर परिषद कुल्लू को सौंपी जाएगी। बैठक में स्मारक परिसर में स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था और जनसहभागिता सुनिश्चित करने के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए।

## केलांग में आहरण एवं संवितरण अधिकारियों की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**केलांग (कुल्लू) 7 नवंबर।** उपायुक्त कार्यालय के सभागार कक्ष में भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रधान महालेखाकार (ले.व ह) कार्यालय शिमला द्वारा जनजातीय जिला लाहौल स्पीति के आहरण एंव संवितरण अधिकारियों के लिए मुख्यालय स्तर पर प्रशिक्षण, जी.एफ.एम.एस अवलोकन एवं लेखा कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रधान महालेखाकार कार्यालय के वरिष्ठ उप-महालेखाकार जय प्रकाश (भारतीय लेखा और लेखा परीक्षा सेवा) ने की। कार्याशाला में हकदारी कार्यो तथा पैंशन व सामान्य भविष्य निधि के मामलों में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता लाए जाने एवं हितधारकों के मामलों को समय पर निपटाए जाने हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



इसके साथ ही आहरण एवं संवितरण अधिकारियों, जिला कोष कार्यालय, लोक निर्माण विभाग मण?लों एवं जन शक्ति मण?लों में कार्यरत मण?लीय/ वरिष्ठ मण?लीय लेखा अधिकारियों के साथ लेखों से सबंधित जानकारियां साझा की गई ताकि जमीनी स्तर पर लेंखांकन को सुदृ? किया जा सकें। इस कार्याशाला में जिला स्तर पर स्थित सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों, कोषाअधिकारियों एवं उनके प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

इस कार्यशाला के दौरान वरिष्ठ लेखा अधिकारी जगमोहन लाल पंवर, सुधीर राणा, राजपाल सिवरिया एवं देवेन्द्र, सहायक लेखा अधिकारियों द्वारा संबंधित विषयों (भविष्य निधि मामलों, पैंशन सहित अन्य कार्यालय बजट प्रबंधन) पर पीपीटी के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई।

जिला लाहौल एवं स्पीति केलांग कार्याकारी जिला कोषाधिकारी करणीश अवस्थी एवं उनके अधीनस्थ कर्मचारियों ने कार्यशाला के सफल आयोजन में पूर्ण रूप से सहयोग प्रदान किया और उन्होंने प्रधान महालेखाकार कार्यालय के सभी अधिकारियों का जिला के आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान करने के लिए धन्यवाद किया।



## विधायक सुदर्शन और उपायुक्त ने मुख्यमंत्री को दिया माता चिंतपूर्णी महोत्सव का निमंत्रण

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदर्शन बबलू और उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने आज (शुक्रवार) को शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से सौजन्य भेंट की और माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव 2025 का निमंत्रण पत्र भेंट किया।

बता दें, भव्य माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव 2025 का आयोजन 14 से 16 नवम्बर तक किया जाएगा। यह तीन दिवसीय महोत्सव माता श्री चिंतपूर्णी जी के दिव्य आशीर्वाद को समर्पित एक आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और भक्ति से परिपूर्ण उत्सव होगा, जो श्रद्धा, भक्ति और परंपरा का अनुपम संगम प्रस्तुत करेगा।

विधायक सुदर्शन बबलू ने कहा कि यह महोत्सव चिंतपूर्णी धाम की आध्यात्मिक आभा और क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए आस्था, भक्ति और उत्सव का अद्भुत अनुभव होगा।

उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि महोत्सव को भव्यता और व्यापक जनसहभागिता के साथ संपन्न करवाने के लिए सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि इस वर्ष का महोत्सव संगठन, अनुशासन और सांस्कृतिक विविधता का उत्कृष्ट उदाहरण बने।

यह पावन आयोजन पूरे क्षेत्र से हजारों श्रद्धालुओं को एक साथ जोड़ते हुए भक्ति, संस्कृति और समर्पण की भावना को नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

## प्रदेश के भाजपा नेता आपस में बंटे : नरेश

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 7 नवम्बर।** मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान कहा कि प्रदेश के भाजपा नेता आपस में बंट गए हैं और उनकी आपसी ल?ाई खुले तौर पर सबके सामने आ गई है। भाजपा नेता अलग-अलग स्थानों का दौरा कर रहे हैं और उनके समर्थक अपने-अपने नेता को आगे बढ़ाने की कोशिशिं में जुटे हैं।

उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांगड़ा का दौरा किया और मीडिया के जरिए लोगों को पता लगा कि कैसे वो कुछ विधायकों के साथ बैठक कर रहे हैं। दूसरी तरफ अनुराग ठाकुर भी दौरा कर रहे हैं और प्रदेश में जिस प्रकार से दोनों तरफ से अपने लीडर को आगे ब?ाने की बात नारेबाजी के साथ चल रही है, उससे साफ जाहिर है कि भाजपा बंटी हुई है और लीडरशिप की ल?ाई चल रही है। कांग्रेस पार्टी को पहले से ही इसका आभास और एहसास था लेकिन अब तो यह बात सार्वजनिक हो चुकी है कि किस प्रकार आमने-सामने नारेबाजी कर पूरे प्रदेश के दौरे कर भाजपाई अपना-अपना ग्रुप बना के आगे चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को इससे कोई सरोकार नहीं है लेकिन दुखद् बात यह है कि विपक्ष को जिम्मेवारी के साथ अपनी भूमिका निभानी चाहिए। यह विपक्ष का दायित्व बनता है कि वह प्रदेश हित में बात करें।

नरेश चौहान ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने तीन साल में जनहित में जो फैसले लिए हैं, विपक्ष को उसके ऊपर आप बात करनी चाहिए। उनको बताना चाहिए कि कौन से फैसले ठीक नहीं लग रहे हैं जो प्रदेश के हित में नहीं है। उसके बारे में वह चिट्ठी लिख सकते हैं। उन्होंने कहा कि जहां तक प्रदेश में आर्थिक संकट की बात है, उसके ऊपर विपक्ष को जिम्मेवारी के साथ बात करनी चाहिए। उन्हें संवाद करना चाहिए कि इस संकट को मिलकर कैसे दूर किया जा सकता है क्योंकि यह संकट प्रदेश की जनता पर है। आपदा के दौरान बहुत नुकसान हुआ है और अगर हमको भारत सरकार से कोई मदद मिलती है तो प्रदेश की जनता के काम आएगी।

उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष बार-बार कहते हैं कि मदद के लिए राज्य सरकार केंद्र का धन्यवाद नहीं करती है। यह अफसोस की बात है कि जो व्यक्ति खुद मुख्यमंत्री रहे हों, वह सब जानते हैं कि ये सारी चीजें एक नियम के तहत आती हैं कि किसी भी राज्य के लिए जो मदद विश्व बैंक, एशियाई डेवलपमेंट बैंक से आती है उसकी एक निर्धारित प्रक्रिया है। भारत सरकार उसकी गारंटी देती है, हम योजनाएं बनाते हैं और मंजूर करते हैं। विपक्ष बताए कि प्रदेश सरकार ने कौन सा नियम बदला और प्रदेश को कौन सा विशेष पैकेज मिला, विशेष सहायता प्रदान की गई। हिमाचल प्रदेश को जो कुछ मिल रहा है वो तय नियमों के अनुसार हो रहा है। इसलिए जो व्यक्ति खुद मुख्यमंत्री रहा हो, वह प्रदेश के लोगों को गलत बयानबाजी कर गुमराह करने की कोशिश कर रहा है। होना यह चाहिए कि पक्ष और विपक्ष मिलकर प्रदेश और प्रदेशवासियों के हितों की ल?ाई लड़े।

नरेश चौहान ने कहा कि आपदा से हुए भारी नुकसान के एवज में हमने जो मदद मांगी वह नहीं मिली है बावजूद इसके कि प्रधानमंत्री हिमाचल दौरे पर आए थे। आपदा का आकलन उनको करना था। भाजपा नेताओं को इस बात पर भी गौर करना चाहिए कि जो 1500 करो? रुपये प्रदेश को मिलने थे उसमें विलंब क्यों हुआ है।

## न्यूज ब्रीफ

### कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, सनवारा ने वर्ल्ड वाइल्ड विज्डम ग्लोबल चैलेंज में मारी-बाजी

**सोलन (यशपाल कपूर)।** कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, सनवारा की क्विज़ टीम के सदस्य गीतांश गुलाटी (कक्षा ?) और दक्ष गिलोरिया ने वर्ल्ड वाइल्ड वि?डम ग्लोबल चैलेंज के ज़ोनल स्तर पर हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और राष्ट्रीय स्तर के लिए क्वालीफाई किया। इस ऑनलाइन प्रतियोगिता में टीम ने पाँचों राउंड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और जम्मू-कश्मीर की टीमों को पछाड़ा। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### भेड़ें चराने बैठे भेड़ पालक से 11 बोतलें शराब बरामद

**रक्कड़।** पुलिस थाना रक्कड़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत कलोहा की गांव सर? मांगली में पुलिस ने गश्त के दौरान एक भे? पालक से 11 बोतलें शराब की बरामद कीं। पुलिस के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पुलिस ने त्रिलोक चंद (58) निवासी धनेटा घोरन तहसील पालमपुर, जोकि भे?ें चराने के लिए सर? मांगली में बैठा था, की तलाशी ली तो उससे 11 बोतलें अंग्रेजी शराब की बरामद कीं। रक्क? थाना प्रभारी संदीप पटियाल ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## डाकघर लघु बचत पुरस्कार राशि से निर्मित परिसंपत्तियों की समीक्षा बैठक आयोजित

अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा

**बिलासपुर 7 नवम्बर।** उपायुक्त कार्यालय बिलासपुर में आज डाकघर लघु बचत योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त पुरस्कार राशि से निर्मित परिसंपत्तियों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय बचत राज्य सलाहकार बोर्ड, हिमाचल प्रदेश, प्रकाश चंद कर? ने की।



इस अवसर पर उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में प्रकाश चंद कर? ने संबंधित अधिकारियों को पुराने किरायों की वसूली के निर्देश दिए तथा डाकघर लघु बचत योजनाओं से जु? पांच उत्कृष्ट अभिकर्ताओं से उनकी समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने उपायुक्त को समय-समय पर लघु बचत अभिकर्ताओं के साथ बैठकें आयोजित करने का भी सुझाव दिया गया ताकि उनकी समस्याओं का समय पर समाधान किया जा सके।

बैठक में उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि डाकघर लघु बचत पुरस्कार राशि से अब तक जुखाला में 9, घुमारवीं में 18, लखनपुर में 3 तथा बिलासपुर शहर में 3 परिसंपत्तियां निर्मित की गई हैं। जिनमें एक कैंटीन, व्यास सदन भवन एवं बचत भवन शामिल हैं। इसके अतिरिक्त घुमारवीं में भी एक बचत भवन निर्मित किया गया है। उपायुक्त ने अवगत करवाया कि डाकघर लघु बचत योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए जिला में विभिन्न स्थानों पर स्थापित एलईडी वीडियोवॉल स्क्रीनों के माध्यम से भी प्रदर्शित किया जा रहा है।

बैठक में परिसंपत्तियों के किराया निर्धारण, समय पर किराया प्राप्ति, पुनर्निर्धारण तथा वार्षिक इकरारनामे से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2024-25 तक की जिला बचत एवं सेवा समिति फंड की आय-व्यय की स्थिति पर भी समीक्षा की गई।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन की ऑनलाइन करें ई-केवाईसी

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**सरकार ने अब मोबाइल एप से शुरू की नई व्यवस्था**

**कुल्लू 7 नवंबर।** जिला कल्याण अधिकारी गिरधारी लाल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन धारकों के लिए पहचान सत्यापन की नई प्रक्रिया शुरू की है। उन सभी लाभार्थियों को ऑनलाइन ई-केवाईसी करवानी होगी। इसके लिए विभाग ने विशेष मोबाइल एप तैयार किया है और - इसका काम प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से किया जा रहा है।

उन्होंने सभी पेंशनधारकों से अपील की है कि वे 15 नवम्बर 2025 तक ई-केवाईसी पूरी कर लें। इसके लिए उन्हें नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र में आधार कार्ड, आयु प्रमाण पत्र जैसे पंचायत सचिव, नगर निगम या स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त प्रमाण पत्र, वोटर कार्ड, दसवीं का प्रमाण पत्र, पैन कार्ड या जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रार का प्रमाण पत्र और बैंक डाकघर पासबुक की प्रति लेकर जाना होगा।

इन दस्तावेजों के आधार पर लाभार्थियों का तुरंत सत्यापन किया जाएगा। इस नई पहल से पेंशन प्रक्रिया में गड़बड़ियों और देरी पर रोक लगेगी। साथ ही बुजुर्गों, विधवाओं और दिव्यांगों को दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से आसानी से पहचान सत्यापन हो जाएगा और उन्हें ई-केवाईसी पूरी होने पर उन्हें पेंशन प्राप्त करने में कोई बाधा नहीं आएगी।

उन्होंने बताया कि जिला में वर्तमान में 55805 लोग सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ ले रहे हैं।

इनमें वृद्धावस्था पेंशन, विधवा और दिव्यांग पेंशनर शामिल हैं। इनमें से काफ़ी लोगों ने अभी तक ई के वाईसी नहीं की है। सरकार इन योजनाओं के तहत पात्र लोगों को हर माह 1000 रुपये से लेकर 1700 रुपये तक की पेंशन देती है।

## सोलन में युवक की संदिग्ध मौत

**सोलन (यशपाल कपूर)।** शहर के चंबाघाट में रहने वाले 26 वर्षीय एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक की पहचान नितिन जेनवाल के रूप में हुई है, जो पिछले कुछ समय से बीमार था और उसका पीजीआई चंडीगढ़ से इलाज चल रहा था।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम को नितिन अपने घर के बाथरूम में गया, जहां वह अचानक बेहोश होकर गिर पड़ा। परिवार के सदस्य उसे तुरंत क्षेत्रीय अस्पताल सोलन ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे ब्रॉट डेड घोषित कर दिया।

अस्पताल से सूचना मिलने पर सदर थाना सोलन की पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। पुलिस ने शव का निरीक्षण किया, लेकिन शरीर पर किसी भी तरह की चोट या खरोंच के निशान नहीं पाए गए। परिजनों ने पुलिस को बताया कि नितिन पेशे से ड्राइवर था, लेकिन पिछले 4-5 महीनों से अपनी बीमारी के कारण घर पर ही रह रहा था और पीजीआई चंडीगढ़ से उसका इलाज चल रहा था।

## जिला रोजगार कार्यालय ऊना में कैम्पस साक्षात्कार 11 को

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** जिला रोजगार कार्याल ऊना में 11 नवम्बर को एक कैम्पस साक्षात्कार का आयोजन किया जा रहा है। इस साक्षात्कार में मैसर्ज जीडीएच इंडस्ट्रीज, मैसर्ज इम्यूनिटेक लाइफसाइंस प्रा. लि. और मैसर्ज देवभूमि गिलास प्राईवेट लिमिटेड भाग लेंगी। जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने बताया कि मैसर्ज जीडीएच इंडस्ट्रीज में हेल्पर के 20 पद भरे जाएंगे। इसके लिए शैक्षणिक योग्यता 8वीं पास, आयु सीमा 18 से 35 वर्ष और मासिक मानदेय 12750 निर्धारित किया गया है।

मैसर्ज इम्यूनिटेक लाइफसाइंस में क्यूए अधिकारी का एक पद जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता बीएससी, एमएससी, बीफॉर्मा व डी फॉर्मा और वेतन 15 ह?ार रूपये निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही, मैसर्ज देवभूमि गिलास प्रा. लि. में सेल? और मार्किटिंग एग्जिक्यूटिव के तीन पद, को-ऑर्डिनेशन का एक पद, स्टोरकिपिंग का एक पद और स्वीपर-कम-हाउसकिपर का एक पद भरा जाएगा। उन्होंने बताया कि स्टोरकिपिंग पद के लिए वेतन 15 से 18 ह?ार रूपये प्रतिमाह रहेगा जबकि अन्य पदों के लिए कंपनी के मानदंडों के अनुसार दिया जाएगा। अक्षय शर्मा ने बताया कि योग्य व इच्छुक आवेदक अपनी योग्यता प्रमाण पत्र, जन्म तिथि, रोजगार पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड, बोनाफाइड, दो पासपोर्ट आकार की फोटो, मूल प्रमाण पत्र एवं बायोडाटा की कॉपी सहित 11 नवम्बर को सुबह 10 बजे जिला रोजगार कार्यालय ऊना में उपस्थित हो सकते हैं।

**कार्यक्रम** — वंदे मातरम् रचना की 150 वीं वर्षगांठ पर मंडी संसदीय क्षेत्र का कार्यक्रम कुल्लू के अटल सदन में आयोजित

## हमारी पीढ़ी के लिए राष्ट्रभक्ति का प्रेरणा स्त्रोत है वंदे मातरम : विपिन

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 7 नवंबर।** वंदे मातरम् रचना की 150 वीं वर्षगांठ पर मंडी संसदीय क्षेत्र का कार्यक्रम जिला कुल्लू के अटल सदन में आयोजित किया गया जिसमें कार्यक्रम के प्रदेश प्रभारी पूर्व मंत्री विपिन परमार, संसदीय क्षेत्र के प्रभारी राकेश जमवाल ने अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज की। विपिन परमार ने कहा कि वंदे मातरम् जैसी महान रचना ना केवल स्वतंत्रता सेनानियों को एकजुट किया था बल्कि उनमें नई ऊर्जा का संचार किया था जिसके कारण आज हम स्वतंत्र भारत में खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 1875 में श्री बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने ÷वंदे मातरम÷ की



रचना की और 1896 में रवींद्र नाथ टैगोर ने इसका सार्वजनिक वाचन किया और देखते ही देखते यह मां भारती के सपूतों के लिए मां के प्रति समर्पण का भाव बन गई। वंदे मातरम् केवल इन शब्दों को सुनते ही स्वतंत्रता सेनानी अपने प्राणों की परवाह किए बिना केवल राष्ट्र प्रथम के भाव को लेकर अपनी जान हथेली पर रख कर कुछ भी करने को तैयार हो जाते थे। केंद्र सरकार द्वारा इस महान रचना की 150 वीं वर्षगांठ मनाने का निर्णय उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि है जिसके लिए पूरा भारत वर्ष केंद्र सरकार को धन्यवाद देता है क्योंकि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं अपितु अखंड भारत की आत्मा है। ÷वंदे मातरम÷ ने क्रांतिकारियों के मनोबल को ऊँचा किया और बाल गंगाधर तिलक, लाला लाजपत राय, सुभाषचंद्र बोस और भगत सिंह जैसे महापुरुषों ने इसे अपने संघर्ष का मंत्र बनाया। इस रचना की अद्भुत शक्ति को देख कर ब्रिटिश शासन ने ÷वंदे मातरम÷ इस नारे को प्रतिबंधित कर दिया क्योंकि यह गीत उनके साम्राज्य की नींव हिलाने वाला बन गया था।

पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत वर्ष को आजाद करने में करोड़ों राष्ट्र भक्तों के बलिदान को कभी नहीं भूला जा सकता और उनमें राष्ट्र प्रेम और राष्ट्र भक्ति को प्रवाहित करने वाली कालजई रचना वंदे मातरम् की 150 वीं वर्षगांठ के कार्यक्रम में शामिल होना ही अपने आप में गर्व और हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का आयोजन केवल आयोजन मात्र नहीं है यह हर भारतीय के लिए राष्ट्र भक्ति, राष्ट्रीय समरसता और अखंड भारत की भावना को जगाने का संदेश है।

कुल्लू जिला अध्यक्ष अमित सूद ने अपने विचार रखते हुए कहा कि वंदे मातरम ऐसे शब्द जिनको सुनने मात्र से आज भी हर भारतीय का सीना गौरव से चौड़ा हो जाता है और साधारण से साधारण व्यक्ति भी राष्ट्र भक्ति से ओत प्रोत होने लगता है, वंदे मातरम् एक ऐसी स्तुति जिसने आजादी के लिए संघर्ष करने वाले लगभग हर सेनानी को एकजुट किया और आजादी के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज उस रचना की 150 वीं वर्षगांठ मनाने का शुभ अवसर हमें मिला है यह हमारे लिए गर्व का विषय है। इस मौके पर विधायक अनिल शर्मा, पूर्व सांसद महेश्वर सिंह, इंद्र गांधी, सुरेंद्र शौरी, लोकेंद्र कुमार, दिलीप ठाकुर, पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर, प्रदेश महामंत्री पायल वैद्य, प्रियंता शर्मा,युवराज बोध, रवि ठाकुर, नरोतम ठाकुर, अखिलेश कपूर, भीमसेन शर्मा,दानवेंद्र सिंह, धनेश्वरी ठाकुर सहित भारतीय जनता पार्टी मंडी संसदीय क्षेत्र के सभी पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।




# स्कूली बच्चों की जान खतरे में, प्राइवेट वाहनों में ठूस ठूस कर भरे होते हैं बच्चे

**आरटीओ ने कहा कि पकड़े गए प्राइवेट वाहन तो होगी सख्त कार्रवाई**

अर्थ प्रकाश/ संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर ।** शहर में दर्जनों प्राइवेट व सरकारी स्कूल है, लेकिन बहुत सारे छोटे बड़े स्कूल ऐसे भी हैं जिनके पास खुद की ट्रांसपोर्ट की सुविधा नही है। जिस कारण स्कूल आने वाले बच्चे प्राइवेट वाहनों से स्कूल आते है। हालांकि अभिभावक अपनी क्षमता अनुसार तीन पहिया या चार पहिया वाहन जैसे छोटा हाथी, वैन, जीप आदि से बच्चों को स्कूल भेजते है। लेकिन यहां परेशानी यह पैदा होती है के यह तीन पहिया व चार पहिया वाहन चालक अपनी मनमर्जी करते हैं और नियमों को ताक पर रख कर कपेसीटी से ज्यादा बच्चे बिठा लेते है। जोकि हादसों को नियोक्ता देता है। इस वाहनों में बच्चों को ठूस ठूस कर जानवरों की तरह भरा होता है। जिस तरफ ना तो प्रसाशन ध्यान दे रहा है और ना ही अभिभावक। जबकि यह हम सबकी जिम्मेवारी बनती है के ऐसा काम करने वाले ऑटो चालकों व जीप चालकों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाना चाहिए। लेकिन इस मुद्दे पर प्रसाशन भी मोन है और अभिभावक भी। जब कोई हादसा स्कूल वैन, ऑटो या जीप से होता है तो फिर सारा कसूर उनका ही निकाला जाता है। जबकि इसके लिए स्कूल टीचर, अभिभावक और प्रसाशन भी जिम्मेवार होता है। जबकि ट्रेफिक पुलिस रोजाना ऐसे वाहनों की चैकिंग की जानी चाहिए।

**लोगों ने जताई चिंता:** इस संबंध में कुछ स्थानीय लोगों की राय ली गई तो उन्होंने भी चिंता जताते हुए कपिल मोहन, राज कुमार, रवी शर्मा, सचिन कुमार, करण बेदी, गुरसेवक सिंह व गुरदयाल सिंह ने बताया के आज कल हरेक परिवार के पास एक या दो ही बच्चे होते हैं। इस लिए कोई हादसा होता है तो परिवार पूरी जिंदगी सदमे से बाहर नही निकल पाता है। इस लिए सबसे पहले जिम्मेवारी स्कूल की बनती है के उनके पास खुद की ट्रांसपोर्ट होनी चाहिए और वाहनों व वाहन चालकों की पूरी जांच पड़ताल व पुलिस वेरिफिकेशन भी होनी चाहिए। वाहन कमरशियल होने चाहिए और आरटीओ से इसकी परमिशन भी होनी चाहिए, ताकि कोई हादसा होता है तो उसके लिए जिम्मेवारी तय की जानी चाहिए। लोगों ने बताया के अभिभावकों को इस तरफ खास ध्यान देना चाहिए बच्चों को प्राइवेट व्हीकलों में भेजने की बजाए स्कूली वाहनों या परमिटीड वाहनों पर ही बच्चों को स्कूल भेजना चाहिए। उन्होंने प्रसाशन से मांग की के इन प्राइवेट वाहनों की जांच होनी चाहिए और नियमों का उलंघन करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त एक्शन लेना चाहिए।

> हम कल से एक मुहिम चलाकर चैकिंग कर लेंगे। किसी भी स्कूल को प्राइवेट व्हीकल इस्तेमाल करने की इजाजत नही है। यदि कोई ऐसा कर रहा है तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
>
> **–राज पाल सिंह सेखों, आरटीओ मोहाली**

# चंडीगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन की कार्यकारिणी के चुनाव 21 नवंबर को

**चंडीगढ़, 7 नवंबर (साजन शर्मा)।** चंडीगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के चुनाव 21 नवंबर 2025 को आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में चंडीगढ़ प्रशासन के जनसंपर्क विभाग ने जानकारी दी है।

इन चुनावों में पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया जाएगा। चुनाव प्रक्रिया भारतीय ओलंपिक संघ के नियमों व चुनाव उपविधियों, चंडीगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के संविधान, राष्ट्रीय खेल विकास संहिता 2011, तथा युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार कराई जाएगी।

चुनाव जिन पदों के लिए होंगे, उनमें शामिल हैं। अध्यक्ष,वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष, मानद सचिव, मानद संयुक्त सचिव, मानद कोषाध्यक्ष, चार सदस्य। चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी ढंग से और स्वीकृत नियमों एवं दिशा-निर्देशों के अनुसार संचालित की जाएगी। चंडीगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के अधिकारियों ने बताया कि चुनाव की विस्तृत समय-सारणी जारी की जाएगी।

# वाचस्पति श्री सुखदर्शन मुनि जी महाराज एवं महादेव मुनि जी महाराज का अर्थप्रकाश भवन में हुआ आगमन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 7 नवम्बर।** ठाणे-2 में संपन्न हुए चातुर्मास की सफल पूर्णाहुति के पश्चात वाचस्पति, समाज सेतु श्री सुखदर्शन मुनि जी महाराज तथा मधुर वक्ता श्री महादेव मुनि जी महाराज का शुक्रवार प्रातः चंडीगढ़ आगमन हुआ। दोनों महान संत लगभग प्रातः 8.30 बजे वीरेंद्र जैन एवं गीतेश जैन के निवास, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर 29 डी, चंडीगढ़ पर पधारे। महाराज श्री का शुक्रवार का प्रवास एवं रात्रि विश्राम भी अर्थ प्रकाश भवन में ही रहेगा। इस शुभ अवसर पर बाद दोपहर श्री नवकार महामंत्र जाप का आयोजन किया गया। आयोजकों वीरेंद्र जैन, सुनीता जैन, गीतेश जैन, शीनू जैन, रूपल जैन एवं समस्त अर्थ प्रकाश परिवार सही अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने पूज्य मुनि श्री के दर्शन, वंदन तथा महामंत्र जाप का लाभ प्राप्त किया और धर्मानंद की अनुभूति की।

**मानेसर जमीन घोटाले में हुड्डा को हाईकोर्ट से झटका**

# सीबीआई कोर्ट में तय किए जाएंगे आरोप

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा को झटका देते हुए मानेसर जमीन घोटाले में सीबीआई की कार्रवाई पर रोक लगाने संबंधी उनकी याचिका को खारिज कर दिया है। अब सीबीआई की विशेष अदालत द्वारा हुड्डा के खिलाफ इस केस में आरोप तय किए जाएंगे। इसके बाद ट्रायल की प्रक्रिया शुरू होगी। पिछली सुनवाई में इस मामले में हाईकोर्ट की तरफ से फैसला आरक्षित रखा गया था। कोर्ट ने यह फैसला शुक्रवार को दिया। सीबीआई इस मामले में कोर्ट में चालान दाखिल कर चुकी है। सीबीआई ने अपनी जांच में कई अनियमितताओं का हवाला देते हुए पूर्व सीएम समेत अन्य आरोपियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मानेसर जमीन घोटाले की जांच का आदेश सुप्रीम कोर्ट ने दिया था। अदालत ने पाया था कि वर्ष 2007 में तत्कालीन हुड्डा सरकार द्वारा अधिग्रहण प्रक्रिया को रद्द करने का फैसला दुर्भावनापूर्ण था और इसे धोखाधड़ी की श्रेणी में माना गया। सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को बिचौलियों द्वारा कमाए गए अनुचित लाभ की जांच करने को कहा था।

सीबीआई ने वर्ष 2015 में इस केस की जांच शुरू की थी और 2018 में हुड्डा समेत 34 लोगों के खिलाफ 80,000 पन्नों का आरोपपत्र दाखिल किया था। सीबीआई ने आरोप लगाया कि सरकारी उद्देश्यों के नाम पर गुरुग्राम जिले के मानेसर और आसपास के गांवों के किसानों से सस्ते दामों पर सैकड़ों एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया गया। बाद में रियल एस्टेट कंपनियों, बिल्डरों और कॉलोनाइजरों को बेहद रियायती दरों पर जमीन के लाइसेंस जारी कर दिए गए। इसी साल जनवरी में सीबीआई ने मामले के शीघ्र निपटारे की मांग करते हुए तर्क दिया था कि वर्षों से आरोपियों के पक्ष में स्थगन आदेश जारी है। हुड्डा ने पंचकूला विशेष सीबीआई अदालत के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें मामले की सुनवाई स्थगित करने की उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी।

विशेष सीबीआई जज पंचकूला ने 19 सितंबर को हुड्डा की वह याचिका खारिज कर दी थी, जिसमें उन्होंने कार्यवाही स्थगित करने की मांग की थी। इसके बाद केस में धोखाधड़ी (धारा 420), जालसाजी (धारा 471), आपराधिक साजिश (धारा 120-बी) और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत आरोप तय करने की प्रक्रिया शुरू की गई थी।

जस्टिस दहिया ने शुक्रवार को कहा कि बीएनएसएस की धारा 346 के तहत कार्यवाही स्थगित करने का कोई आधार नहीं बनता। याचिका में कोई दम नहीं है, इसलिए इसे खारिज किया जाता है। हाईकोर्ट ने साफ कर दिया कि सह-आरोपितों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट की रोक का फायदा भूपेंद्र सिंह हुड्डा नहीं उठा सकते और मानेसर भूमि घोटाला मामले में ट्रायल उनके खिलाफ जारी रहेगा।

**तुम जियो हजारों साल**



**प्रीतम सिंह को उनके जन्मदिन पर परिवार व सगे संबंधियों की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं**
















अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)

# 'वंदे मातरम्' हर भारतीय को मातृभूमि की भावना से जोड़ता है: विजेंद्र गुप्ता

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**नई दिल्ली।** 'वंदे मातरम्' एक ऐसा कालजयी राष्ट्रगीत है जो प्रत्येक भारतीय को मातृभूमि की भावना से जोड़ता है। यह बात दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने 'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ पर आयोजित विशेष समारोह को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर दिल्ली विधानसभा में वंदे मातरम् की पूर्ण रचना अंकित स्मृति पट्टिका का अनावरण किया गया और दिल्ली विधानसभा भवन को तिरंगे के रंगों से आलोकित किया गया, जो भारत की एकता और गौरव का प्रतीक है।

इस दौरान कार्यक्रम में दिल्ली विधानसभा के उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, विधायक संजय गोयल, करनैल सिंह, डॉ. अनिल गोयल और चंदन कुमार चौधरी सहित अनेक विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।

दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली विधानसभा में स्थापित वंदे मातरम् की स्मृति पट्टिका आने वाले प्रत्येक आगंतुक को इस अमर गीत की स्वतंत्रता संग्राम में भूमिका और इसकी प्रेरक शक्ति की याद दिलाएगी। उन्होंने बताया कि बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने 7 नवंबर, 1875 (आश्विन नवमी) के दिन इस गीत की रचना की थी, जब वे ब्रिटिश शासन की यातनाओं और अपमान से व्यथित थे। बाद में यह गीत 'आनंदमठ' (1882) उपन्यास में शामिल हुआ, जिसमें साधुओं ने 'देशभक्ति के धर्म' का परिचय दिया। तीन रूपों में प्रस्तुत भारत माता - देवी स्वरूप, पीड़ित स्वरूप, और पुनरुत्थान की प्रतीक - भारत की दासता से पुनर्जागरण तक की यात्रा को दर्शाती हैं।

विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि वंदे मातरम् भारत के स्वतंत्रता संग्राम का घोष बन गया, जिसे सर्वप्रथम 1896 के कांग्रेस अधिवेशन में रवींद्रनाथ ठाकुर ने गाया। 1905 में बंग-भंग आंदोलन के समय यह गीत समूचे देश में गूंज उठा। उन्होंने कहा कि भगत सिंह की 'भारत माता की जय' की पुकार से लेकर मदाम भीकाजी कामा द्वारा बर्लिन में लहराए गए तिरंगे पर अंकित 'वंदे मातरम्' तक - यह गीत हर देशभक्त के हृदय की प्रेरणा रहा है। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् किसी राजनीति, धर्म या क्षेत्र का नहीं बल्कि यह 140 करोड़ भारतीयों की एकता, गौरव और भावना का प्रतीक है।

विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि दिल्ली विधानसभा भवन को तिरंगे रंगों में प्रकाशित कर इस ऐतिहासिक अवसर को मनाया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों से 'वंदे मातरम् के 150 वर्ष' के वर्षभर चलने वाले उत्सव में सहभागी बनने और इसे एकता व राष्ट्रभक्ति के संकल्प के रूप में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् भारत की शक्ति, साहस और दिव्यता का काव्य रूप है, यह वह अमर गान है जो हमारी आत्मा और राष्ट्र को एक सूत्र में बांधता है।

विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट ने कहा कि वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का क्षण है, जो हमें स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और आदर्शों की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि यह गीत भारत की सांस्कृतिक एकता और कालातीत भावना का प्रतीक है जो हर पीढ़ी को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता है।

कार्यक्रम में साहित्य कला परिषद के कलाकारों द्वारा देशभक्ति गीतों और नृत्य प्रस्तुतियों ने वंदे मातरम् की भावना को सजीव किया। इन मनमोहक प्रस्तुतियों ने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और उस गीत की भावनात्मक शक्ति को उजागर किया जिसने पीढ़ियों को प्रेरणा दी है। इस ऐतिहासिक अवसर पर दिल्ली विधानसभा भवन को तिरंगे के रंगों में प्रकाशित किया गया, जो स्वतंत्रता, गर्व और एकता की भावना का प्रतीक है।

दिल्ली विधानसभा में आयोजित यह उत्सव न केवल बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय की अमर रचना को नमन था, बल्कि उस देशभक्ति की भावना को पुनर्जीवित करने का अवसर भी, जो आज भारत की एकता और प्रगति की दिशा में प्रेरणा स्रोत बनी हुई है। यह आयोजन हमें स्मरण कराता है कि 'वंदे मातरम्' केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की पहचान की जीवित धड़कन है, जो हमारे राष्ट्रीय संकल्प, सांस्कृतिक गौरव और मातृभूमि के प्रति अटूट श्रद्धा का प्रतीक है।

## 'वंदे मातरम्' सिर्फ एक गीत नहीं बल्कि यह देशभक्ति का नारा है : आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री नायडू

अर्थ प्रकाश/ अमरावती। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर शुक्रवार को कहा कि 'वंदे मातरम्' सिर्फ एक गीत नहीं है बल्कि यह एक नारा है जो पीढ़ियों से देशभक्ति की भावना के साथ गूंजता रहा है। नायडू ने वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कहा कि यह गीत आजादी की रैलियों और स्कूल सभाओं में गूंजता रहा है तथा इसने विभिन्न पीढ़ियों के लोगों को राष्ट्र के प्रति गर्व और समर्पण की भावना से प्रेरित किया है। नायडू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, ''वंदे मातरम् गीत को आज 150 साल हो गए। यह सिर्फ एक गीत नहीं बल्कि एक नारा है जो आजादी की रैलियों से लेकर स्कूल सभाओं तक, देशभक्ति से ओतप्रोत जगहों पर गूंजता रहा है और पीढ़ियों को गर्व और भक्ति से प्रेरित करता रहा है।'' उन्होंने कहा कि बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा रचित यह गीत एकता और साहस का गान है जो हमारी मातृभूमि के लिए एक शाश्वत सलामी है।

## आंध्र के मुख्यमंत्री ने महिला क्रिकेटर श्री चरणी को नकद पुरस्कार, जमीन और नौकरी देने की घोषणा की

अर्थ प्रकाश / अमरावती। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 की विजेता टीम की सदस्य एन श्री चरणी को 2.5 करोड़ रुपये नकद पुरस्कार, 1,000 वर्ग फुट का आवासीय भूखण्ड और समूह-प्रथम की नौकरी देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने चरणी को बधाई दी। वह भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज के साथ मुख्यमंत्री के कैंप कार्यालय में मुलाकात के लिए पहुंची थीं। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया, 'मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने महिला विश्व कप विजेता टीम इंडिया (महिला) की सदस्य और तेलुगु खिलाड़ी श्री चरणी के लिए बड़े इनाम की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने उन्हें 2.5 करोड़ रुपये की नकद राशि और कडप्पा में घर बनाने के लिए 1,000 वर्गफुट का भूखण्ड देने का निर्णय लिया है।' नकद पुरस्कार और भूखण्ड के अलावा, मुख्यमंत्री ने उसे समूह प्रथम रैंक की नौकरी देने की भी पेशकश की। चरणी ने मुख्यमंत्री के साथ अपने विश्व कप जीतने के अनुभव को साझा किया। विज्ञप्ति के अनुसार मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम महिला खिलाड़ियों के लिए एक मिसाल बनकर उभरी है। टीम ने रविवार को नवी मुंबई में हुए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर अपनी पहली विश्व कप ट्रॉफी जीती थी।

## राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने आठ को उत्तराखंड गौरव सम्मान से किया सम्मानित




अर्थ प्रकाश/ देहरादून। उत्तराखण्ड राज्य स्थापना के रजत जयंती समारोह के अवसर पर शुक्रवार को पुलिस लाइन, देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रतिभाग किया। राज्यपाल ने इस अवसर पर आयोजित रैतिक परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। राष्ट्रीय गीत ''वंदे मातरम'' के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम गीत से हुई। इस अवसर पर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री द्वारा ''उत्तराखण्ड पुलिस पत्रिका-2025'' का विमोचन व रजत जयंती पदक के प्रतीकात्मक चिन्ह का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में पुलिस विभाग ने विशिष्ट साहसिक प्रदर्शन किया गया, इसमें विशेष रूप से मोटरसाइकिल दल के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने उपस्थित दर्शकों को रोमांचित कर दिया। रजत जयंती समारोह के अवसर पर इस वर्ष का उत्तराखण्ड गौरव सम्मान निशानेबाज पद्श्री जसपाल राणा, उद्यमी एवं समाजसेवी देव रतूड़ी, अभिनेता एवं लेखक स्व. टॉम ऑल्टर, उत्तराखण्ड राज्य आंदोलनकारी स्व. सुशीला बलूनी, चिपको आंदोलन की जननी स्व. गौरा देवी, भूवैज्ञानिक स्व. खड़ग सिंह वल्दिया, वीरांगना स्व. तीलू रौतेली एवं लेखक स्व. शैलेश मटियानी को दिया गया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उनके परिजनों को उत्तराखण्ड गौरव सम्मान-2025 प्रदान किए। इस अवसर पर राज्यपाल ने उत्तराखण्ड राज्य स्थापना के रजत जयंती समारोह की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम उत्तराखण्ड की 25 वर्षों की गौरवशाली यात्रा का उत्सव मना रहे हैं, यह क्षण हमारे लिए खुशी और आत्म-गौरव के पल हैं। राज्यपाल ने सभी अमर शहीदों, आंदोलनकारियों और जन नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिनके बलिदान और संघर्ष से यह राज्य अस्तित्व में आया। राज्यपाल ने कहा कि जैसे स्वदेशी के मंत्र से देश की आजादी को बल मिला, वैसे ही स्वदेशी के मंत्र से देश की समृद्धि भी सुदृढ़ होगी। उन्होंने आह्वान किया कि हम वही वस्तुएं दें जो मेड इन इंडिया हों, जिनमें हमारे युवाओं का श्रम और परिश्रम निहित हो, यही आत्मनिर्भर भारत और आत्मनिर्भर उत्तराखण्ड का सबसे बड़ा मंत्र है। राज्यपाल ने राज्य के युवाओं से आह्वान किया कि वे तकनीक, नवाचार और स्टार्टअप के क्षेत्र में अग्रणी बनें तथा देश-प्रदेश के विकास में योगदान दें। यही वह मार्ग है जो विकसित उत्तराखण्ड, विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले वर्षों में उत्तराखण्ड देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनेगा- जहाँ विकास और प्रकृति, विज्ञान और संस्कृति, आधुनिकता और परंपरा, तकनीक और मानवता साथ-साथ आगे बढ़ेंगी।

## न्यूज ब्रीफ

### झारखंड के सरांदा जंगल में माओवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़

अर्थ प्रकाश/ चाईबासा (झारखंड), 07 नवंबर (वेब वार्ता)। झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले के सरांदा जंगल में माओवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई है। यह जानकारी एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को दी। पश्चिम सिंहभूम के पुलिस अधीक्षक अमित रेनू ने 'भाषा' को बताया कि यह घटना बृहस्पतिवार शाम उस समय हुई जब केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), झारखंड जगुआर और जिला सशस्त्र पुलिस की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। इसी दौरान प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के उग्रवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सुरक्षा बल अब भी जंगल में अभियान चला रहे हैं और वहां से हथियारों तथा विस्फोटकों का जखीरा बरामद किया गया है। उन्होंने कहा कि अभियान दल के लौटने के बाद ही विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी। अनौपचारिक सूत्रों के अनुसार, मुठभेड़ में एक माओवादी के मारे जाने और कुछ अन्य के घायल होने की खबर है।

### 'वंदे मातरम्' के 150 साल पूरे होने के जश्न में शामिल हुए खांडू, इसे 'पवित्र स्तुति गीत' बताया

अर्थ प्रकाश/ ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर शुक्रवार को आयोजित राष्ट्रव्यापी समारोह में बड़ी संख्या में आए लोगों के साथ शामिल हुए और कहा कि इस समारोह का हिस्सा बनकर वह गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने इसे एक 'पवित्र स्तुति गीत' बताया जिसने अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों के दिलों को झकझोरा। मुख्यमंत्री सीमावर्ती जिले तवांग में आयोजित समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर वंदे मातरम् की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, देशभक्तिपूर्ण प्रदर्शन और उन स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी गई जिन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान इस गीत से शक्ति प्राप्त की। खांडू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''तवांग में वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर आयोजित राष्ट्रव्यापी समारोह का हिस्सा बनकर गर्व महसूस हो रहा है। वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं है बल्कि एक पवित्र स्तुति गीत है जिसने अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों के दिलों को झकझोर दिया, यह हमारी मातृभूमि के प्रति समर्पण का एक शाश्वत आह्वान है और एक भावपूर्ण प्रार्थना है जो हर पीढ़ी में भारत के प्रति प्रेम जगाती रहती है।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि 1875 में बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित 'वंदे मातरम्' भारत के स्वतंत्रता आंदोलन का एक ऐसा गीत बन गया जिसने प्रत्येक भारतीय के हृदय में देशभक्ति की अलख जगाई। उन्होंने कहा, ''जैसा कि हम इस गीत के 150 गौरवशाली वर्ष का जश्न मना रहे हैं, हम उन कालातीत शब्दों को श्रद्धांजलि देते हैं जिन्होंने एक राष्ट्र को एकजुट किया और जो आगामी पीढ़ियों को मां भारती से प्रेम करने एवं उनकी सेवा करने के लिए प्रेरित करते रहेंगे।'' उन्होंने गीत में निहित एकता और बलिदान के संदेश का उल्लेख करते हुए कहा, ''इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नयी दिल्ली से 'राष्ट्रव्यापी वंदे मातरम् ऐट 150' समारोह का औपचारिक आरंभ किया और इसे ''प्रत्येक भारतीय के लिए सामूहिक गौरव का क्षण'' बताया। राष्ट्रव्यापी स्मरणोत्सव कार्यक्रम में संगीतमय श्रद्धांजलि, स्कूल और कॉलेज के कार्यक्रम, प्रदर्शनियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल हैं जो युगों से इस गीत के ऐतिहासिक महत्व और प्रभाव को उजागर करते हैं।

### 'वंदे मातरम्' एकता और मातृभूमि के प्रति समर्पण की भावना जागृत करता है: मणिपुर के राज्यपाल

अर्थ प्रकाश-इंफाल । मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् लोगों में एकता और देश के प्रति समर्पण की भावना जागृत करता है। भल्ला ने सभी से देशभक्ति और राष्ट्रीय सद्भाव के शाश्वत आदर्शों को बनाए रखने का आह्वान किया। राजभवन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मणिपुर के राज्यपाल वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने का जश्न राष्ट्र के साथ मिलकर मना रहे हैं, यह ''अमर गीत है जो हमारी मातृभूमि के लिए स्वतंत्रता, एकता और समर्पण की भावना को जागृत करता है। यह गीत बंगाली उपन्यासकार बंकिम चंद्र चटर्जी ने सात नवंबर 1875 को अक्षय नवमी पर लिखा था। पूर्व मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने भी राष्ट्रीय गीत के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। सिंह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''इस ऐतिहासिक दिन हम अपने हृदयस्पर्शी राष्ट्रीय गीत, वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। मां, मैं आपको नमन करता हूं, यह गान पूरे देश में गुंजाएमान हो।''

### 'वंदे मातरम्' भारत की एकता का शाश्वत प्रतीक है : सिक्किम के मुख्यमंत्री तमांग

अर्थ प्रकाश/ गंगटोक। सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने शुक्रवार को कहा कि 'वंदे मातरम्' एक पवित्र गीत है जो भारत के स्वतंत्रता आंदोलन का प्रतीक है। तमांग ने इसे देश की एकता, शक्ति तथा गर्व का शाश्वत प्रतीक बताया। तमांग ने कहा कि यह गीत बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा अक्षय नवमी के अवसर पर लिखा गया था, जो वर्ष 1875 में सात नवंबर को पड़ी थी। मुख्यमंत्री ने फेसबुक पर जारी एक संदेश में कहा, ''जब हम 'वंदे मातरम्' के 150 गौरवशाली वर्षों का स्मरण कर रहे हैं, हम उस पवित्र गीत को नमन करते हैं जिसने हमारे राष्ट्र की आत्मा को जागृत किया।'' उन्होंने कहा, '''वंदे मातरम्' की प्रेरणादायक पंक्तियां भारत के स्वतंत्रता संग्राम की धड़कन बनीं और देश की एकता, शक्ति एवं गौरव का शाश्वत प्रतीक बन गईं।'' तमांग ने सभी नागरिकों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुक्रवार को आरंभ किए गए 'वंदे मातरम्' के वर्षभर चलने वाले राष्ट्रव्यापी समारोह में सहभागी बनने की अपील की। उन्होंने कहा, ''मेरी कामना है कि 'वंदे मातरम्' की अमर भावना हमें समर्पण, साहस और प्रेम के साथ अपनी मातृभूमि की सेवा करने के लिए प्रेरित करती रहे।''

### तमिलनाडु के मंदिर ने सोने से बनी छिपकली गायब होने से किया इनकार

अर्थ प्रकाश/ चेन्नई। चेन्नई से सटे कांचीपुरम स्थित प्राचीन श्री वरदराज पेरुमल मंदिर के प्रबंधन ने शुक्रवार को इस बात से इनकार किया कि मंदिर के अंदर छत पर उकेरी गई सोने और चांदी से बनीं छिपकलियां गायब हो गई हैं। चेन्नई से लगभग 79 किलोमीटर दूर स्थित यह प्रसिद्ध वैष्णव मंदिर हजारों श्रद्धालुओं को आकर्षित करता है और मंदिर की यात्रा सोने और चांदी की छिपकलियों को छुए बिना अधूरी मानी जाती हैं।

## गोलू पहलवान के अखाड़े के पहलवान राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिताओं के लिए चयनित- जसपूरन मुल्लांपुर न्यू - चंडीगढ़ के अलावा अन्य पहलवान भी प्रतियोगिता में शामिल होंगे

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जे. के. बत्ता न्यू - चंडीगढ़**



अखाड़ा मुल्लांपुर गरीबदास के पहलवानों का चयन अगले साल दिसंबर में गुजरात के अहमदाबाद में होने वाली राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए हुआ है। इस संबंध में जानकारी देते हुए अखाड़ा मुल्लांपुर गरीबदास न्यू - चंडीगढ़ के संचालक श्री विनोद शर्मा उर्फ गोलू पहलवान ने बताया कि हाल ही में पंजाब ओलंपिक संघ और भारतीय कुश्ती महासंघ द्वारा मान्यता प्राप्त पंजाब कुश्ती संघ द्वारा मालवा कुश्ती अखाड़ा भगता भाई का, बठिंडा में सीनियर पंजाब राज्य बालक एवं बालिका फ्रीस्टाइल राज्य चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था। जिसमें 57 किलोग्राम से 125 किलोग्राम भार वर्ग तक फ्रीस्टाइल प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। जिसमें अखाड़ा मुल्लांपुर गरीबदास न्यू - चंडीगढ़ के पहलवानों ने भी भाग लिया। जिसमें इस अखाड़े के प्रसिद्ध पहलवान जस पूरन मुल्लांपुर और नूर मुल्लांपुर ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए अगले महीने गुजरात के अहमदाबाद में होने वाली 2025 सीनियर नेशनल एसोसिएशन एंड चैंपियनशिप के लिए चयन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में जसपूरन का चयन 125 किलोग्राम वर्ग और नूर मुल्लांपुर का चयन 97 किलोग्राम वर्ग के लिए हुआ है। उन्होंने बताया कि यह कुश्ती प्रतियोगिता 12 दिसंबर से 14 दिसंबर तक गुजरात के अहमदाबाद में होने जा रही है। उन्होंने बताया कि इस अखाड़े के पहलवानों ने इसके लिए अभ्यास शुरू कर दिया है। इस अवसर पर क्षेत्र की प्रसिद्ध हस्तियों ने अखाड़े के पहलवानों को राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिताओं में चयन होने पर बधाई दी। इस अवसर पर प्रमुख समाजसेवी एवं खेल प्रमोटर तथा दास एसोसिएट्स के संचालक श्री रवि शर्मा ने कहा कि अब अखाड़े के पहलवान ओलंपिक पदक से ज्यादा दूर नहीं हैं, जल्द ही अखाड़े का कोई पहलवान हमारे परिवार का यह सपना जरूर पूरा करेगा। उन्होंने अन्य पहलवानों को भी कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उनके अलावा सितार मोहम्मद, हैप्पी महरोली, कुलतार पहलवान, गौरव शर्मा पंच, लाल सिंह पंच व अन्य गणमान्य लोगों ने पहलवानों को बधाई दी तथा उनकी सफलता की कामना की।

## वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर भाजपा पंजाब मुख्यालय में गूंजा राष्ट्रगान, वंदे मातरम सिर्फ एक गीत नहीं, एक एहसास है - एडवोकेट एन के वर्मा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जे के बत्ता न्यू- चंडीगढ़**



भारत के राष्ट्रगान 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भाजपा 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ मनाएगी। भाजपा पंजाब मुख्यालय में आज एक भव्य और देशभक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भाजपा पंजाब लीगल सेल के तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा उपप्रधान श्री सुभाष शर्मा, भाजपा लीगल सेल संयोजक एडवोकेट श्री एन. के. वर्मा, प्रवक्ता श्री चेतन जोशी, वरिष्ठ नेता राणा रणजीत सिंह गिल, मंडल अध्यक्ष मोहित कुमार, नयागांव मंडल प्रधान जोगिंदर पाल गुज्जर, महासचिव नरेश कुमार नाडा, एससी मोर्चा मोहाली अध्यक्ष प्रमोद कुमार, भूपिंदर सिंह भूपी, पूर्व पार्षद नयागांव सुरेंद्र बब्बल सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे। इस अवसर पर एडवोकेट एन. के. वर्मा ने कहा कि ÷वंदे मातरम÷ केवल एक गीत नहीं है, बल्कि यह वह भावना है जिसने स्वतंत्रता आंदोलन में लाखों देशभक्तों के हृदय में देशभक्ति की ज्योति प्रज्वलित की। उन्होंने कहा कि इस गीत की रचना महान देशभक्त एवं कवि बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने 1875 में की थी और बाद में इसे उनके प्रसिद्ध उपन्यास आनंदमठ (1882) में शामिल किया गया। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम को पहली बार गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने 1896 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में सार्वजनिक रूप से गाया था और तब से यह गीत भारत की आत्मा और गौरव का प्रतीक बन गया है। इस अवसर पर बोलते हुए श्री चेतन जोशी ने भी कहा कि वंदे मातरम केवल एक राष्ट्रगान ही नहीं, बल्कि भारत की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह गीत प्रत्येक भारतीय के हृदय में देश के प्रति प्रेम और समर्पण का संचार करता है। इसके बाद, राणा रणजीत सिंह गिल ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा रहा 'वंदे मातरम' अब नवभारत के संकल्प का प्रतीक बनेगा। यह केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा का अमर उद्घोष है जिसने देश को गुलामी की बेड़ियों से मुक्त होने के लिए प्रेरित किया। यह केवल मातृभूमि की स्तुति ही नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति समर्पण, त्याग और बलिदान की भावना भी है। यह गीत हमें याद दिलाता है कि हमारा राष्ट्र केवल सीमाओं से नहीं, बल्कि साझी संस्कृति, भावनाओं और कर्तव्यबोध से निर्मित होता है। राष्ट्रगान 'वंदे मातरम' केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा की आवाज़ है। यही वह आवाज़ है जिसने गुलामी की जंजीरों में जकड़े भारत को आज़ादी की राह दिखाई। जब भी देश पर कोई संकट आया, यह गीत प्रत्येक भारतीय के हृदय में नई ऊर्जा, साहस और एकता का संचार करता रहा। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम के सामूहिक गायन के साथ हुआ, जब देशभक्ति की भावनाओं से ओतप्रोत पूरा सभागार भारत माता के जयकारों से गूंज उठा।

## आचार्य श्री ने फूलबाग मैदान बन रही अयोध्या नगरी का निरीक्षण किया। 11 से होगा पंचकल्याणक कार्यक्रम

आचार्यश्री ने पंचकल्याणक महोत्सव के लिए गोपाचल के पार्श्वनाथ से किया देवी-देवताओं का आह्वान

पंचकल्याणक जिनप्रभावना बाइक रैली कल निकलेगी, रैली पूरे शहर में घूमेगी।

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ग्वालियर** - फूलबाग मैदान अयोध्या नगरी में 11 से 16 नवंबर छह दिन चलने वाले श्री चौबीसी जिनबिम्ब पंचकल्याणक महोत्सव के लिए आज शुक्रवार को सुबह भक्तों के साथ आचार्य श्री सुबल सागर महाराज और मुनिराज ससंघ ने फूलबाग स्थित दिगंबर जैन सिद्धक्षेत्र गोपाचल पर्वत पर पहुंचकर विराजित भगवान पार्श्वनाथ बाबा सहित क्षेत्र के देवी देवताओं को शामिल होने का आह्वान किया। ग्वालियर के इतिहास में प्रथम बार 11 से 16 नवंबर तक श्री चौबीसी पंचकल्याणक जिनबिम्ब प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए किया गया।

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि आचार्य श्री सुबल सागर महाराज और मुनिराजों के मंगल सानिध्य में जैन सिद्धक्षेत्र गोपाचल पर्वत पर विराजित 42 फुट ऊंची पद्मासन भगवान पार्श्वनाथ का भक्तों ने जयकारों के साथ अभिषेक व शांतिधारा की। वहीं आचार्य श्री ससंघ और आयोजन समिति के अध्यक्ष मनोज जैन, सचिव बालचंद्र जैन, स्वागत अध्यक्ष पदमचंद जैन, वीरेंद्र बाबा, डॉ मुकेश जैन, विकाश जैन, इंजी, राजमल जैन, पवन जैन पत्रकार, प्रमोद जैन, कमलेश जैन ओर आप ओर हम टीम के साथ अनुष्ठान के मुख्य पात्रों ने हाथों में श्री फल लेकर पंचकल्याणक महोत्सव के लिए भगवान पार्श्वनाथ से भक्ति रूप प्रार्थना कर क्षेत्र के रक्षक देवी देवताओं का अनुष्ठान के लिया लिया आह्वान किया। वही सुबह आचार्य श्री सुबल सागर महाराज ससंघ आयोजन समिति के साथ फूलबाग मैदान अयोध्या नगरी की तैयारियों का निरक्षण किया। महोत्सव में अनुष्ठान होने वाले मंच की तैयारी के साथ आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पंडाल में बैठने व्यवस्था ओर भोजन अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

**पंचकल्याणक का शुभारंभ 11 को शोभायात्रा के साथ होगा।**

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि आचार्य श्री सुबल सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य एवं समन्यक जैन मिलन ग्वालियर के तत्वावधान में 11 नवंबर मंगलवार को सुबह 7:00 बजे से नई सड़क स्थित चंपाबाग धर्मशाला से मंगल कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में तीन स्थानीय बैंड पार्टियां, ढोल ताशे, श्रीजी के तीन रथ, हाथी, घोड़े, इंद्र को सुशोभित करती 25 घोड़े की बगिया, डीजे, महिला संगठनों द्वारा डांडिया गरबा की विशेष प्रस्तुतियां होगी। शोभायात्रा नई सड़क से शुरू होकर गस्त का ताजिया, फालका बाजार, शिंदे की छावनी, डीडी मॉल के सामने से होते हुए कार्यक्रम स्थल अयोध्या नगरी फूलबाग मैदान पहुंचेगी। जहां ध्वजारोहण, मंडप उद्घाटन कार्यक्रम होगे।



**पंचकल्याणक जीनप्रभावना बाइक रैली 9 को, पूरे शहर में घूमेगी**

पंचकल्याणक जिनशासन प्रभावना बाइक रैली 9 नवंबर को निकलेगी। यह पूरे शहर में भ्रमण करेगी। युवा जैन मिलन नेमीनाथ और जैन एकता मंच के द्वारा रविवार सुबह 10 बजे से महावीर स्वामी कीर्ति स्तंभ, ओल्ड हाईकोर्ट से रैली प्रारंभ की जाएगी।रैली के समन्वयक रवि जैन, प्रदीप जैन के मुताबिक यह फूलबाग, किलागेट, हजीरा, मुरार, थाटीपुर, फूलबाग, इंदरगंज, दाल बाजार, कंपू, रॉक्सी, बाडा, दानाओली से चंपाबाग बगीची पहुंचकर समाप्त होगी